माघ शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


शनिवार, 24 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 7, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु 16

जंगली पोकर के अपने टाइप के लोग कैम्पेन में अनिल 15




# जिनके अपने होश ठिकाने नहीं, वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में इंडी गठबंधन पर जमकर बोला हमला

## करखियांव में किया 13 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

- बनास काशी संकुल समारोह को संबोधित करते मोदी ने कहा काशी का अपमान युवा नहीं भूलेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी



**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में स्थानीय भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन को सीधे निशाने पर रखा।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को बनास काशी संकुल के उद्घाटन समारोह और पूर्वांचल के लिए 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार का कहना है कि काशी के नौजवान नशेड़ी हैं। मोदी को गाली देते-देते दो दशक बिता दिए, अब ये लोग यहां के नौजवानों पर भड़ास निकाल रहे हैं। बोले कि जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि काशी और उप्र.का नौजवान विकसित यूपी बनाने में जुटा है। अपना भविष्य बनाने में लगा हुआ है। उप्र. के युवा कांग्रेस और इंडी गठबंधन द्वारा किया गया अपमान कभी नहीं भूलेंगे। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर हमलावर होते हुए कहा कि परिवारवादी हमेशा युवा शक्ति और मेधा से डरते हैं। उन्हें लगता है कि सामान्य युवा को अवसर मिला तो वह हर जगह चुनौती देगा। इन्हें वही पसंद आते हैं जो दिन रात इनकी जय-जयकार करते रहें। राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनके गुस्से और बौखलाहट का एक और कारण यह है कि इन्हें काशी और अयोध्या का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा है। ये राममंदिर को लेकर कैसी-कैसी बातों से हमला करते हैं। मुझे नहीं पता था कि कांग्रेस को श्रीराम से इतनी नफरत है। ये अपने परिवार और वोट बैंक से बाहर कुछ सोच ही नहीं पाते। जब चुनाव आता है तो ये लोग साथ आते हैं।

### इहां सब गुरू ह, गठबंधन क पैंतरा ना चली

**वाराणसी।** मोदी ने भोजपुरी में इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि 'ई बनारस हव, इहां सब गुरू ह। इहां इंडी गठबंधन क पैंतरा ना चली। बनारस नाहीं पूरे यूपी के पता हव कि माल वही है पैकिंग नई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। भाषण की शुरुआत भोजपुरी में करते हुए मोदी ने कहा कि काशी की धरती पर आज एक बार फिर आवे क मौका मिलल हव। जब तक बनारस नाही आइत तब तक हमार मन नाहीं मानेला। 10 साल पहिले आप लोग हमके बनारस क सांसद बनइला, अब 10 साल में बनारस हमके बनारसी बना देलस।

### पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को मिलेगी गति

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री ने वाराणसी में जिन 13 हजार करोड़ से ज्यादा की 45 परियोजनाओं की शुरुआत की उनसे, पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को गति मिलेगी। इसमें रेल, रोड, एयरपोर्ट, पशुपालन, उद्योग, खेल, कौशल विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, अध्यात्म, पर्यटन, एलपीजी गैस जैसे अनेक क्षेत्रों से जुड़े कार्य हैं। रोजगार के नए अवसर बनेंगे। संत रविदास की जन्मस्थली से जुड़ी अनेक परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है।

### जो कभी नहीं हुआ, मोदी ने वह कर दिखाया: योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, काशी को प्रधानमंत्री द्वारा 45 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी गई। जो कभी नहीं हुआ, वह पीएम ने कर दिखाया। योगी ने अंगवस्त्र व कामधेनु की मूर्ति देकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने जीआई उत्पादों के पांच कारीगरों जमालुद्दीन अंसारी, श्रीकांत मिश्र, सत्या सिंह, अमृता सिंह और सिद्धार्थ मौर्य को अधिकृत उपयोगकर्ता का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

# खनौरी जाने से रोकने पर किसानों ने किया पथराव, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

## प्रदर्शनकारियों ने मनाया काला दिवस, भाजपा नेताओं के पुतले फूंके

हिसार/अमृतसर, एजेंसी

पुलिस ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा की ओर बढ़ रहे किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसूगैस के गोले दागे और लाठी चार्ज भी किया। विरोध में किसानों की ओर से भी पथराव किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिसार-नारनौंद रोड पर ये किसान खेरी चोपटा गांव से खनौरी सीमा जा रहे थे, उसी दौरान पुलिस ने उन पर आंसूगैस के गोले दागे। किसान पिछले कुछ दिनों से पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं। वे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के 'दिल्ली चलो' आह्वान पर वहां इकट्ठा हुए हैं।

दूसरी ओर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शुक्रवार को काला दिवस मनाया और राज्य की सीमा पर दो जगह डेरा डाले प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई के विरोध में भाजपा के नेताओं के पुतले फूंके। हरियाणा पुलिस और पंजाब के किसानों के बीच हिंसा में मारे गए किसान शुभकरण सिंह के प्रति शोक व्यक्त करने के लिए एसकेएम ने काला दिवस मनाने का आह्वान किया था। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) ने पंजाब के 17 जिलों में 47 स्थानों पर प्रदर्शन किया और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंके। अमृतसर में, किसानों ने मुख्य प्रवेश बिंदु न्यू गोल्डन गेट पर भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का पुतला फूंका। होशियारपुर जिले में भी प्रदर्शन किया गया, किसानों ने केंद्र और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### मारे गए किसान के परिवार को एक करोड़ देगी पंजाब सरकार

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खनौरी सीमा पर मारे गए किसान शुभकरण सिंह के परिवार को मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपये और उसकी बहन को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में बुधवार को झड़प में बठिंडा के किसान सिंह (21) की मौत हो गई थी और 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। मान ने पंजाबी भाषा में एक पोस्ट में कहा कि दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। किसान नेता सिंह के मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने की भी मांग की थी।

### प्राथमिकी दर्ज होने तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे

**चंडीगढ़।** किसान नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि मारे गए शुभकरण सिंह का अंतिम संस्कार तब तक नहीं किया जाएगा जब तक पंजाब सरकार घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करती। पटियाला में किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने जोर दिया था कि मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन अब अधिकारियों ने बताया कि यह संभव नहीं है। पंधेर ने कहा कि हमने (शुभकरण के) परिवार से कहा कि इसमें दो दिन या 10 दिन लगे। हमारे लिए पैसे महत्वपूर्ण नहीं है। प्राथमिकी दर्ज करन के बाद ही अंतिम संस्कार होगा।

### किसान नेताओं पर रासुका लगाने का फैसला वापस

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि वह किसान आंदोलन का हिस्सा रहे कुछ किसान नेताओं के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के प्रावधानों को लागू करने के अपने फैसले को वापस ले रही है। इससे एक दिन पहले अंबाला पुलिस ने एक बयान जारी कर कहा था कि वह कानून व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 की धारा 2(3) के तहत प्रदर्शनकारी किसान संगठनों के पदाधिकारियों को हिरासत में लेने की प्रक्रिया शुरू कर रही है। शुक्रवार को आईजी (अंबाला रेंज) सिबाश कबीराज ने कहा कि अंबाला जिले के कुछ किसान यूनियन नेताओं पर रासुका लागू करने के मामले पर पुनर्विचार किया गया है, अब इसे लागू नहीं किया जाएगा।

## एक नजर

### लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का निधन



**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री जोशी (86) को दिल का दौरा पड़ने के बाद 21 फरवरी को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने शुक्रवार तड़के अंतिम सांस ली। मनोहर जोशी अविभाजित शिवसेना से राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता थे। वे 1995 से 1999 तक मुख्यमंत्री रहे। जोशी संसद सदस्य भी चुने गए थे, वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 2002 से 2004 तक लोकसभा अध्यक्ष रहे। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### सुहानी के परिजनों को आमिर ने बंधाया ढांढस

**फरीदाबाद।** फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर की मौत के बाद अभिनेता आमिर खान ने गुरुवार को यहां उनके परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की। सुहानी भटनागर (19) की 16 फरवरी को मौत हो गई थी। सुहानी के करीबी रिश्तेदार नवनीत भटनागर ने बताया कि आमिर खान गुरुवार शाम छह बजे फरीदाबाद स्थित सुहानी के घर पहुंचे।

### खतरनाक रसायन बनाने वाली इकाइयों का करें सर्वे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने अलीपुर अग्निकांड के मद्देनजर दिल्ली सरकार और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किया है। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि आयोग ने दिल्ली सरकार को खतरनाक रसायनों और अन्य ज्वलनशील पदार्थ बनाने वाली और कारखाना अधिनियम के अनुसार सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन किए बिना अवैध रूप से संचालित सभी औद्योगिक इकाइयों का सर्वेक्षण करने और छह सप्ताह में एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

# सरकारी विभागों में 10 साल से कार्यरत दैनिक-संविदा कर्मचारी होंगे नियमित

- हाईकोर्ट ने विभिन्न याचिकाओं को निस्तारित करते हुए सरकार को दिया आदेश

विधि संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने सरकारी विभागों में दैनिक वेतन, संविदा पर 10 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कर्मचारियों के विनियमितीकरण के लिए सरकार की ओर से वर्ष 2013 में बनाई गई नियमावली को चुनौती देती याचिकाओं को निस्तारित करते हुए 4 दिसंबर 2018 से पूर्व जिन दैनिक वेतन,तदर्थ व संविदा कर्मियों को नियमित नियुक्ति दी गई है, उनको नियमित ठहराया है जबकि शेष कर्मचारियों को 2013 की नियमावली के अनुसार 10 साल सेवा दैनिक वेतन, संविदा में पूरी होने के बाद ही नियमित करने को कहा है ।

हाईकोर्ट ने सरकार की 31 दिसंबर 2013 की नियमावली के क्रियान्वयन पर 4 दिसंबर 2018 में रोक लगाते हुए सरकारी विभागों, निगमों, परिषदों और अन्य सरकारी उपक्रमों में कार्यरत दैनिक कर्मचारियों के नियमितीकरण पर रोक लगा दी थी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी व न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की खंडपीठ ने सौड़ बगड़ (जिला नैनीताल) निवासी नरेंद्र सिंह बिष्ट, हल्द्वानी के हिमांशु जोशी व अन्य की याचिका पर सुनवाई की।

याचिकाकर्ताओं के अनुसार निगमों, विभागों, परिषदों और अन्य सरकारी उपक्रमों में बिना किसी चयन प्रक्रिया के कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जा रहा है। जिससे उनका हित प्रभावित हो रहा है। इस मामले में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा उमा देवी बनाम कर्नाटक राज्य मामले में दिए निर्देशों के क्रम में 2011 में कर्मचारी नियमितीकरण नियमावली बनाई। जिसके तहत 10 वर्ष या उससे अधिक समय से दैनिक वेतन, तदर्थ, संविदा कर्मियों को नियमित करने का फैसला लिया। राज्य गठन के बाद बने नए विभागों में दैनिक वेतन, तदर्थ, संविदा में कार्यरत कर्मचारी इस नियमावली में नहीं आ सके जिस पर सरकार ने 31 दिसंबर 2013 को एक नई नियमावली जारी की। इस नियमावली में कहा गया था कि दिसंबर 2008 में जो कर्मचारी 5 साल या उससे अधिक की सेवा पूरी कर चुके हैं उन्हें नियमित किया जाएगा । जबकि कई याचिकाकर्ताओं ने इसे 5 साल के बजाय 10 साल करने की मांग की थी । इसे सरकार ने बाद में 10 साल कर दिया था। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने निर्णय दिया कि 4 दिसंबर 2018 से पूर्व जिन कार्मिकों का नियमितीकरण किया जा चुका है उन्हें नियमित माना जाए व अन्य को दस वर्ष की दैनिक वेतन के रूप में सेवा करने की बाध्यता के आधार पर नियमित किया जा सकता है ।

मुश्किलों के बाद आकाश को मिली मंजिल ... देखें खेल पेज


Exclusivity got a whole lot inclusive.
Flat 30% off on all articles
across all our 3 stores: Bara Bazaar & Mall Rd, Nainital & Haldwani
Only this weekend: Feb 23, 24, 25, 2024
Ram Lal & Bros
NAINITAL * HALDWANI
ESTD 1901
RLB
impeccable elegance
966 777 9451
mail@ramlalandbros.com
www.ramlalandbros.com

# चारधाम यात्रा दुर्घटना मुक्त होनी चाहिए, तैयारी करें विभाग



**देहरादून।** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चारधाम यात्रा को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए दो माह के भीतर यात्रा रूट पर जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने शुक्रवार को सचिवालय में विभिन्न विभागों के सचिवों के साथ चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने यात्रियों की सुविधाओं के लिए ऑनलाइन यात्रा रजिस्ट्रेशन को प्रोत्साहन देने, वीआईपी दर्शन के कारण जनसामान्य को किसी तरह की परेशानी नहीं होने के निर्देश दिए। यात्रा रूट में दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि रूट पर क्रश बैरियर लगाए जाएं और पुलिस एवं परिवहन की संयुक्त टीम पिछले वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं में हुई मौतों का डेथ ऑडिट करें। यात्रा को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए हर हाल में 15 अप्रैल तक सड़कों की मरम्मत, पैच वर्क किए जाए।

### इनामी आतंकी गिरफ्तार 10 साल से थी तलाश

**जयपुर।** राजस्थान के गैंगस्टर रोधी कार्यबल ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त रहे आतंकी मोहम्मद मेराजुद्दीन (31) को पकड़ा है। एटीएस की टीम को 10 साल से उसकी तलाश थी और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी है। यह जानकारी अतिरिक्त डीजी अपराध दिनेश एमएन ने दी।

# गौरव योजना से होगा छात्रों-युवाओं का कौशल विकास

## मुख्यमंत्री धामी ने की उच्च शिक्षा विभाग की योजना की शुरुआत

ब्यूरो, देहरादून



मुख्यमंत्री के साथ उच्च शिक्षा मंत्री, कृषि मंत्री व एनएसई टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्य सेवक सदन सभागार में छात्रों एवं युवाओं के कौशल विकास के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की गौरव योजना और मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना एवं शोध अनुदान वितरण का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से उच्च शिक्षा में शोध को एक नई दिशा मिलेगी। उच्च शिक्षण संस्थाओं का गुणात्मक विकास होगा और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। राज्य में शोध को बढ़ावा देने के लिए शोध प्रोत्साहन शुरू किया गया है। इससे निश्चित रूप से उच्च गुणवत्ता के शोध से संबंधित व्यक्ति और संस्थान की पहचान स्थापित होगी बल्कि मानवता के लिए नए अवसरों और विकल्पों की तलाश होगी। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के मुंबई रोड शो के दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ हुआ समझौता एक गेमचेंजर साबित होने जा रहा है। इससे बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में बढ़ रही संभावनाओं का सही उपयोग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान शेयर बाजार में निवेश की लालसा बढ़ती जा रही है, परंतु इसमें निवेश से पहले वित्तीय विश्लेषण और गहन समझ अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस संदर्भ में एनएसई के सहयोग से युवाओं को तराशने में मदद मिलेगी। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचारी प्रयास हो रहे हैं, जो राज्य को एक मॉडल राज्य के रूप में स्थापित कर रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना की शुरूआत की जा रही है। इस अवसर पर चयनित 44 शोध प्रस्तावों को 3.66 करोड़ की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसकी पहली किस्त 1.83 करोड़ कीराशि सीधे डीबीटी से हस्तांतरित की गई। वहीं, उच्च शिक्षा विभाग और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ गौरव योजना के लिए एमओयू भी साइन किया गया।

इस दौरान उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगौली, एमडी एवं सीईओ एनएसई आशीष चौहान, पूर्ण कालिक सदस्य सेबी कमलेश चन्द्र वार्ष्णेय ने भी संबोधन किया।

# आशाओं को दें न्यूनतम वेतन व कर्मचारी का दर्जा

## आशा हेल्थ वर्कर्स ने बुद्धपार्क में किया प्रदर्शन, सीएम को भेजा ज्ञापन, राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी



हल्द्वानी के बुद्ध पार्क में प्रदर्शन करतीं आशा कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** विभिन्न मांगों को लेकर आशा हेल्थ वर्कर्स ने बुद्धपार्क में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में जल्द मांगों का समाधान न होने पर राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी।

शुक्रवार को उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन से जुड़ी आशाओं ने सीएमओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कहा कि आशाओं को गर्भवतियों व नवजात शिशु की सेवा के अलावा सभी काम करने पड़ रहे हैं, लेकिन सरकार न्यूनतम वेतन तक देने को तैयार नहीं है। विभिन्न मदों में मिलने वाला पैसा छह-छह माह तक नहीं मिल रहा है।

उनपर काम का बोझ लगातार बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने ज्ञापन में माध्यम से मासिक मानदेय नियत करने, न्यूनतम वेतन, सरकारी कर्मचारी का दर्जा व सेवानिवृत्त होने पर पेंशन देने, उनके लिए आजीवन पेंशन का प्रावधान करने, विभिन्न पदों में मिलने वाली धनराशि हर माह देने तथा ट्रेनिंग व पल्स पोलियो अभियान के दौरान 500 रुपये का भुगतान करने की मांग की। कहा अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो उन्हें उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

प्रदर्शन करने वालों में अध्यक्ष रिंकी जोशी, रेनू घुघुत्याल, रीना बाना, सुनीता महरा, प्रीति रावत, सरोज रावत, आनंद देवी, चंपा मेहरा, राजकुमार, जाहिद बानो, माया टंडन, गंगा बिष्ट, चंद्रेश, रेनू बिष्ट समेत कई आशा वर्कर्स शामिल रहीं।

### समान कार्य समान वेतन की मांग को लेकर प्रदर्शन

**नैनीताल।** लंबे समय से समान कार्य समान वेतन समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रही आशा कार्यकत्रियों ने शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन भेजा। आशा कार्यकत्रियों का कहना है कि सरकार ने आशा कार्यकत्रियों को गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु के स्वास्थ्य कार्यों के साथ–साथ अन्य विभाग के सभी अभियानों और सर्वे में लगा दिया है। लेकिन सरकार आशाओं को न्यूनतम वेतन तक देने को तैयार नहीं है। आशाओं को उनके काम के अनुरूप पैसा न मिलने से आशा कार्यकर्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आशा कार्यकत्रियों ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो प्रदेश भर में आशा कार्यकत्रियां उग्र आंदोलन करेंगी। इस दौरान कमला कुंजवाल, निर्मल चंद्र, प्रेम अधिकारी, शांति आर्य, उषा आर्य, चंद्र सती आदि मौजूद रहीं।



नैनीताल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करतीं आशा कार्यकत्रियां।

### हल्द्वानी में दिन में गर्मी, रात को ठिठुरन

**हल्द्वानी :** पहाड़ों में हुई बर्फबारी के बाद मैदानी इलाकों में भी मौसम बदल रहा है। दिन में तो चटक धूप निकल रही है लेकिन रात को फिर से तापमान में भारी गिरावट आ रही है। गुरुवार को कुमाऊं मंडल में ऊंचाई वाले इलाकों जैसे जागेश्वर, धौलीछीना, अल्मोड़ा आदि में बर्फबारी हुई। इसके अलावा हिमालय क्षेत्रों में भी जमकर बर्फबारी हुई।

हल्द्वानी में दिन के समय चटक धूप निकल रही है। अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री दर्ज किया गया है और न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार मैदानी इलाकों में आने वाले दिनों में मौसम साफ रहेगा। हालांकि अगले कुछ दिनों न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहेगा।

### मुक्तेश्वर में पारा माइनस डिग्री

**हल्द्वानी।** पहाड़ों में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 10 डिग्री और न्यूनतम तापमान माइनस 0.7 डिग्री रहा। इसके अलावा कुमाऊं के अन्य पर्वतीय इलाकों में भी जमकर ठंड पड़ रही है।



भीमताल में सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते कर्मचारी।

## राजकीयकरण को लेकर सांकेतिक धरना दिया

**संवाददाता, भीमताल**

**अमृतविचार :** पेयजल विभाग का राजकीयकरण किए जाने के संबंध में जल निगम जल संस्थान संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में भीमताल में सांकेतिक धरना दिया गया। इस दौरान शाखा अध्यक्ष ध्यान सिंह, सचिव राकेश कुमार साह, शाखा अध्यक्ष ध्यान सिंह, महेश बृजवासी, महेश चंद्र, दीप लता, मनोहर लाल, दीपक सिंह, गिरीश चंद्र, राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए चुने आइकन

**हल्द्वानी :** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए अभियान में कई आइकनों को शामिल किया गया है, जिसमें बरेली रोड निवासी दिव्यांग व सामाजिक कार्यकर्ता अरूण कुमार, पैरा ओलंपिक खिलाड़ी भुवन गुणवंत, कटघरिया निवासी दिव्यांग व स्वैच्छिक संस्था प्रबंधक जीवन चंद्र जोशी, एसओएस संस्थान, भीमताल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनोज जोशी आदि शामिल हैं। इनका चयन समाज कल्याण विभाग की संस्तुति पर किया गया है।

## सार-संक्षेप

### छोटा कैलाश में शिवरात्रि मेले के आयोजन को लेकर बैठक आज

**भीमताल :** पिनरौ विकासखंड में स्थित छोटा कैलाश में आयोजित होने वाले शिवरात्रि मेले की तैयारी को लेकर विकास भवन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया की अध्यक्षता में बैठक 24 फरवरी सुबह 11 से होगी। इस संबंध में अपर मुख्य अधिकारी ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखकर तैयारी के संदर्भ में आयोजित बैठक में प्रतिभा करने को कहा है।

### उच्च गुणवत्ता वाले शोध के लिए प्रेरित किया

**नैनीताल।** कुलपति प्रोफेसर डीएस रावत ने शुक्रवार को नैनीताल के डीएसबी परिसर में कला विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए शोध छात्रों के साथ संवाद करते हुए उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले शोध के लिए प्रेरित किया। कुलपति डीएस रावत ने शोध क्षेत्र में अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि शोध और विकास के क्षेत्र में उत्कृष्टता की अर्जित करने की आवश्यकता है। हमें नए और नवाचारी विचारों को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि हम समस्याओं का समाधान कर सकें।

### रानीबाग में ग्रामीणों को दी जानकारी



रानीबाग में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**भीमताल :** राज्य सेवा विधिक प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत रानीबाग के जनमिलन केंद्र पट्टी चोपड़ा में ग्राम वासियों को बच्चों को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान प्रधान कलावती थापा, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य महेश भंडारी, पटवारी शिवसिंह चौहान, एडीओ पंचायत कैलाश गोस्वामी उपस्थित रहे।

### नशे में अधेड़ ने गटका कीटनाशक, हालत बिगड़ी

**नैनीताल।** मल्लीताल के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में एक अधेड़ ने शराब के नशे में कीटनाशक गटक लिया। हालत बिगड़ी तो परिजन अधेड़ को अस्पताल ले आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अधेड़ को भर्ती कर लिया गया है। मल्लीताल के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र निवासी भीम सिंह ने शराब का सेवन किया था। शराब के ज्यादा सेवन के कारण वह बहुत नशे में था। इस दौरान उसने खेतों में कृषि कार्यों में उपयोग में लाए जाने वाला कीटनाशक गटक लिया। कुछ देर के बाद जब उसकी हालत बिगड़ी तो उसकी पत्नी ने देखा। पत्नी ने अन्य परिजनों को सूचित किया। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि उपचार के लिए मरीज को भर्ती किया गया है अब मरीज खतरे से बाहर है।

### वरिष्ठ समाजसेवी शर्मा का निधन

**लालकुआं।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं नगर पंचायत के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। 72 वर्षीय सत्यनारायण शर्मा के निधन पर नगर वासियों ने उनके आवास पहुंच कर शोकाकुल परिवार को शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। यहां वार्ड नंबर चार निवासी लालकुआं नगर पंचायत के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने लंबी बीमारी के बाद अपने आवास पर प्रात: अंतिम सांस ली। शुक्रवार को शोक स्वरूप नगर के व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। अपराह्न 3 बजे बाद उनकी शव यात्रा निकाली गई और यहां मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर क्षेत्रीय विधायक डॉ मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पवन चौहान, रामबाबू मिश्रा, कैलाश चंद्र पंत, लाल चंद्र सिंह शोक जताया।

## नैनीताल में हो रही पर्यटकों की कमी चिंताजनक : टंडन

**संवाददाता, नैनीताल**



प्रेस वार्ता करते मां नयना देवी व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नए साल से नगर में पर्यटकों की आमद में आ रही कमी को लेकर शुक्रवार को मां नयना देवी व्यापार मंडल अध्यक्ष पुनीत टंडन ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन के गलत संदेशों के चलते इस बार नए साल से ही नगर में पर्यटकों की कमी से स्थानीय व्यापारी काफी परेशान हैं।

वही बर्फबारी नहीं होने व बनभूलपुरा घटना तथा किसान आंदोलन के चलते स्थानीय व्यापारियों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। अब बनभूलपुरा घटना सामान्य हो चुकी है तो ऐसे में प्रशासन को एक सकारात्मक संदेश जारी करना चाहिये और आने वाले सीजन को लेकर अभी से तैयारी कर लेनी चाहिए। अन्यथा नैनीताल से धीरे-धीरे पर्यटन गायब हो जाएगा। पुनीत टंडन ने कहा कि एसएमई व एमएसएमई के तहत अगर व्यापारी 45 दिन में भुगतान नहीं कर पाता है तो उसको 9 से 10 प्रतिशत तक जुर्माना देने का प्रावधान रखा गया है।

इसके चलते व्यापारी के पास भुगतान को लेकर लगातार दबाव बन रहा है। ऐसे में व्यापारी अपने माल को वापस करने पर मजबूर हो गए हैं। अगर ऐसा ही रहा तो व्यापारियों के साथ-साथ इससे सरकारी राजस्व भी प्रभावित होगा। इसलिए पहाड़ों की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए इसको खत्म कर किया जाए। इस दौरान शिव शंकर मजूमदार, तरुण कांडपाल, सुमित खन्ना, विश्वदीप टम्टा, विकास जयसवाल आदि मौजूद रहे।

## आबादी के बीच में सीवर छोड़ने से लोगों में आक्रोश

▸▸ **अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग**

**संवाददाता भीमताल**

**अमृत विचार :** भीमताल के वार्ड संख्या छह में एक व्यक्ति द्वारा अपने भवन का सीवर आबादी के बीच में छोड़ देने से स्थानीय निवासियों में नाराजगी है।

इस संदर्भ में स्थानीय निवासियों का शिष्टमंडल निवर्तमान सभासद बंटी आर्या से मिला और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। बंटी आर्या ने बताया कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ पूर्व में नगर पंचायत द्वारा दो बार चालानी कार्रवाई की गई है।

पर आरोपी द्वारा अब तक अपने भवन में सीवर के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि जिस स्थान पर सीवर कई समय से छोड़ा जा रहा है। वह जून स्टेट को जाने वाला सार्वजनिक मार्ग है और व्यस्त मार्ग पर है। निवर्तमान सभासद को ज्ञापन देकर क्षेत्र के निवासी नगर पंचायत पहुंचे और नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी को प्रेषित ज्ञापन कार्यालय में दिया।



जून स्टेट में छोड़ा जा रहा सीवर।

इस दौरान अवगत कराया कि गंदा पानी सीधे झील में समा रहा है। ज्ञापन देने वालों में निवर्तमान सभासद बंटी आर्या, राजकमल, प्रमोद कुमार, सूरज बोरा संजीव कुमार आदि शामिल रहे।

### बीडी पांडे अस्पताल में छह महीने में 700 से ज्यादा सर्जरी

**नैनीताल।** बीडी पांडे अस्पताल में तैनात सर्जन डॉक्टरों ने बीते छह माह में 700 से ज्यादा लोगों की सफल सर्जरी की है। बता दें कि रोजाना लगभग 500 मरीज बीडी पांडे अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचते हैं। इसमें कई मरीज सर्जरी कराने भी यहां पहुंचते हैं। आंकड़ों की मानें तो बीडी पांडे अस्पताल में बीते छह महीनों में अब तक 723 मरीजों की सफल सर्जरी की जा चुकी है। इसमें 172 मेजर व 331 माइनर सर्जरी की गई हैं। इसके साथ ही 200 आंखों की सर्जरी की गई हैं। बीडी पांडे अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को इलाज देने की कोशिश की जाती है।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

## स्वीप प्रोग्राम के तहत रक्तदान शिविर लगाया

**संवाददाता भीमताल**

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप प्रोग्राम के अंतर्गत भीमताल के बिरला संस्थान में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सीडीओ अशोक पांडे ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सुशीला तिवारी चिकित्सालय और मेहता चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन भी हुआ। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ललित पांडे मौजूद रहे। संस्थान के निदेशक प्रो. बीके सिंह के साथ अध्यापकों एवं छात्रों ने रक्तदान किया।



शिविर में रक्तदान करते लोग।

इस दौरान निदेशक बीके सिंह, नितिन छिम्वाल, अभय शर्मा, संदेश त्रिपाठी, कौशल भट्ट आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने महिलाओं को दी साइबर ठगी से बचने की जानकारी

**नैनीताल।** नैनीताल में पुलिस की ओर से समूह की महिलाओं को साइबर ठगी की जानकारी दी गई। सोशल मीडिया में भी सावधानियां बरतने की बात कही।

शुक्रवार को कोतवाली पुलिस की ओर से मल्लीताल पुराना घोड़ा स्टैंड में समूह की महिलाओं के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान महिलाओं को साइबर अपराध व सोशल मीडिया के सही संचालन की जानकारी दी। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि दिन प्रतिदिन साइबर अपराध आनलाइन ठगी की घटनाएं सामने आ रही हैं। साथ ही सोशल मीडिया के जरिए ठग महिलाओं को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे में महिलाओं को विशेष ध्यान देने की आवश्यक्ता है।

**कार्रवाई** | डीएसए व अन्य चार पार्किंग के बेस प्राइस में 10 प्रतिशत की कटौती, बीते वर्ष एक करोड़ 90 लाख में हुआ था टेंडर

# लेक ब्रिज चुंगी दो करोड़ 16 लाख रुपये में उमेश के नाम



निविदा प्रक्रिया में शामिल अधिकारी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** लेक ब्रिज चुंगी व अन्य चार पार्किंगों की शुक्रवार को निविदा खोली गई।

इसमें लेक ब्रिज चुंगी के लिए उमेश चंद्र मिश्रा द्वारा दो करोड़ 16 लाख 11 हजार एक सौ 11 रुपये का टेंडर डाला गया था जबकि नवीन अग्रवाल द्वारा दो करोड़ 15 लाख 61 हजार का टेंडर डाला गया था। जबकि पालिका ने लेक ब्रिज चुंगी का बेस प्राइज दो करोड़ 15 लाख रखा गया था।

ऐसे में अगले एक साल के लिए उमेश चंद्र मिश्रा को लेक ब्रिज चुंगी का संचालन दिया गया है। जबकि बीते वर्ष लेक ब्रिज का ठेका एक करोड़ 90 लाख में दिया गया था। इससे पालिका को इस वर्ष करीब 16 लाख का अधिक मुनाफा हुआ है।

### डीएसए व अन्य चार पार्किंगों के लिए नहीं आए कोई आवेदन

डीएसए व शहर की अन्य चार पार्किंगों के लिए कोई आवेदन नहीं आने से दुबारा निविदा प्रक्रिया शुरू की गई है। जल्द ही दुबारा से पार्किंगों के टेंडर खोले जाएंगे। अशोक पार्किंग का बेस प्राइज 25 लाख रुपये रखा गया है। वहीं डीएसए पार्किंग एक करोड़ चालीस लाख, व अन्य चार छोटी पार्किंगों का 55 लाख रुपये बेस प्राइज रखा गया है। ठेकेदार से कब्जे में लेने के बाद पहली बार ओपन टेंडर के लिए रखी गई अशोक पार्किंग की निविदा 27 फरवरी को खोली जानी है।

### चार पार्किंग के बेस प्राइस में 10 प्रतिशत की कटौती

अधिशासी अधिकारी (आईएएस) राहुल आनंद ने बताया कि आवेदन नहीं आने के चलते डीएसए पार्किंग में की गई 10% की बढ़ोतरी को काम करते हुए पार्किंग का बेस प्राइज 1 करोड़ 27 लाख किया गया है वहीं अन्य चार पार्किंगों के बेस प्राइस में भी 10% की बढ़ोतरी को कम करते हुए 55 लाख से 47 लाख कर दिया गया है और आने वाले 2 मार्च को निविदा खोली जाएगी।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/– रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

## एक नजर


### बीईओ धारी ने जीजीआईसी में दर्ज किए बयान

**हल्द्वानी :** जीजीआईसी हल्द्वानी की एक शिक्षिका वंदना चौधरी और हल्द्वानी विकासखंड के एक शिक्षा अधिकारी के बीच चल रहे विवाद की जांच के लिए एक टीम शुक्रवार को विद्यालय में पहुंची। यहां स्टाफ और शिक्षिकाओं के बयान दर्ज हुए। साथ ही संबंधित शिक्षा को 26 फरवरी को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है। सीईओ की ओर से पूर्व में प्रकरण की जांच के लिए कमेटी गठित की गई थी। समिति में शामिल खंड शिक्षा अधिकारी धारी अंशुल बिष्ट ने बताया कि अब तक 30 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। मामले में शिक्षिका के बयान दर्ज कर जल्द ही रिपोर्ट मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी को दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि यह एक पुराना विवाद है, जिसमें पूर्व में ही जांच बैठा दी गई थी।

**तहसील प्रशासन के वसूली के लिए छूटे पसीने, शुक्रवार को मलिक का साइटेशन काटा गया, मलिक की अचल संपत्ति और बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही**

# अब्दुल मलिक का घर नजूल भूमि पर तो शिक्षण संस्थाएं ट्रस्ट के नाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक की आरसी तो काट दी गई है लेकिन प्रशासन के लिए वसूली करना उतना ही मुश्किल हो रहा है जितना पुलिस के लिए मलिक को पकड़ना है। अब प्रशासन वसूली के लिए मलिक की अचल संपत्ति और बैंक खातों की जानकारी जुटा रहा है।

नगर निगम ने बीती 8 फरवरी को कंपनी बाग, बनभूलपुरा में हुए बवाल में अब्दुल मलिक को मुख्य आरोपी मानते हुए नगर निगम की जेसीबी, वाहनों व अन्य उपकरणों की क्षतिपूर्ति के लिए 2.44 करोड़ की आरसी काटी थी। जिला प्रशासन ने इसकी संस्तुति करते हुए तहसील को भेजी। बीते गुरुवार को आरसी हल्द्वानी तहसील पहुंच गई। शुक्रवार को साइटेशन काट दिया गया।

वहीं, तहसील प्रशासन ने वसूली के लिए चल-अचल संपत्ति की जांच शुरू की। पुलिस पूर्व में ही अब्दुल मलिक की चल संपत्ति कुर्क कर चुकी है, इसलिए तहसील प्रशासन ने अचल संपत्ति कुर्की की योजना बनाई। जब उसकी संपत्ति की जांच की गई तो तहसील प्रशासन के अधिकारी दंग रह गए। उसकी आजाद नगर लाइन नंबर-8 स्थित आलीशान कोठी भी नजूल भूमि पर बनी हुई है। इस भूमि को फ्रीहोल्ड नहीं कराया गया है। मलिक के जितने भी शिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं, सभी मरियम ट्रस्ट के नाम से संचालित हो रहे हैं। मलिक के नाम कोई भी वैध अचल संपत्ति नहीं मिल सकी है। ऐसे में प्रशासन को समझ नहीं आ रहा है कि मलिक से वसूली कैसे की जाए। अब प्रशासन मलिक की चल-अचल संपत्तियों, बैंक खातों की जानकारी लेने में जुट गया है। यदि कोई वैध संपत्ति, बैंक खाते मिलते हैं तो वसूली की जाएगी।

इधर, शुक्रवार को तहसील में साइटेशन काटने के बाद आरसी तामील कराने के लिए अमीन मलिक के लाइन नंबर-8 स्थित मकान पहुंचे लेकिन वह नहीं मिला। सूत्रों की मानें तो नियमानुसार 7 दिन की मोहलत दी जाती है यदि फिर भी संबंधित व्यक्ति नहीं मिलता है तो नोटिस चस्पा किया जाता है।

**बोले अधिकारी**



अब्दुल मलिक का साइटेशन काट दिया गया है। तहसील प्रशासन मलिक की चल अचल संपत्तियों का ब्योरा जुटा रहा है। संपत्तियों के मिलने के बाद ही वसूली की कार्रवाई की जाएगी।
**-परितोष वर्मा**, एसडीएम हल्द्वानी



अब्दुल मलिक का घर। ● अमृत विचार

# बनभूलपुरा में रुपये बांटने वाले सलमान का एनजीओ होगा सीज

**रुपये दान करने वाले भी होंगे चिन्हित, वीडियो जारी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हैदराबाद निवासी एक एनजीओ संचालक पर पुलिस ने कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। सलमान खान की हैदराबाद से आकर बनभूलपुरा में रुपये बांटते हुए वीडियो वायरल हुई थी। वीडियो में वह आपत्तिजनक बातें बोलता हुआ भी नजर आ रहा है। सलमान का बैंक खाता और एनजीओ सीज करने की कार्रवाई शुरू हो गई है।

हैदराबाद निवासी सलमान खान बनभूलपुरा पहुंचा। उसने अपने हल्द्वानी आगमन पर भी सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट की थी। बनभूलपुरा पहुंचने पर उसने लोगों को बैग में रखे रुपये बांटना शुरू कर दिए। इससे जुड़ी वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित की गईं। 20 फरवरी को पुलिस ने सलमान को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। हालांकि कुछ ही घंटे बाद उसे छोड़ दिया गया। सलमान की ओर से जारी किए गए वीडियो में दंगाइयों का समर्थन किया जा रहा है। साथ ही तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर पोस्ट की गईं हैं। साथ ही उन वीडियो पर कमेंट भी काफी आपत्तिजनक किए गए हैं। वीडियो को इस तरह से बनाया गया है जिसमें पुलिस और प्रशासन को घटना के लिए दोषी बताया जा रहा है और कई जगह तथ्यों को दूसरी तरह से पेश करके दंगाइयों को ही पीड़ित बताया जा रहा है।




**पुलिस ने शुरू कर दी सख्ती**

**हल्द्वानी :** पुलिस ने मामले में सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि सलमान 'हैदराबाद यूथ करेज' नाम से एनजीओ चलाता है। इस एनजीओ का बैंक खाता सीज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही जिन-जिन लोगों ने एनजीओ के खाते में रकम भेजी है उन सभी को ट्रेस कर चिन्हित किया जा रहा है। वहीं, एनजीओ का रजिस्ट्रेशन नंबर भी सीज करने की कार्रवाई भी की जाएगी। बताया कि बैंक और आयकर विभाग को भी मामले में पत्र भेजकर रिपोर्ट दे दी गई है। इसके बाद से आयकर व अन्य विभागों ने भी जांच शुरू कर दी है।

**खुद को मसीहा के तौर पर पेश कर रहा सलमान**

हल्द्वानी। सलमान खान ने बनभूलपुरा प्रकरण को लेकर सोशल मीडिया पर जो पोस्ट डाली हैं, उसमें वह स्वयं को मसीहा के तौर पर प्रस्तुत कर रहा है। उसके वीडियो में कहीं भी हिंसा को गलत नहीं बताया गया है बल्कि पुलिस और प्रशासन को ही दोषी बताया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कर्फ्यू के बाद अब बनभूलपुरा समेत पूरे शहर में शांति है। ऐसे में डर है कि सलमान खान जैसे लोगों के कृत्य शहर का माहौल फिर से बिगाड़ सकते हैं।

बनभूलपुरा में रुपये बांटने वाले सलमान खान पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करके लोगों से पुलिस ने अपील की है कि इस तरह के एनजीओ को किसी भी तरह का दान न दें।
**-पीएन मीणा**, एसएसपी, नैनीताल

## डंपर ने स्कूल वैन को मारी टक्कर

**रामनगर:** जस्सागांजा गांव की दिशा से स्कूली बच्चों को लेकर आ रही स्कूल वैन को डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही बस में सवार बच्चों में चीख पुकार मच गई। मगर वैन चालक की सूझबूझ से हादसा होने से बच गया। बताया जा रहा है कि स्कूल वैन कृष्ण ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल की है।

दुर्घटना में सभी बच्चे सुरक्षित बताए जा रहे हैं। स्कूल समय पर हुई दुर्घटना को प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा माना जा रहा है। बता दें कि स्कूल समय पर खनिज से भरे वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग ग्रामीण लंबे समय से करते आ रहे हैं।

# पत्नी की कुंडली खंगालना शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सरकारी जमीन को फर्जी तरीके से कब्जा करने और उसे बेचने के मामले में मलिक परिवार पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। बनभूलपुरा हिंसा का मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक की पत्नी साफिया मलिक भी अब मामले में नामजद है। साफिया भी घर पर मौजूद नहीं है। पुलिस मलिक दंपत्ति के सारे रिकॉर्ड खंगाल रही है।

अब्दुल मलिक और उसकी पत्नी साफिया मलिक के खिलाफ गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी सहित तमाम धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज की थी। इन दोनों के अलावा मामले में चार अन्य लोग भी नामजद किए गए हैं। शुरूआती जांच में पुलिस को पता चला कि मृत व्यक्ति के नाम से फर्जी दस्तावेज लगाकर मलिक का बगीचा पर कब्जा किया गया था। यहां तक की उसी मृत व्यक्ति के नाम से बने दस्तावेजों के साथ कोर्ट में याचिका दाखिल करने के आरोपों की जांच अब पुलिस कर रही है। बनभूलपुरा कांड के आरोपियों की कुंडली जैसे-जैसे पुलिस खंगाल रही है, उनकी अकूत संपत्ति के पीछे काले कारनामों का भी पता चल रहा है। पुलिस ने अब साफिया मलिक की अन्य संपत्तियों की भी जांच शुरू कर सकती है। अंदेशा जताया जा रहा है कि वांछित अब्दुल मलिक बेनामी तरीके से पत्नी के नाम पर भी संपत्ति एकत्र कर सकता है। इस पहलू को लेकर भी जांच की जा रही है। इसके साथ ही मलिक की पत्नी का रिकॉर्ड भी खंगाला जा सकता है।

**अब्दुल मलिक अब भी फरार**

पुलिस ने बनभूलपुरा कांड के नामजद आरोपियों में से ज्यादातर को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक अभी भी फरार है। शुक्रवार को घटना के 16 दिन हो गए हैं। अंदेशा तो यहां उठ रहा है कि मलिक पुलिस से बचने के लिए विदेश भाग गया होगा।

# कर्फ्यू के बाद बनभूलपुरा में हुई जुमे की नमाज

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बनभूलपुरा में कर्फ्यू खत्म होने के बाद शुक्रवार को नमाज हुई। स्थानीय लोगों ने मस्जिदों में नमाज पढ़ी। इस दौरान पुलिस भी मौजूद रही।

आठ फरवरी को हल्द्वानी में हुई हिंसा के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया था। मंगलवार को बनभूलपुरा से कर्फ्यू हटाया गया। उसके बाद शुक्रवार को नमाज पढ़ी गई। नूरी मस्जिद, गफ्फारी मस्जिद, जामा मस्जिद, लाल मस्जिद, बड़ी मस्जिद, मस्जिद चिराग अली शाह बाबा, अंसरान मस्जिद आदि में नमाज पढ़ी गई।

**जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद के बाहर तैनात रही पुलिस**

**नैनीताल :** हल्द्वानी में बीते दिनों अतिक्रमण हटाने के दौरान हुई हिंसा का असर नैनीताल में अब भी देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को नमाज के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। बीते दिनों हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने के दौरान भड़की हिंसा के बाद नैनीताल में पुलिस अब भी चौकन्नी नजर आ रही है। इधर शुक्रवार को भी नैनीताल में भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस नजर रखती नजर आई। वहीं दोपहर में नमाज के दौरान मल्लीताल मस्जिद में भीड़ शुरू होने लगी तो सुरक्षा के तहत पुलिस मस्जिद के बाहर तैनात हो गई। वहीं पुलिस की ओर से शहर में भी गश्त कर नजर रखी गई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि नैनीताल में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जुम्मे की नमाज के दौरान मस्जिद के समीप मौजूद रही।

# भू-माफियाओं के अवैध कब्जे हटाना प्राथमिकता




नगर आयुक्त विशाल मिश्रा का स्वागत करते कर्मचारी।

संवाददाता हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नगर आयुक्त आईएएस विशाल मिश्रा ने शुक्रवार को पदभार संभाल लिया है। उन्होंने अवैध अतिक्रमण को को हटाना अपनी प्राथमिकता बताया और साथ ही शहर में सफाई व्यवस्था, मार्ग प्रकाश, कर संग्रहण को और मजबूत करने के निर्देश दिए।

हल्द्वानी नगर आयुक्त के रूप में विशाल मिश्रा पहले दिन नगर निगम पहुंचे। नगर निगम सभागार में उन्होंने निगम अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में सफाई व्यवस्था को उच्चतम स्तर पर ले जाना है। जिससे स्वच्छता सर्वे में हल्द्वानी नगर निगम की रैंकिंग में और भी सुधार हो। कहा कि बैंणी सेना ने अब तक अच्छा काम करके दिखाया है।

बैंणी सेना को और मजबूत करें। कहा कि स्ट्रीट लाइटें अगर खराब हैं तो उन्हें जल्द ठीक करने का प्रयास किया जाए।

अधिकारियों को निर्देश दिए कि कर संग्रहण में तेजी लाएं जिससे निगम की आय बढ़े और विकास कार्यों को करने में धन का अभाव न रहे। उन्होंने भू-माफियाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा। आगे भी अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

**सिंगल यूज प्लास्टिक की होगी रिसाइक्लिंग**

**हल्द्वानी :** नगर आयुक्त मिश्रा ने कहा कि नगर कार्यालय में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। साथ ही प्लास्टिक रिसाइक्लिंग के लिए मशीन लगाई जाएगी।

**दुर्घटना के आरोपी ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज**

**हल्द्वानी :** कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना के आरोपी एक ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बरेली रोड स्थित गौजाजाली निवासी रेखा देवी ने पुलिस को बताया कि 18 फरवरी की रात करीब 11 बजे उनका बेटा यश आर्या बाइक से घर लौट रहा था। धानमिल रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में यश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को की गंभीर हालत होने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# खनन करते समय कोसी में ट्रैक्टर पलटा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** वन विभाग की लाख कोशिशों के बाद भी खनन माफिया उपखनिज की निकासी अवैध रूप से करने से बाज नहीं आ रहे हैं। नदी में उपखनिज का चुगान कर प्रतिदिन रेता बजरी चोर रास्तो से निकलने की शिकायत ग्रामीण करते हैं फिर भी महकमा कोई कार्रवाई नहीं करता।

शुक्रवार को कोसी नदी में डंपर के अंदर माल भरने के दौरान फोर बाई फोर ट्रैक्टर पलट गया। सूत्र बताते है दुर्घटना में चालक को गंभीर चोट आई है। बताते चलें कि नदी में फोर बाई फोर ट्रैक्टर ले जाना प्रतिबंधित है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय चालक ट्रैक्टर के नीचे आ गया। परंतु ट्रैक्टर का वह हिस्सा जमीन से थोड़ा उठा होने के कारण मजदूरों ने चालक को खींचकर बाहर निकाल लिया। उधर प्रभागीय वनाधिकारी प्रकाश चंद्र आर्य ने कहा कि नदी में फोर बाई फोर ट्रैक्टर ले जाना प्रतिबंधित है। कालू सैयद क्षेत्र में ट्रैक्टर पलटने की जानकारी अभी मिली है। क्षेत्र के वन क्षेत्राधिकारी को मामले की पड़ताल किए जाने के निर्देश दिए हैं। कालू सैयद गेट पर अवैध खनन रोकने के लिए रेंजर को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए जा रहे हैं। अवैधानिक कार्य करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**हादसा**

- डीएफओ बोले-जांच कराई जाएगी, कार्रवाई होगी
- ट्रैक्टर चालक घायल, फोर बाई फोर ट्रैक्टर प्रतिबंधित है



नदी में पलटा फोर बाई फोर ट्रैक्टर। ● अमृत विचार

# हल्दूचौड़ के प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन तय

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की हल्दूचौड़ नगर इकाई के चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया हुई। जिसमें 9 पदों पर 7 प्रत्याशियों ने अलग-अलग पदों पर एक-एक नामांकन किया।

चुनाव के लिए राजेंद्र सिंह राणा ने अध्यक्ष, कमल किशोर ने महामंत्री, विशाल वर्मा ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भुवन चंद्र गरवाल ने कोषाध्यक्ष, हरीश चंद्र मिश्रा ने संयुक्त महामंत्री, दिनेश सिंह बिष्ट ने संगठन मंत्री, राकेश भट्ट ने प्रचार मंत्री पद पर नामांकन किया। वहीं महिला उपाध्यक्ष एवं महिला सचिव पद पर किसी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं कराया। इससे सभी प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय है। शनिवार (आज) को नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत सभी प्रत्याशियों की निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी जाएगी। नामांकन मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र गोस्वामी, जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल सिंह गंगोला, सहायक निर्वाचन अधिकारी बहादुर सिंह बिष्ट, कृष्णानंद जोशी, जिला संयुक्त महामंत्री कौशलेंद्र भट्ट, कार्यकारी युवा जिलाध्यक्ष पंकज उप्रेती, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र बोरा की देखरेख में संपन्न हुआ। आज निर्विरोध निर्वाचन के बाद सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाणपत्र दिए जाएंगे।

**कार्रवाई** | **जिला पंचायत बोर्ड बैठक में सदस्यों ने उठाया सवाल, किया जमकर हंगामा, नक्शा पास करने वाले जेई से मांगा जाएगा स्पष्टीकरण, होगी कार्रवाई**

# बिना सदस्यों की अनुमति के नक्शा पास क्यों?

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला पंचायत बोर्ड बैठक में सदस्यों ने बिना उनकी अनुमति के नक्शा पास करने पर जमकर हंगामा किया। उन्होंने बोर्ड के सामने संबंधित जेई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। साथ ही अब तक पास हुए सभी नक्शों की जांच की मांग उठाई।

शुक्रवार को सर्किट हाउस में जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया की अध्यक्षता व अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह बिष्ट के संचालन में बोर्ड बैठक हुई। जिसमें जिला पंचायत सदस्य अनिल कुमार चनौतिया, दीपक मेलकानी, निवेदिता जोशी व प्रेम बल्लभ बृजवासी ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिना सदस्यों की अनुमति के नक्शा पास करने को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गांवों में नक्शा पास करने का अधिकार सदस्यों को मिला है, लेकिन जेई मनमर्जी से नक्शे पास कर रहे हैं। इसकी सूचना तक उन्हें नहीं दी जा रही है। कहा कि इससे गांवों में जहां बाहरी लोगों का प्रवास बढ़ गया है। वहीं जंगल और पानी के स्रोत भी खतरे में पड़ गए हैं। उन्होंने नक्शा पास करने वाले जेई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर बोर्ड ने तय किया कि नक्शा पास करने वाले संबंधित जेई से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। साथ ही मामले की जांच होने तक एक भी नक्शा पास नहीं होगा। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख हल्द्वानी रूपा देवी, रामगढ़ पुष्पा नेगी, रामनगर रेखा रावत, भीमताल गीता बिष्ट, वित्त अधिकारी नरेंद्र भौंर्याल, जिला पंचायत सदस्य नेहा, ममता सागर, प्रेमा गोस्वामी, दीपक चंद्र मेलकानी, संजय कुमार, भावना कपिल, लाखन सिंह नेगी मौजूद रहे।



सर्किट हाउस में बोर्ड बैठक लेतीं जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया। ● अमृत विचार

**2024-25 के लिए पास हुआ 62.74 करोड़ का बजट**

जिला पंचायत बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 के लिए 62 करोड़ 74 लाख 70 हजार 117 रुपये का बजट पास हुआ। जबकि वर्ष 2023-24 में 55 करोड़ 97 लाख 28 हजार 846 था। इस बार बजट में करीब 5 करोड़ से अधिक की वृद्धि हुई है। जारी बजट में करीब दो करोड़ 5 लाख रुपये स्ट्रीट लाइटों और स्वच्छता पर खर्च होंगे।

जब तक जीओ नहीं आया था उससे पहले एक नक्शा पास हुआ था। निदेशालय से अधिकार मिलने के बाद 8 या 9 ही नक्शे पास हुए हैं। कुछ सदस्यों को नक्शा पास होने की सूचना नहीं दी गई। जिस पर संबंधित जेई पर कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में जिस क्षेत्र में नक्शा पास होगा, उससे पहले जेई सदस्य को अवगत कराएंगे।
**- बेला तोलिया**, अध्यक्ष जिला पंचायत नैनीताल

विभागीय स्तर पर कमेटी गठित करने के लिए बोर्ड ने कहा है। इसमें जेई का भी पक्ष लिया जाएगा। अभी तक 9 नक्शे ही पास होने की जानकारी है।
**- कमलेश सिंह बिष्ट**, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत नैनीताल

**बैठक में बिजली, पानी और सड़क के मुद्दे उठे**

बोर्ड बैठक में बिजली, पानी व सड़क के मद्दे छाए रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया और सीडीओ अशोक पांडे के सामने सभी सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखते हुए उनके निराकरण की मांग की। जिस पर अध्यक्ष व सीडीओ ने हरसंभव समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। इसके बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, खेल, कृषि, पशुपालन के मुद्दे छाए रहे।

# उत्तराखंड ग्रामीण बैंक कर्मियों ने की एक दिवसीय हड़ताल

## हड़ताल से अंजान लोग बैंक पहुंचे तो उनके काम नहीं हो पाए, इससे लोग दिनभर परेशान रहे, 27-28 मार्च को भी करेंगे हड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों ने राज्यव्यापी एक दिवसीय हड़ताल की। कर्मचारियों ने कहा कि मांगें नहीं माने पर वे फिर से हड़ताल करेंगे। कर्मचारियों की हड़ताल से बैंकों में काम कराने आए लोग दिनभर परेशान रहे।

अखिल भारतीय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ के आह्वान पर उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के कर्मचारी संघ ने राष्ट्रीय ग्राणीण बैंक की स्थापना, 30 हजार रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के नियमतिकरण, मृतक आश्रितों की नियुक्ति में व्याप्त विसंगतियों का समाधान सहित अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को एक दिवसीय हड़ताल की। इस दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी की व बार-बार अपनी मांगें दोहराईं। कर्मचारियों ने कहा कि यदि उनकी



हल्द्वानी में प्रदर्शन करते उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के कर्मचारी। ● अमृत विचार

मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे फिर से आगामी 27-28 मार्च को दो दिवसीय हड़ताल करेंगे।

कर्मचारियों ने कहा कि हम निजीकरण का विरोध करते हैं। उन्होंने बताया कि हमारी समान वेतन की मांग है, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को मामूली तनख्वाह में काम करना पड़ता है, जबकि कार्यालय में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है व कई बार उनके बिना काम अटक जाते हैं। उन्होंने कहा कि उनका वेतन बढ़ाया जाना चाहिए। हड़ताल के चलते कर्मचारियों ने बैंकों में काम भी नहीं किया, जिससे अलग-अलग कार्यों से बैंक आए लोग दिनभर परेशान रहे। नैनीताल रोड स्थित उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की शाखा में आए एक सीनियर सिटिजन ने कहा कि उन्हें पूर्व में हड़ताल की जानकारी नहीं थी व यहां आकर काम नहीं हो पाया। एक कारोबारी ने बताया कि चेक कैश कराकर कंपनी को पैमेंट करनी थी लेकिन अब शनिवार को फिर से आना होगा।

इधर, हड़ताल में कुंदन सम्मल, ललित मोहन नैनवाल, चंदन बिष्ट, कुंदन बिष्ट, नीरज तिवारी, ईला, प्रीति, रूचि वर्मा, मुनिकांत आर्य आदि मौजूद रहे।

### ये हैं आठ मांगें

1. राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना
2. प्रोन्नति नीति में संसोधन व 30000 कर्मचारियों की तत्काल भर्ती
3. दैनिक वेतन भोगी का नियमतिकरण
4. सेवा नियमावली व सभी अवकाश नियमों में संशोधन
5. वेतन ढांचे में समानता सहित आईबीए वार्ता में भागीदारी
6. 2018 तक ओल्ड पेंशन की समानता
7. मृतक आश्रितों की नियुक्ति में व्याप्त विसंगतियों का समाधान
8. सेवा नियमावली के अनुसार ग्रेच्युटी भुगतान

### बोले कर्मचारी



दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को भी समान वेतन मिलना चाहिए। उनके बिना कार्यालय में कोई काम नहीं होता। – हरीश चंद्र भट्ट, बैंककर्मी



हमारी 8 प्रमुख मांगें हैं। यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो हम फिर से हड़ताल को बाध्य होंगे। – **रोहित कुमार झा**, महासचिव, उत्तराखंड ग्रामीण बैंक कर्मचारी संघ



हम निजीकरण का विरोध व ओल्ड पेंशन की मांग कर रहे हैं। हमारी मांगें जायज हैं, जिन्हें पूरा किया जाना चाहिए। – **चंद्र मोहन सिंह धामी**, जिला सचिव, पिथौरागढ़

## सार-संक्षेप


एमबीपीजी कॉलेज में निरीक्षण करते एडीएम फिंचाराम चौहान। ● अमृत विचार

### एडीएम ने एमबीपीजी कॉलेज का किया स्थलीय निरीक्षण

**हल्द्वानी :** जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशासन फिंचाराम चौहान ने निर्वाचन को लेकर एमबीपीजी कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। एडीएम चौहान ने कहा कि जनपद में लोकसभा चुनाव के कामकाज हल्द्वानी के एमबीपीजी कॉलेज में निर्वाचन कार्यालय बनाकर संचालित होते हैं। शुक्रवार को प्रशासन, पुलिस की संयुक्त टीम के साथ ईवीएम के लिए स्ट्रॉग रूम, एमसीएमसी कक्ष, कंट्रोल रूम व अन्य कक्षों के लिए स्थलीय निरीक्षण किया गया है। लोनिवि अधिकारियों के साथ वार्ता कर निर्वाचन को सुगम बनाने के लिए कक्षों के आवंटन, लेआउटर के लिए स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा फिर चुनाव कार्यालय बनाया जाएगा। इस दौरान प्राचार्य एनएस बनकोटी, एसडीएम परितोष वर्मा, किशनगिरी गोस्वामी, तुषार सैनी, तहसीलदार सचिन कुमार मौजूद रहे।

### मंडलायुक्त ने युवक को दिलवाए 42 लाख



**हल्द्वानी :** मंडलायुक्त दीपक रावत की जन सुनवाई में दो माह पूर्व आशीष मंडल पुत्र आनंद मंडल निवासी नवाबी रोड ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि दोनहरिया में भूमि क्रय करने के लिए जितेंद्र बिष्ट को 42 लाख रुपये दिए थे। कई माह बीतने के बाद भी जितेंद्र जमीन नहीं दे रहा है और भुगतान भी नहीं कर रहा है। इस पर मंडलायुक्त ने बिष्ट को दो माह में 42 लाख रुपये लौटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद रावत ने रकम शिकायतकर्ता आनंद मंडल के खाते में जमा कर दी है। इस पर शुक्रवार को आनंद मंडल मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचा और बुके देकर उनका आभार जताया।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** टीपी नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में शराब के अवैध शराब के तस्कर को पकड़ा है। उसके पास से कच्ची शराब बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार टीपी नगर चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में बेल बाबा मंदिर के पास खड़ा मिला। पुलिस को देखकर वह सपकपा गया। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो पुलिस का शक और बढ़ गया। तलाशी में उसके पास से 60 पाउच कच्ची शराब के मिले। आरोपी ने अपना नाम सुशील सिंह निवासी बेल बाबा मंदिर के पीछे हरिपुर रामपुर रोड बताया। आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

### ओखलढूंगा में विद्यार्थियों को दी विदाई

**हल्द्वानी :** भीमताल क्षेत्र के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओखलढूंगा में छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य हेमंत कुमार खोलिया ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। विदाई लेने वाले छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के दिनों को याद किया और अपने गुरुजनों का आभार जताया। इस दौरान दीपक शर्मा, कपिल कुमार तिलारा, ललित मोहन तिवारी, आरएस खंपा, दीप्ति दीगारी, प्रमोद कुमार त्रिपाठी, नीमा पांडे, ध्यान सिंह नेगी, हेमंत गौनिया, ललित मोहन संभल, कैलाश संभल आदि रहे।

# सत्य के मार्ग पर चलने से मिलता है ईश्वर का साथ

संवाददाता, गरमपानी

**आस्था**

- श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ जारी
- कथा श्रवण को आसपास के गांवों से उमड़ा आस्था का सैलाब

**अमृत विचार:** जीवनदायिनी कोसी नदी के तट पर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में शुरु हुए धार्मिक अनुष्ठान में आसपास के गांवों से आस्था का सैलाब उमड़ा। देर शाम तक भजन कीर्तनों का दौर जारी रहा। कथा व्यास पंडित खजान चंद्र पंत ने कहा की जो भी मनुष्य सत्य के मार्ग पर चलता है इसको हमेशा भगवान का साथ मिलता है।

बेतालघाट ब्लॉक के आमबाड़ी व घंघरेठी गांव के समीप जीवनदायिनी कोसी नदी के तट पर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में धर्माचार्यों ने यजमान दीवान सिंह जलाल व रवि वर्मा से विधी विधान से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय हो उठा। कथा व्यास पंडित खजान चंद्र पंत ने कहा की सच्चे मन से कथा श्रवण से तमाम कष्टों का निवारण होता है। महंत भगवान गिरी की देखरेख में शुरु हुए धार्मिक अनुष्ठान में आसपास के तिवाड़ी गांव, बर्धो, बढेरी, नैनीचैक, बसगांव, सोनगांव, बेतालघाट, सेठी, अमेल आदि गांवों से सैकड़ों भक्त कथा श्रवण को पहुंचे। 27 फरवरी को पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारे के साथ कथा का पारायण होगा।

# दूरस्थ क्षेत्रों में लगेंगे बीएसएनएल टावर

**भीमताल, अमृत विचार:** भीमताल में केंद्र सरकार ने बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए बीएसएनएल के दो दर्जन से अधिक टावरों को स्वीकृति दी है। भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया कि जिला प्रशासन ने टावर लगाने के लिए 2 हजार वर्ग फीट भूमि आवंटित कर दी है। कैड़ा ने कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ककोड़, पटरानी, कौंता, आम, गाजा, पदमपुर, बड़ोन रेंज, अमजड़, डालकन्या, पदमपुर, दुदली, अधोड़ा, डुंगरी सुवाकोट, पोखरी, कुंडल, पनियाबोर, पस्तोला, सुलागाड़ में बीएसएनएल के 4जी टावर लगाए जाने हैं। कैड़ा ने कहा कि नेटवर्क सुविधा नहीं होने के कारण भीमताल विधानसभा क्षेत्र के 2 दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# जनता की आंखों में धूल झोंककर मनमानी कर रही सरकार: सुमित

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** गांव बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले एथेनॉल प्लांट के निर्माण के मानकों की जांच की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन तेज हो गया है। क्षेत्र भर के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों के साथ अब महिलाएं भी धरने पर बैठकर एथेनॉल प्लांट का विरोध कर रही हैं। शुक्रवार को हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने समर्थन देते हुए कहा सरकार जनता की आंखों में धूल झोंककर मनमानी कर रही है।

चकलुवा के सूरपुर गांव में एथेनॉल प्लांट के विरोध में सप्ताह भर पहले तहसील में धरना दे रहे ग्रामीणों को शुक्रवार को प्रशासन द्वारा तहसील परिसर में धरना नहीं देने दिया व पं. दीनदयाल पार्क में धरना देने को कहा।


धरने पर बैठे ग्रामीण व महिलाओं को संबोधित करते हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश।

इस पर ग्रामीणों ने पं. दीनदयाल पार्क में टेंट लगाकर धरना शुरू कर दिया है। धरने में क्षेत्र की महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। धरने को कांग्रेस प्रदेश महासचिव महेश शर्मा, पूर्व सैनिक व क्षेपंस संगठन के जिलाध्यक्ष गंगा सामंत, पूर्व सांसद महेन्द्र पाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल, जिलाध्यक्ष कांग्रेस राहुल छिम्मवाल, सतीश नैनवाल, मयंक भट्ट, रज्जी बिष्ट, त्रिभुवन कन्याल, दीप चंद्र सती, विक्रम सामंत, मनोहर आर्या आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं को रोजगार से जुड़ने का अवसर मिलेगा

संवाददाता,हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ग्राम्य विकास ग्रामोद्योग सेवा संस्थान ने धारी ब्लॉक के मनाघेर, पहाड़पानी में टीआरसी (टेक्निकल रिसोर्स सेंटर) केंद्र की स्थापना की है। राज्य सूचना प्रौद्योगिकी और विज्ञान विभाग देहरादून के तत्वावधान में इसकी स्थापना की गई है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुमन देवी ने केंद्र की स्थापना के लिए संस्थान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि टीआरसी बनने से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जुड़ने का एक अच्छा अवसर मिलेगा। वहीं, नैनीताल बैंक के शाखा प्रबंधक प्रभात सिंह ने लाभार्थियों को स्वरोजगार स्थापित



पहाड़पानी में स्थापित प्रौद्योगिकी संसाधन केंद्र में उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

करने के लिए भारत सरकार की अनेक ऋण योजनाओं की जानकारी दी और महिलाओं से रोजगार के लिए आगे आने की अपील की। बताया कि संस्था की ओर से क्षेत्र की महिलाओं को फल प्रसंस्करण और बुनाई के साथ ही सेनेटरी का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष केपी उनियाल, कार्यक्रम प्रभारी गोविंद सिंह, प्रशिक्षिका पुष्पा पंवार, कार्यक्रम समन्वयक नीतू, किरण बिष्ट, नंदी बिष्ट, ममता, पुष्पा, रेनू, अनीता आदि उपस्थित रहे।

# 25 को सेपक टाकरा टीम का होगा चयन

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** बालक व बालिका वर्ग में सेपक टाकरा जूनियर व सब जूनियर टीम का चयन 25 फरवरी को रुद्रपुर स्थित कल्याणी व्यू सेपक टाकरा कोर्ट में किया जाएगा।

सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव आनंद सिंह खमपा ने बताया कि जिनका जन्म 01-01-2004 या उसके बाद हुआ है, राज्य के वे खिलाड़ी जूनियर वर्ग में और जिनका जन्म 01-01-2009 या उसके बाद हुआ है, वे खिलाड़ी सब जूनियर वर्ग के लिए चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी अपना आधार, जन्म, मूल निवास प्रमाण पत्र लेकर सुबह 11 बजे रुद्रपुर कल्याणी व्यू स्थित सेपक टाकरा कोर्ट में चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# जिप्सियों पर जीपीएस लगाने का काम शुरू

**सख्ती**

- पिछले एक साल में 100 से ज्यादा जिप्सियों पर हुई कार्रवाई

संवाददाता,रामनगर

**अमृत विचार:** कॉर्बेट पार्क के अंदर नियम विरुद्ध अगर जिप्सी चलाई तो खैर नहीं। अब जंगल सफारी पर ले जाने वाली जिप्सियों पर जीपीएस लगने का कार्य हुआ शुरू हो चुका है।

बता दें कि पिछले एक वर्ष में जंगल मे नियमों का पालन न करने वाले 100 से ज्यादा जिप्सियों पर पार्क प्रशासन द्वारा कार्रवाई अमल में लायी गयी है। असल में जिप्सियों में जीपीएस लगाने की वजह यह है कि कॉर्बेट नेशनल पार्क प्रशासन इस कदम से सैलानियों की सुरक्षा को पुख्ता करना चाहता है। गौरतलब है कि कॉर्बेट पार्क के अलग अलग जोनों


जिप्सियों में जीपीएस लगाने की तैयारी करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

में कॉर्बेट पार्क आने वाले पर्यटकों को भ्रमण पर ले जाने वाले जिप्सी चालकों की हर गतिविधि पर अब कॉर्बेट प्रशासन नजर रख सकेगा। जिसको लेकर जिप्सियों में जीपीएस लगने का कार्य शुरू हो चुका है। वहीं नियमों का उल्लंघन करने वाले जिप्सी चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पर्यटकों को पार्क के अंदर भ्रमण कराने वाले जिप्सी चालकों के द्वारा नियमों का उल्लंघन करने के मामले भी लगातार सामने आते रहे हैं। इस वक्त कॉर्बेट पार्क में लगभग 300 से अधिक जिप्सियां पंजीकृत हैं। जिप्सियों के माध्यम से पर्यटक सफारी का लुत्फ उठाते हैं। वहीं जंगल सफारी के दौरान कॉर्बेट प्रशासन ने कुछ नियम भी बनाए हैं, जिनका पालन करना आवश्यक है। जिससे मानव और वन्यजीव संघर्ष को रोका जा सके। कॉर्बेट प्रशासन के नियमों में सफारी के दौरान वन्य जीवों से दूरी बनाए रखने, जंगल के अंदर शोर ना करने, सफारी के दौरान वाहन से ना उतरने की हिदायत दी जाती है,पर कई बार ऐसे वीडियोज सामने आते हैं। जब बाघ के दिखने जिप्सी चालक उत्साहित हो जाते हैं, और नियमों की अनदेखी कर वाहन को जंगली जानवरों के नजदीक रोक देते हैं, जिससे खतरा बना रहता है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पार्क वार्डन अमित ग्वासीकोटि ने बताया कि विभाग द्वारा जिप्सियों में जीपीएस लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है,उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष नियमों का प्लान न करने वाले 100 से ज्यादा जिप्सियों पर नियमों का प्लान न करने पर कार्रवाई की गई थी,वहीं अब जीपीएस लगने से हम सभी जिप्सियों की लोकेशन ट्रैक कर सकते हैं और लगातार इन पर नजर रख सकते हैं।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ईमानदारी से मतदान करें

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार:** मतदान जागरुकता अभियान के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने विभिन्न गांवों में जागरुकता अभियान चलाया रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता व गांवों में रैली निकाल लोगों से स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

बेतालघाट ब्लॉक के गरजोली, ज्योग्याडी व आसपास के गांवों में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने स्लोगन व समूह गीतों के माध्यम से गांव के बाशिंदों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आह्वान किया। गरजोली गांव में रंगोली बनाओ तथा मेंहदी प्रतियोगिता भी हुई। विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। नए मतदाताओं से अपने नाम वोटर लिस्ट में दर्ज कराने की अपील की गई। वक्ताओं ने मतदान की महत्वता पर प्रकाश डाल स्वस्थ लोकतंत्र में मतदान को आवश्यक बताया। आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कर स्वस्थ लोकतंत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान भी किया। कहा की प्रलोभन से प्रभावित हुए बगैर किया गया मतदान बेहतर भविष्य की आधारशिला रखता है। एनआरएलएम के ब्लॉक मिशन मैनेजर कमलेश सिंह जलाल ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। साथ ही साइबर क्राइम से बचाव के तरीके बताए। इस दौरान मंजू बिष्ट, योगेश कुमार, नवीन चंद्र, पुष्पा जोशी, मंजू बिष्ट, रेखा देवी, नीलम, दया, गंगा देवी, जानकी देवी, मनीषा, विमला देवी, जीवंती देवी, नंदी देवी आदि मौजूद रहे।

# बजबजाती गंदगी से होकर अंतिम यात्रा पहुंच रही श्मशान घाट

संवाददाता, गरमपानी

**हालात**

- गंदगी फैलाने वालों ने कर डाली सारी हदें पार
- श्मशान घाट के रास्ते पर गंदगी डाल रहे दुकानदार

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर खैरना क्षेत्र में कोसी व शिप्रा नदी के तट पर स्थित श्मशान घाट को जाने वाले रास्ते पर आसपास के दुकानदार धड़ल्ले से गंदगी डाल दें रहे हैं। मोक्ष धाम को जाने वाले रास्ते के बीचोंबीच डाली जा रही गंदगी से अंतिम संस्कार को पहुंचने वाले लोगों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय जन विकास संघर्ष समिति ने मोक्ष धाम के रास्ते पर गंदगी डालने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।

खैरना के समीप जीवनदायिनी कोसी व पवित्र शिप्रा नदी के संगम तट पर स्थित मोक्ष धाम में बेतालघाट, रामगढ़ तथा पड़ोसी ताड़ीखेत ब्लॉक के तमाम गांवों से लोग शवदाह को पहुंचते हैं। समीप ही सोमवारी बाबा की तपोस्थली होने से भी संगम का महत्त्व कई गुना अधिक है। गांवो के लोग धार्मिक अनुष्ठान को भी संगम पर पहुंचते हैं। सुप्रसिद्ध संगम को जाने वाले मुख्य रास्ते पर आसपास के दुकानदार धड़ल्ले से गंदगी डाल पवित्र स्थान को अपवित्र करने में जुटे हैं। रात के वक्त रास्ते के बीचोंबीच गंदगी डाले जाने से शवदाह को पहुंचने वाले लोगों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में बजबजाती गंदगी के उपर से आवाजाही कर शव को अंतिम संस्कार के लिए मोक्षधाम तक पहुंचाया जा रहा है। पवित्र शिप्रा व कोसी नदी के संगम को जाने वाले रास्ते पर गंदगी डाले जाने से क्षेत्रीय विकास जन संघर्ष समिति ने गहरी नाराजगी जताई है। पदाधिकारियों ने इसे आस्था से खिलवाड़ करार दिया है।

समिति के विरेन्द्र सिंह बिष्ट, महेंद्र सिंह बिष्ट, मनीष तिवारी, प्रताप सिंह गौणी, फिरोज अहमद, संजय सिंह, दिनेश सिंह, मनोज, कुलदीप, सुनील मेहरा आदि ने मोक्ष धाम के रास्ते पर गंदगी डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की पुरजोर मांग उठाई है। आरोप लगाया है की गंदगी डालने वाले अब मनमानी के साथ ही पवित्र धाम को प्रदूषित करने पर आमादा हो चुके हैं। मामले में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# जमरानी में नहीं होगा बिजली उत्पादन

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** जमरानी बांध परियोजना का उद्देश्य सिंचाई और पीने के लिए पानी उपलब्ध कराने के साथ ही बिजली का उत्पादन करना भी था।

अब इसमें बिजली उत्पादन की योजना को हटा दिया गया है। परियोजना के अंतर्गत लगभग 15 मेगावाट बिजली का उत्पादन होना था जिससे हल्द्वानी को बिजली की आपूर्ति होती लेकिन अब इसमें संशोधन कर दिया गया है जिसके बाद परियोजना में बिजली उत्पादन नहीं किया जाएगा। इधर, जमरानी बांध परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि बांध से मुख्यतः पूरे हल्द्वानी को पीने का पानी और किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। यहां तक कि उत्तर प्रदेश को भी इससे सिंचाई का पानी उपलब्ध होगा। बता दें कि परियोजना में उत्तर प्रदेश के साथ हुए एमओयू के अनुसार वह 635 करोड़ रुपये खर्च करेगा।

# तल्ला बर्धो गांव से सटे जंगल में गुलदार की मौत

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के तल्ला बर्धो गांव से सटे जंगल में गुलदार का शव पड़े होने की सूचना से हड़कंप मच गया। गुलदार के आपसी संघर्ष में मौत हो जाने का अंदेशा है। वन विभाग की टीम शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गनियाद्योली स्थित रेंज कार्यालय लेकर रवाना हो गई है। गुलदार के शरीर में चोट के निशान भी है।

शहीद बलवंत सिंह बर्धो - भुजान मोटर मार्ग पर स्थित तल्ला बर्धो गांव की कुछ महिलाएं गांव से सटे जंगल में मवेशियों के लिए चार पत्ती लेने रवाना हुई। जंगल में बरसाती नाले पर गुलजार का शव पड़े होने से महिलाओं के होश उड़ गए। महिलाएं उल्टे पैर गांव की ओर दौड़ पड़ी। जानकारी ग्रामीणों को भी दी गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हरीश मेहरा ने भाजपा नेता दिलीप सिंह बोहरा को मामले की सूचना दी। साथ ही कुछ ग्रामीणों को साथ लेकर जंगल की ओर रवाना हो गए। भाजपा नेता दिलीप सिंह बोहरा ने वन विभाग के गनियाद्योली स्थित रेंज कार्यालय में संपर्क साधा। जंगल में गुलदार का शव पड़े होने की सूचना पर आसपास के गांव के लोग भी जंगल की ओर रवाना हो गए। सूचना मिलने पर गनियाद्योली स्थित रेंज कार्यालय से वन कर्मियों की छह सदस्यीय टीम जंगल की ओर रवाना हुई। देर शाम वन विभाग की टीम ने गुलदार का शव कब्जे में ले लिया। वन दरोगा संजय रावत के अनुसार गुलदार की उम्र तकरीबन आठ वर्ष प्रतीत हो रही है। गुलदार के आपसी संघर्ष में मारे जाने का अंदेशा है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## सार संक्षेप

### स्थापना दिवस पर हुआ अखंड रामायण पाठ



शिव शक्ति धाम में रामायण का पाठ करते लोग। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** हरिनगर, ऊंचा पुल स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस पर माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंदिर में अखंड रामायण का पाठ आयोजित किया गया। इस मौके पर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, पूर्व प्रमुख भोला भट्ट, पार्षद प्रमोद पंत, अध्यक्ष मोहन सिंह भोजक, सहायक अभियंता हरीश कोठारी, मनोज जोशी, केडी जोशी, भुवन चंद्र भगत आदि उपस्थित रहे।

### बिल सही करने का कार्यालय खोलने की उठी मांग



बिजली कार्यालय की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** कांग्रेस से पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में लोगों ने शुक्रवार को शीशमहल स्थित विद्युत विभाग के अधिक्षण अभियंता नवीन मिश्रा को ज्ञापन सौंपा और मांग की गई कि शीशमहल पावर हाउस में भी विद्युत बिल सही करने का एक कार्यालय खोला जाए, जिस क्षेत्र के लोगों को सुभाष नगर स्थित एसडीओ कार्यालय में नहीं जाना पड़े। कहा कि सुभाष नगर कार्यालय में शहर के अधिकांश उपभोक्ता शिकायत लेकर पहुंचते हैं, जिससे लोगों को वहां घटों इंतजार करना पड़ता है। साथ ही, खराब मीटरों को लगाने में हो रही देरी को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई गई। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र सिंह बिष्ट, किशोर बलूटिया, पवन तिवारी, राजेश बिष्ट, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

### उत्तरांचल महासंघ ने जीजीआइसी में दिए तीन कंप्यूटर




गंगा सामंत का स्वागत करते प्रधानाचार्य बसंती अधिकारी। ● अमृत विचार

**कालाढूंगी :** उत्तरांचल महासंघ मुंबई संस्था ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कालाढूंगी को तीन कंप्यूटर, प्रोजेक्टर व प्रिंटर दिए हैं। मुख्य अतिथि क्षेपंस संगठन के जिलाध्यक्ष गंगा सामंत ने कंप्यूटर, प्रिंटर व प्रोजेक्टर प्रधानाचार्य बसंती अधिकारी को सौंपे। संस्था के सदस्य भीम सिंह राठौर ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा कई विद्यालयों में कंप्यूटर व फर्नीचर दिया गया है। इस दौरान लक्ष्मी घिल्डियाल, अशरूपी ध्यानी, कैलाश चंद्र, पुष्पा छिम्वाल, मनमोहन घिल्डियाल मौजूद रहे।

### टांकी बैंड से राधा चिल्ड्रन स्कूल तक सड़क क्षतिग्रस्त



क्षतिग्रस्त मार्ग। ● अमृत विचार

**नैनीताल :** टांकी बैंड से लेकर राधा चिल्ड्रन स्कूल तक सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 500 मीटर की रोड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ पैदल चलने वाले स्कूल के बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से रोजाना कई लोग आवाजाही करते हैं। मार्ग क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों के साथ स्कूली बच्चों को खतरा भी बना हुआ है। साथ ही किसी के साथ अप्रिय घटना घटना घटने का भय बना हुआ है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना का कहना है कि जल्द ही मार्ग का निरीक्षण कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### कोटाबाग बीडीसी बैठक 26 को

कालाढूंगी। विकास खंड कोटाबाग की बीडीसी बैठक सोमवार 26 फरवरी को आयोजित की जाएगी। ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल ने बताया कि डीएम के निर्देशानुसार सभी विभागों के समक्ष अधिकारी बैठक में भाग लेंगे। ब्लॉक प्रमुख कन्याल ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

### पत्रकार तेज सिंह नेगी को पितृशोक

**नैनीताल :** एनयूजेआई के नगर उपाध्यक्ष तेज सिंह नेगी के पिता धन सिंह नेगी का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया है। वह 84 वर्ष के थे। शुक्रवार की सुबह अपने पैतृक निवास कतनर द्वाराहाट जिला अल्मोड़ा में उन्होंने आखिरी सांस ली। वे अपने पीछे अपनी पत्नी मुन्नी देवी, दो बेटे तेज सिंह नेगी, गोपाल नेगी व एक बेटी पुत्र हर्षित नेगी, दिव्यांशी नेगी को रोता बिलखता छोड़ गए हैं।

### कल से रामलीला मैदान में लगेगा चिकित्सा शिविर

**हल्द्वानी :** आयुष चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से 25 से 27 फरवरी तक ऊंचापुल रामलीला मैदान में निशुल्क आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मर्म चिकित्सा, अग्निकर्म चिकित्सा, लीच थेरेपी, पंचकर्मा चिकित्सा, न्यूरोथेरपी, क्षारसूत्र चिकित्सा, योग परामर्श, परिक्षण, गठिया एवं जोड़ो सम्बंधित चिकित्सा, उदर रोग, त्वचा रोग, बाल रोग चिकित्सा आदि का उपचार होगा। साथ ही ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच भी की जाएगी। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. एमएस गुंज्याल ने बताया कि शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक बंशीधर भगत करेंगे।

### जमरानी बांध हल्द्वानी क्षेत्र की लाइफ लाइन बनेगी

**हल्द्वानी :** जमरानी बांध निर्माण संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने जमरानी बांध निर्माण के लिए केन्द्र सरकार से धनराशि आवंटित होने का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी एवं भावर क्षेत्र के लिए जमरानी बांध पेयजल की उपलब्धता नितांत आवश्यक है। समिति के संयोजक नवीन वर्मा ने कहा कि हमें जलवायु परिवर्तन को देखते हुए इस बात को देखना होगा कि धीरे-धीरे गौला नदी का पानी कम हो रहा है। ऐसे में यदि बरसात का पानी एकत्रित कर उपयोग नहीं किया गया तो सब पानी के लिए तरस जाएंगे। संघर्ष समिति के एनसी तिवारी, मोहन बोरा, राम सिंह बसेड़ा ने जमरानी बांध हेतु धनराशि आवंटन के लिए केन्द्र सरकार एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट रक्षा का आभार किया। कहा कि 47 सालों से लंबित परियोजना धरातल में उतरेंगी। समिति के लक्ष्मण सिंह रजवार, गोविंद सिंह बिष्ट, हेमन्त पाठक, भुवन भास्कर पांडे ने भी परियोजना के लिए धनराशि आवंटन पर हर्ष व्यक्त किया।

# कंधा अस्थायी कोचों का, निशाना लगाएंगी खेल मंत्री

## खेल विभाग 500 कोच को 5-5 खिलाड़ी तैयार करने की देगा जिम्मेदारी, मात्र 29 स्थायी कोच, 14 उप क्रीड़ाधिकारी, अन्य सभी अस्थायी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** खेल विभाग आगामी राष्ट्रीय खेलों के लिए प्रदेश के कोचों को पांच-पांच खिलाड़ी तैयार करने जिम्मेदारी देगा लेकिन उसके पास गिने-चुने ही स्थायी कोच हैं, जबकि ज्यादातर अस्थायी हैं।

राज्य में इसी साल होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। प्रदेश की झोली में ज्यादा से ज्यादा पदक आएं, इसके लिए खेल मंत्री रेखा आर्या ने पांच का पंच का मंत्र दिया है, जिसके तहत प्रदेश के 500 कोचों के ऊपर 5-5 खिलाड़ी तैयार करने की जिम्मेदारी दी जाएगी लेकिन हकीकत यह है कि उसके पास प्रदेशभर में मात्र 29 स्थाई कोच व 14 उप क्रीड़ाधिकारी हैं। इनके अलावा सभी कोच अस्थायी हैं। नैनीताल जिले में विभाग के पास महज तीन स्थायी कोच, जबकि 27 कोच अस्थायी हैं। इसी तरह ऊधम सिंह नगर में 32 अस्थायी कोच हैं।

खास बात यह कि अस्थायी कोच लंबे समय से खुद को स्थायी करने की मांग करते रहे हैं। कई कोच तो 15-20 साल से सेवाएं दे रहे हैं लेकिन विभाग ने उन्हें आज तक स्थाई नहीं किया। अस्थाई कोचों को हर साल 15 फरवरी से तीन महीने के लिए हटा दिया जाता है। ऐसे में सवाल ये कि यदि अस्थायी कोच अपनी बाध्यताएं बताकर विभाग का फरमान मानने से इनकार कर दें, तब पांच के पंच मंत्र का क्या होगा।

इधर, ज्यादातर अस्थायी कोच इन दिनों बेरोजगार व उन्हें स्थाई न किए जाने की नाराजगी उनकी बातों में छलकती है लेकिन उनका कहना है कि इसके बावजूद वे खिलाड़ियों के लिए हमेशा उपलब्ध रहते हैं। कोटाबाग की एक कोच कहती हैं कि खिलाड़ी हम तैयार कर दें लेकिन सरकार की ओर से मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिलती है। वह कहती हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल मैदान तक नहीं होने से खिलाड़ियों को तैयारी करने में परेशानियां होती हैं। राष्ट्रीय खेलों की तैयारी कर रहे कई खिलाड़ियों ने भी कहा कि सरकार हमसे उम्मीद बहुत करती है लेकिन सुविधाएं नहीं देती। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी स्टेडियम में ही सुविधाओं का घोर अभाव है। खिलाड़ियों का कहना है कि सुविधाओं के अभाव के कारण ही गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेल में राज्य ने 3 स्वर्ण सहित कुल 23 पदक व 36वें राष्ट्रीय खेलों में 1 गोल्ड सहित कुल 18 पदक जीते थे।

### अब मार्च में होगा देहरादून में कार्यक्रम

राष्ट्रीय खेलों के तैयारियों के लिए 21-22 फरवरी को देहरादून में होने वाले कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि अब आगामी मार्च में कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें कोचों को 5-5 खिलाड़ियों को तैयारी करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि हटाए गए अस्थाई कोचों की लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगामी 5 मार्च तक नियुक्ति दी जाएगी।

> लक्ष्य रखेंगे, तब कुछ हासिल होगा। अस्थाई कोचों को अच्छी सैलरी मिल रही है व खिलाड़ियों को भी पहले की तुलना में बहुत सुविधाएं मिल रही हैं, जिन्हें बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।
> **– रशिका सिद्दीकी, सहायक खेल निदेशक**

# राष्ट्रीय स्वर्ण पदक खिलाड़ी को भी सुविधाओं के लाले

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य सरकार ज्यादा से ज्यादा पदक लाने की बात करती है लेकिन खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं कराई जा रही हैं। जब राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी तक को सुविधाओं के लाले हैं तो यह समझना मुश्किल नहीं कि साधारण खिलाड़ियों को किन परिस्थितियों से गुजरना पड़ता होगा।

माया रामपुर, कोटाबाग की प्रीति कांडपाल उभरती खिलाड़ी हैं। दिसंबर, 2023 में लखनऊ में आयोजित वेट लिफ्टिंग की एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जिसके लिए उनके गांव व कॉलेज में भी उन्हें सम्मानित किया गया। प्रीति अब राज्य में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में भाग्य आजमाना चाहती हैं लेकिन



सुविधाओं के अभाव में उनकी प्रैक्टिस बाधित हो रही है।

वह कहती हैं कि गांव में कोचिंग आदि की सुविधा न मिलने से उनके खेल में कोई सुधार नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि पीएनजी पीजी कॉलेज, रामनगर में वेट लिफ्टिंग के उपकरण मौजूद हैं लेकिन वह कोटाबाग से रोज कॉलेज नहीं जा पातीं। उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व तक गांव में कई खिलाड़ी थे और सभी एक-दूसरे की देखरेख में प्रैक्टिस किया करते लेकिन सुविधाएं नहीं मिलने से ज्यादातर ने यहां से पलायन कर लिया। उन्होंने कहा कि अकेली रह जाने के बाद उनकी तैयारियां पूरी तरह प्रभावित हो गई हैं।

> कोच व उपकरण न होने से प्रैक्टिस प्रभावित हो रही है। एकेडमी आदि की सुविधा मिल जाती तो मेरे खेल में सुधार आ जाता।
> **– प्रीति कांडपाल, खिलाड़ी**

प्रीति कहती हैं कि उनकी रूचि जूडो, कराटे आदि खेलों में भी है, कोई एकेडमी या अन्य सुविधाएं मिल जाएं तो वह निश्चित ही राष्ट्रीय खेलों में गोल्ड मेडल लेकर आएंगी लेकिन सुविधाओं के अभाव में सिर्फ सपने देखे जा सकते हैं।

उनके पिता बिशन दत्त कांडपाल कहते हैं कि सरकार को हर प्रतिभा का सम्मान करना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी होनहार खिलाड़ी हैं लेकिन सुविधाएं न मिलने के कारण ज्यादातर को खेल को अलविदा कहना पड़ता है, सरकार को इस ओर गंभीरता से सोचना चाहिए।

# अब की बार 400 के पार के लक्ष्य को हासिल करें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा ने रामनगर मालधनचौड़ मंडल का लाभार्थी सम्मेलन शुक्रवार को एक निजी बारात घर में संपन्न हुआ। सम्मेलन से पूर्व जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट के मालधन में पहली बार आगमन पर फूल माला पहनाकर व रैली निकाल कर भव्य स्वागत किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बिष्ट ने कहा कि देश को ऐसा नेतृत्व मिला है जो जनमानस की भावनाओं को भली-भांति परिचित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार विकास कार्यों के लिए प्रयत्नशील हैं, देश प्रदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गरीब, युवाओं, विद्यार्थियों हर वर्ग के हित के लिए योजनाएं संचालित हो रही हैं।

अब प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन को मजबूत करना है। रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन को मजबूती देना और जनसंवाद करना है ताकि जन-जन को भाजपा से जोड़ा जा सके। लाभार्थी संपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य भी जन-जन तक केंद्र व राज्य सरकार की जनहित योजनाओं की जानकारी देना है।



लाभार्थी सम्मेलन में मौजूद भाजपा पदाधिकारी। ● अमृत विचार



बेतालघाट में हुए लाभार्थी सम्मेलन के दौरान मौजूद विधायक सरिता आर्या।

मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट व मंडल अध्यक्ष दीपा भारती ने संयुक्त रूप से कहा कि संगठन और सरकार को एक दूसरे को मजबूत करने का काम है।

यह वक्त कार्यकर्ताओं की परीक्षा का भी है इसलिए घर-घर जाकर भाजपा को मजबूत करना है।

इस दौरान हरीश दफौटी, जगदीश खन्तवाल, जितेश टम्टा, अंशुमान दफौटी, बिट्टू टम्टा, चंदन बिष्ट, विष्णु सक्सेना, हरीश पंचवाल, महेश पंडित, राधा देवी, देवेंद्र खंतवाल आदि मौजूद रहे।

### 22 को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई

भाजपा मालधन चौड़ में 22 लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक दीवान बिष्ट, मंडल अध्यक्ष दीपा भारती ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। साथ ही लोकसभा चुनाव-2024 में 400 के पार का कठिन लक्ष्य हासिल करने के लिए संकल्प दिलाया। सदस्यता लेने वालों में कृष्ण कुमार, सुरेश टम्टा, रमेश चंद्र, ललिता प्रसाद, ख्यालीराम, मोहनलाल, अवधेश कुमार, माया देवी, दीपा देवी, पूजा टम्टा, शिल्पा देवी, पिंकी शामिल रहे।

### बेतालघाट में भी हुआ लाभार्थी सम्मेलन

**हल्द्वानी :** भाजपा ने बेतालघाट में लाभार्थी सम्मेलन किया। इसका शुभारंभ विधायक सरिता आर्या, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, मंडल अध्यक्ष नन्दी खुल्बे की अध्यक्षता में हुआ। भट्ट ने कहा कि कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक जाकर लाभार्थियों को घर घर जाकर सम्पर्क करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहित योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाना होगा। इस दौरान संजेश मेहता, जुगल मठपाल, रमेश सुयाल, प्रगति जैन, पंकज जोशी, विजय कुमार, मनोज पडलिया मौजूद रहे।

# ऊर्जा को 'बेवजह खर्च' करना, देश को 'पीछे' करना

फॉलोअप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ऊर्जा विभाग का एक स्लोगन है कि ऊर्जा को बचाना है, देश को आगे बढ़ाना है लेकिन हल्द्वानी विद्युत विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली देखकर ऐसा लगता है कि इस स्लोगन को कुछ ऐसा होना चाहिए, ऊर्जा को 'बेवजह खर्च' करना है, देश को 'पीछे' करना है

शायद, सूरज को रोशनी दिखाने की विभागों ने जिद ठान ली है। गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी शहर के कई इलाकों में दिनभर स्ट्रीट लाइटें जलती रहीं व अधिकारी इससे पूरी तरह बेखबर रहे। जेल रोड, हीरा नगर, आईटीआई, डहरिया आदि क्षेत्रों में शुक्रवार को भी दिनभर बेवजह स्ट्रीट लाइटें जलती रहीं लेकिन अधिकारियों को इसकी खबर तक नहीं लगी। जब मामले की तहकीकात के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन किया तो पहले वे इससे अंजान रहे, फिर अपनी जिम्मेदारी की इतिश्री करते हुए नगर निगम हल्द्वानी से संपर्क करने की सलाह देने लगे। विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि विभाग का काम कनेक्शन देना है लेकिन रखरखाव की जिम्मेदारी नगर निगम की है।



शुक्रवार को भी जलतीं रहीं लाइटें।

आम आदमी का कुछ हजार रुपये का बिल आने पर भी विद्युत विभाग तुरंत चेतावनी देता व कई बार कनेक्शन तक काट देता है लेकिन नगर निगम पर करोड़ों रुपये का बिल बकाया होने पर भी विभाग उसे निर्बाध विद्युत आपूर्ति करता और वह भी दिनभर बेवजह बिजली जला रहा है। अधिकारियों की इस लापरवाही से प्रदेश में विद्युत संकट बढ़ता जा रहा है।

इधर, रोस्टिंग के चलते मुखानी, ब्लॉक, बसानी, बिठौरिया क्षेत्रों में दिनभर घंटों बिजली गायब रही, जिससे युवा, महिलाएं, व्यापारी आदि परेशान रहे।

# किसान सम्मान निधि से लाभान्वित होने के लिए ई-केवाईसी जरुरी

**अमृत विचार, गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर सुयालबाड़ी स्थित कृषि विभाग के कार्यालय में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसानों की ई केवाईसी करवाने के लिए विशेष शिविर लगा। आसपास के गांवों से पहुंचे किसानों की ई-केवाईसी की गई। विभागीय अधिकारियों ने किसानों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ ई-केवाईसी कराने का आह्वान किया। सहायक कृषि अधिकारी पान सिंह मेहता ने कई अहम जानकारियां भी दी।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किसानों की ई केवाईसी को सुयालबाड़ी स्थित कृषि विभाग के कार्यालय में आसपास के गांवों से तीस से भी अधिक कास्तकार पहुंचे। विभागीय अधिकारियों ने सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच के बाद ई केवाईसी की प्रक्रिया शुरु की। विभागीय अधिकारियों ने कहा की किसान सम्मान निधि का लेने वाले सभी किसानों को ई-केवाईसी कराना आवश्यक है। लापरवाही पर किसान योजना से वंचित भी हो जाते है समय पर प्रक्रिया अपनाए जाने से बाद में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता और आसानी से योजना का लाभ मिलता है।

### वन अग्नि सुरक्षा गोष्ठी का हुआ आयोजन

**हल्द्वानी :** किशनपुर रेंज अंतर्गत किशनपुर राजि परिसर में शुक्रवार को वन अग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य रविंद्र सिंह, संचालन वन दरोगा नवीन सिंह मेहरा ने किया। गोष्ठी में वन क्षेत्राधिकारी घनानंद चनियाल ने वनों व वन जीवों की सुरक्षा के लिए वन अग्नि सुरक्षा के उपाय बताते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों, खत्तेवासियों व वन गुजरों से वनों में आग न लगाने व वन अग्नि की सूचना तत्काल समीप के चौकी में देने की अपील की। इस अवसर पर गणेश सिंह धर्मशक्तू, खीम सिंह अधिकारी, गोकुल सिंह, देवी दत्त, राजेश खन्ना, लक्ष्मण सिंह नेगी, दिनेश चंद्र बुधलाकोटी, गंगा मेहता, संजय कुमार, ललिता पाठकव जनप्रतिनिधि आदि शामिल रहे।

पहल | हाइवे से सटे सूरी गडस्यारी गांव में हुई एक दिवसीय गोष्ठी

# बेहतर तकनीक का इस्तेमाल करें

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे सूरी गडस्यारी गांव में हुई एक दिवसीय कृषक गोष्ठी में किसानों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। बायो टैक्निकल इन्टरवेशन इन हिली डिस्ट्रिक्ट फार लोकल फार्मर परियोजना के तहत हुई गोष्ठी में आसपास के गांवों से सैकड़ों किसानों व पशुपालकों ने प्रतिभाग किया। महिला किसानों को चारा टप भी वितरित किए गए।

उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी व आरोही संस्था के संयुक्त तत्वावधान में हुई गोष्ठी का शुभारंभ क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि देकर किया गया। पंतनगर विश्वविद्यालय के पशु वैज्ञानिक डा. अनुपम आजाद ने बताया की पशुपालकों व किसानों के समन्वित विकास को परियोजना प्रदेश के सभी जनपदों में संचालित है। इसका मुख्य उद्देश्य पशुधन, वानिकी, कृर्षिकरण, औद्योनिकी के विषय पर जैव प्रौद्योगिकी के साथ महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराना है। डा. अनुपम ने पशुधन प्रसार, पशुओं में होने वाली जानकारी, बिमारियों से बचाव के बारे में भी बताया। पशुपालकों के साथ चर्चा कर उनकी समस्याओं का भी समाधान किया। यूसीबी की वैज्ञानिक डा. कंचन कार्की ने परिषद से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की। आरोही संस्था के अधिशासी निदेशक डा. पंकज तिवारी व डा. नारायण सिंह ने वानिकी परियोजना तथा आरोही संस्था के औद्योनिकी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा की ऐसी कार्यशाला से गांव के लोग लाभान्वित होते हैं। समय समय पर सूदूर गांवों में भी ऐसे कार्यक्रम किए जाने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान सूरी व गडस्यारी गांव के लगभग साढ़े तीन सौ महिला किसानों को पशुधन प्रसार को मिनरल मिक्चर के लिए चारा टप वितरित किए गए।



# किच्छा में आग लगने से लाखों का खड़ा गन्ना खाक, मवेशी व झोपड़ियां बचाईं

## झाड़ियों में लगी आग खेतों तक पहुंची, दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से पाया काबू


किच्छा में गन्ने के खेत से उठतीं आग की लपटें। ● अमृत विचार


किच्छा में आग बुझाने की तैयारी करती टीम।

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** सूर्यनगर क्षेत्र में झाड़ियों में लगी आग खेतों तक पहुंच गई और देखते ही देखते करीब आठ एकड़ में खड़ी गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। अग्निकांड में करीब 9 लाख रुपये का गन्ना खाक हो गया। दमकल टीम एवं ग्रामीणों ने तत्परता के साथ साहस का परिचय देते हुए कई मवेशियों एवं झोपड़ियों को जलने से बचा लिया।

सूचना पर चौकी पुलिस सहित किच्छा से पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। घटना की सूचना पर सितारगंज से भी फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। कोतवाली अंतर्गत कलकत्ता फॉर्म चौकी क्षेत्र के ग्राम सूर्यनगर चमन नगर गांव में अचानक झाड़ियों में आग लगने के बाद तेज हवा के चलते गन्ने के खेत में आग भड़क गई। गन्ने के खेत से आग की तेज लपटें उठने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर दमकल प्रभारी मदन सिंह रावत के नेतृत्व में फायरमैन दीपक बसेड़ा एवं संजय सिंह की टीम खेतों के रास्ते फायर ब्रिगेड लेकर मौके पर पहुंच गई। दमकल की टीम ने ग्रामीणों की मदद से गन्ने में लगी आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। तेज हवा के चलते आग जल्द ही आबादी क्षेत्र के पास पहुंच गई।

इस दौरान दमकल की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आधा दर्जन झोपड़ियों में रखे घरेलू सामान, राशन सहित अन्य सामान को सुरक्षित बाहर निकाला और करीब 8 मवेशियों को जलने से बचा लिया। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझने पर ग्रामीणों एवं प्रशासन ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि घटना में करीब 9 लाख रुपए कीमत की 8 एकड़ खेत में खड़ी गन्ने की फसल नष्ट हो गई। इस दौरान स्थानीय निवासी हरिशंकर, राजेंद्र सिंह मेहता, किशन सिंह, दुर्गा सिंह दानू, राधा देवी, कुंदन सिंह दानू, महेश पंडित, राजू, पूरन सिंह आदि ग्रामीणों का गन्ना जलकर खाक हो गया। जबकि चौकी प्रभारी दिनेश भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम एवं दमकल की टीम ने ग्रामीण किशन सिंह बिष्ट, जगत सिंह मेहता, बच्चू लाल, कुंदन सिंह, तीरथ, दयाराम के सहयोग से आग पर काबू पाया। चौकी प्रभारी दिनेश भट्ट ने ग्रामीणों की सराहना करते हुए उनका आभार जताया है।

### बॉयलर के पास फैले तेल में आग लगने से हड़कंप

**किच्छा।** नगर स्थित किच्छा चीनी मिल में बॉयलर के निकट फैले तेल में शुक्रवार की दोपहर अचानक आग लग गई। आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह रावत फायर ब्रिगेड लेकर मौके पर पहुंच गए। दमकल वाहन के पहुंचने से पूर्व ही चीनी मिल कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। जिसके चलते बड़ा नुकसान होने से बच गया।


रुद्रपुर में फुटवियर की दुकान में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

# फुटवियर की दुकान में धधकी आग से लाखों का नुकसान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अग्निकांड**

- मौके पर दमकल की तीन गाड़ियों ने पाया काबू, 10 से 12 लाख के नुकसान का है अनुमान

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक फुटवियर की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान को अपने आगोश में ले लिया। सूचना मिलने पर दमकल की तीन गाड़ियों ने मौके पर आकर आग पर काबू पाया। अग्निकांड से लाखों का नुकसान होने का अनुमान है।

जानकारी के अनुसार खेड़ा बस्ती निवासी मोहम्मद जमील अहमद की राजा कॉलोनी गोल मढ़ैया में किराए की दुकान है और भारत फुटवियर के नाम से कारोबार करते हैं। उन्होंने बताया कि दुकान स्वामी काम के सिलसिले में आगरा गए हुए थे और शुक्रवार की सुबह रोजमर्रा की भांति दुकान स्वामी के बेटे आयाज ने दुकान खोली, तभी अचानक शॉर्ट सर्किट से उठी चिंगारी ने दुकान में बने गोदाम में आग पकड़ ली। जब तक दुकान स्वामी कुछ समझ पाता तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। धुंआ व आग की लपटे उठता देख स्थानीय लोगों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया। मगर आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर सीएफओ निशांत कटारिया दमकल की गाड़ियों के साथ घटनास्थल पहुंचे। जहां तीन गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक आग ने लाखों का सामान जलकर स्वाहा कर दिया। दुकान स्वामी आयाज ने बताया कि दुकान में करीब 10 से 12 लाख रुपये का माल पड़ा हुआ था। सभी सामान जल कर स्वाहा हो गया। सीएफओ निशांत कटारिया ने बताया कि अग्निकांड के कारणों की जांच की जाएगी। प्रथम दृष्टया आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी।

## बिजली विभाग ने 25 संयोजन काटे

**बाजपुर।** शुक्रवार को दोराहा से आई बिजली विभाग की टीम ने सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। विद्युत विभाग की टीम ने 25 बकायेदारों के कनेक्शन काटने के साथ पोल से केबिल भी काटी। अभियान के दौरान लगभग 50 उपभोगताओं से बिल से 3 लाख 50 हजार रुपए वसूले। एसडीओ ललित जोशी ने बताया कि जिस उपभोक्ता का भी बिल दस हजार से अधिक है अथवा तीन बिल से अधिक का बकाया है उन सभी उपभोक्ताओं के कनेक्शन व केबिल काटी जा रही है।


अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523


**सूचना**

मेरे पिता के सभी दस्तावेजों में उनका नाम सुचेत व जन्मतिथि 1/1/1947 जो की सही है। मेरे सैन्य दस्तावेजों में पिता का नाम सुचेत सिंह व जन्मतिथि 1/7/1946 दर्ज है जो गलत है। **- सूबेदार राजेश, आर्मी नंबर JC491851L**

**सूचना**

मेरी माता का नाम सभी दस्तावेजों में अंगूरी है। उनकी जन्मतिथि 1 जनवरी 1950 है। जो सही है। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी माता का नाम अंगूरी देवी जन्मतिथि 1/7/ 1949 दर्ज है जो गलत है। **- सूबेदार राजेश, आर्मी नंबर JC491851L**

**सूचना**

मेरी कक्षा 10 की अंकतालिका जिसका अनुक्रमांक 21140248 है, दिनांक 19-02-2024 को वास्तव में कहीं गुम हो गई है। किसी अन्य द्वारा इसका उपयोग अवैध होगा। **- बलजीत सिंह पुत्र अवतार सिंह, निवासी बरसाना कालोनी, कुण्डेश्वरी, काशीपुर, जिला-ऊधमसिंह नगर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री सोनाक्षी सैनी का हाईस्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 21137175 का मूल प्रमाण पत्र सं. 0073009 व अंकतालिका वास्तव में कहीं खो गये हैं। **सुनीता देवी पुत्री स्व. श्री जयपाल सिंह निवासी बसई जिला ऊधमसिंह नगर**

# हर्षोल्लास के साथ मनाया वार्षिकोत्सव

संवाददाता, रुद्रपुर



विजेताओं के साथ प्रधानाचार्य परविंदर पुरी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** लिटिल किंगडम प्रीपेट्री स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य परविंदर पुरी और उप प्रधानाचार्य सिमरन पुरी व विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। साथ ही कबूतरों को खुले आसमान में छोड़कर महोत्सव का आगाज किया।

शुक्रवार कार्यक्रम का शुभारंभ मार्च पास्ट से हुआ। इसके बाद नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। पहले दिन कक्षा प्रेप से लेकर कक्षा पांच तक सभी स्कूली बच्चों ने प्रतिभाग किया, जबकि दूसरे दिन प्ले ग्रुप से लेकर नर्सरी तक के बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान दौड़, योगा, बनी रेस, ओब्टेकल रेस, हर्डल रेस, शटल रेस, लेमन रेस, सैक रेस, व्हील ब्रौ, रिले रेस, और टैग प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेल प्रतियोगिता के अंत में विजेता प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल एवं ब्रांज मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य परविंदर पुरी ने सभी बच्चों को मानसिक और शारीरिक गतिविधियों में भाग करने के लिए प्रेरित किया।

# अमृतसर रेल सेवा की स्वीकृति पर बांटी मिठाई

**खुशी**

- विधायक अरोरा ने कार्यकर्ताओं के साथ जताई खुशी
- कहा-सिख समाज के लोगों व श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

संवाददाता, रुद्रपुर


रुद्रपुर में मिठाई खिलाते भाजपा कार्यकर्ता। साथ में विधायक शिव अरोरा।

**अमृत विचारः** तराई क्षेत्र की विगत 25 वर्षों की मांग पूरी होने पर विधायक शिव अरोरा ने कार्यकर्ताओं के साथ खुशी जताई और मिष्ठान वितरित किया। साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट का आभार जताया।

शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि ऊधमसिंह नगर को मिनी पंजाब की संज्ञा दी जाती है। यहां से अमृतसर दरबार साहिब के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं थी जिसकी मांग लंबे अरसे से होती आ रही है। इसको लेकर विधायक अरोरा ने जिला अध्यक्ष के समय से कई बार सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग उठायी थी।

साथ ही सांसद अजय भट्ट को भी इसका लिखित पत्र देकर आग्रह किया था। रुद्रपुर में सिख सम्मेलन के दौरान मंच से मुख्यमंत्री के समक्ष इस विषय को रखा था। इस पर सीएम ने आश्वस्त किया था कि अमृतसर ट्रेन सेवा शुरू कराने के लिये केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की थी।

उन्होंने कहा कि इस ट्रेन सेवा के शुरू होने से सिख समाज व ब्यास राधा स्वामी सत्संग के अनुयायी को बहुत बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही पहाड़ से अनेकों लोग बाघा बॉर्डर सेना में अपनी सेवा के लिये जाते हैं। उनके लिये भी यह ट्रेन बहुत लाभकारी सिद्ध होने वाली है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, शालिनी बोरा, सोनू अनेजा, अनमोल विर्क, राजेश बजाज, किरण विर्क, सुनील ठुकराल, सुनील यादव, राजीव शुक्ला समेत कई लोग मौजूद रहे।

# पंतनगर-ट्रांजिट कैंप इलाके में फिर सक्रिय हुए बाइक चोर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना पंतनगर और ट्रांजिट कैंप इलाके में एक बार फिर बाइक चोर गिरोह सक्रिय हो गया। पुलिस को चुनौती देते हुए चोरों ने दो बाइक व एक स्कूटी को चोरी कर लिया। पुलिस ने बाइक स्वामियों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार वार्ड-दो ट्रांजिट कैंप सूरज मंडल ने बताया कि 21 फरवरी की शाम सात बजे वह अपनी बाइक संख्या यूके-06 डब्लू-0975 को लेकर गोल मढैया पहुंचा और बाइक को लॉक कर दुकान पर चला गया। थोड़ी देर बाद वापस आने पर बाइक अपने स्थान से गायब थी। इसके अलावा ग्राम भजपुरी थाना दिनेशपुर निवासी रजत सिंह ने बताया कि उसका फुफेरा भाई विशाल सिंह सिडकुल की एक कंपनी में नौकरी करता है। चार जनवरी की सुबह साढ़े सात बजे वह उसकी बाइक संख्या यूके-06 एएन को लेकर कंपनी गया था और कंपनी गेट पर बाइक को खड़ा कर दिया। ड्यूटी पूर्ण होने के बाद जब वापस आया तो चोरी हो चुकी थी। उधर मेट्रोपोलिस निवासी रमेश कुमार ने बताया कि वह अपनी स्कूटी संख्या यूके-06 एक्यू-6964 को लेकर विकास भवन गया था और शाम साढ़े पांच बजे वापस लौटा तो स्कूटी पार्किंग स्थल से गायब थी। बाइक स्वामियों ने संबंधित थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# वर्करों को दी संचारी रोगों की जानकारी


प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** सीएमओ कार्यालय में जिले के हेल्थ केयर वर्कर का एक दिवसीय एकीकृत रोग निगरानी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान हेल्थ केयर वर्करों को सभी संचारी रोगों की निगरानी के लिए आवश्यक जानकारी दी गयी।

शुक्रवार को प्रशिक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने हेल्थ केयर वर्करों को बताया कि संचारी रोगों की निगरानी के साथ ही जानकारी होना जरूरी है। साथ ही ब्लॉक स्तर पर यदि किसी भी सदस्य को डायरिया, बुखार टाइफाइड होता है तो इसकी सूचना आशा सर्विलांस यूनिट को दें। ताकि संक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक दवाइयां जैसे ओआरएस अपने पास पर्याप्त मात्रा में रख सके। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीपी सिंह, जिला सर्विलांस अधिकारी-आईडीएसपी डॉ. राजेश आर्या, एपिडेमोलॉजिस्ट आईडीएसपी डॉ. संतोष पांडेय, तौफीक अहमद, मनोज कुमार आर्य, लक्ष्मी पोखरिया, रवि, पूजा, गीता, बृजबाला शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।


दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)


**खेल-खिलाड़ी** 23 से 25 फरवरी तक आयोजित होनी है नेशनल जु-जित्सु प्रतियोगिता

# जु-जित्सू चैंपियनशिप को टीम दून रवाना

संवाददाता, रुद्रपुर



देहरादून को रवाना होती ऊधमसिंह नगर की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** देहरादून में आयोजित नेशनल जु-जित्सू चैंपियनशिप 2023-24 में प्रतिभाग करने के लिए जनपद ऊधमसिंह नगर की जु-जित्सू टीम शुक्रवार की सुबह रवाना हो गयी है। इस दौरान जिला जु-जित्सू संघ ऊधमसिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती व कोषाध्यक्ष सिहान किशोर सिंह ने ऑनलाइन वीडियो कॉल कर शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

शुक्रवार को जानकारी देते हुए जु-जित्सू संघ ऊधमसिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से 23 से 25 फरवरी 2024 तक देहरादून में नेशनल जु-जित्सू चैम्पियनशिप आयोजित की जा रही है। जिसमें 25 राज्यों के 100 से अधिक रैफरी एंड ऑफिशियल्स सहित लगभग 1000 से अधिक खिलाड़ी जु-जित्सू खेल के ने-वाजा, फाइटिंग, कॉन्टैक्ट, डूओ एंड शो इवेंट्स में अपना जौहर दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों के मद्देनजर इस राष्ट्रीय जु-जित्सू चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। इस अवसर पर जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव विनय कुमार जोशी, अध्यक्ष रसिका सिद्दीकी, एक्सक्यूटिव डायरेक्टर सतीश जोशी, देवेंद्र रावत, विनोद लखेरा, विजेंद्र चौधरी, डीएसओ गिरीश कुमार, जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, वसीम खान, शेखर सक्सेना आदि ने बधाई दी है।

## जेसीज की वेदिका व भावेश का इंस्पायर अवार्ड में चयन


वेदिका जोशी।


भावेश गोस्वामी।

**रुद्रपुर।** जेसीज पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाली वेदिका जोशी और भावेश गोस्वामी को इंस्पायर अवार्ड 2023-24 के लिए चुना गया है। इस अवार्ड के लिए दोनों विद्यार्थियों को 10 हजार रुपये से पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के निदेशक सुधांशु पंत ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड का आयोजन हुआ था। जिसमें कक्षा सात की छात्रा वेदिका और कक्षा दस के छात्र भावेश को अवार्ड के लिए चयन हुआ है। इस अवार्ड के लिए विद्यार्थियों के द्वारा सर्वोत्तम एवं सार्थक विचारों का चयन जिला अधिकारियों द्वारा किया गया। विद्यार्थियों द्वारा वॉच इम्लीमेंट व सामंजस्य पारदर्शिता के साथ स्मार्ट विंडो का प्रोजेक्ट ऑनलाइन प्रस्तुति किया था। जिसके आधार पर मेधावी विद्यार्थियों को इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने हर्ष जताया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### कार और बाइक की टक्कर में तीन घायल एक रेफर

**खटीमा।** कार व बाइक की आमने-सामने हुई भिड़ंत में कार और बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बाइक सवार को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। खटीमा टनकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चकरपुर पुलिस चौकी के पास गुरुवार देर रात्रि बाइक और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार गांधीनगर बानूसा निवासी भूपेंद्र कुमार और जसविंदर सिंह तथा कार चालक नानकमत्ता निवासी राजवीर सिंह घायल हो गए। घायलों को 108 वाहन की सहायता से नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जसविंदर सिंह को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# डंपर की टक्कर से छात्र की मौत, साथी घायल

संवाददाता, बाजपुर

**हादसा**

- पेट्रोल पंप के पास डंपर चालक ने बाइक को मारी टक्कर
- मृतक के भाई ने डंपर चालक के खिलाफ दर्ज कराया मामला

**अमृत विचार:** पेट्रोल पंप के पास डंपर चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार बीए प्रथम वर्ष के एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। छात्र के भाई ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

ग्राम रानीनांगल फौजी कालौनी निवासी किशन चौहान पुत्र स्व. बसन्त चौहान ने मामला दर्ज कराते हुए कहा है कि गुरुवार को दिन में करीब 11 बजे उसका भाई आदर्श चौहान अपने मित्र विशाल के साथ बाइक पर पीछे बैठकर घर को आ रहा था। जैसे ही भाई व विशाल फौजी कालौनी स्थित पेट्रोल पम्प से पेट्रोल डलवाकर घर के लिए निकले तो डम्पर संख्या यूके 08सीवी2411 के चालक ने तेज गति से पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों को काफी गम्भीर चोटें आईं। स्थानीय लोग घायलों को जिला उप अस्पताल में लाए जहां डॉक्टरों ने आदर्श चौहान को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक चंपर को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

## सीडीओ ने किया डीपीआरओ दफ्तर का औचक निरीक्षण, रिटायर्ड वीडीओ के देयकों का भुगतान न होने से खफा

# कर्मचारी 10 बजे हर हाल में पहुंचें दफ्तर: सीडीओ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को समय पर ऑफिस में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। साथ ही सेवानिवृत्त ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को देयकों का भुगतान नहीं होने पर नाराजगी जतायी।

शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी सुबह 10.15 बजे जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय पहुंचे और निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि यह तय कर लें कि प्रत्येक दिन सभी कार्मिक सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थित होकर पूर्ण पारदर्शिता के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई कर्मचारी विलंब से कार्यालय में उपस्थित होते हैं या बिना सूचना के अनुपस्थित पाये गये तो संबंधित कार्मिक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने मुख्यालय में निवास करते हुए मोबाइल ऑन रखेंगे। साथ ही कर्मचारियों की बायोमैट्रिक मशीन से प्रिंट निकालकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने 30 नवंबर 2022 को सेवानिवृत्त हुए ग्राम पंचायत विकास अधिकारी इशराह हुसैन को अभी तक सेवानिवृत्त लाभ न मिलने को गंभीरता से लेते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी को समस्त देयकों का नियमानुसार शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि निर्माणाधीन पंचायत भवनों का निर्माण कार्य नियमानुसार व उच्च गुणवत्ता के साथ 10 मार्च 2024 तक पूरा करें।


डीपीआरओ कार्यालय में रजिस्टर की जांच करते सीडीओ मनीष कुमार।

### धनराशि व्यय कर भेजें उपयोगिता प्रमाण पत्र

**रुद्रपुर।** मुख्य विकास अधिकारी ने राज्य योजना एवं केंद्र योजना के तहत अवशेष धनराशि को फरवरी माह के अंत तक नियमानुसार व्यय करने के साथ ही उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर परिसंपत्ति पंजिका सहित सभी पंजिकाएं उपलब्ध होने व परिसंपत्ति पंजिका में ग्राम पंचायत में निर्मित प्रत्येक परिसंपत्ति का पूर्ण विवरण अध्यावधिक रूप से अंकित कराने के भी निर्देश निरीक्षण के दौरान दिए।

# निवर्तमान मेयर व कांग्रेस महानगर अध्यक्ष में मारपीट

## सीपी शर्मा व रामपाल ने लगाए एक-दूसरे पर आरोप, जिला अस्पताल में जुटी भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़

**हंगामा**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आगामी चुनाव की सरगर्मी जहां राजनीतिक गलियारों में देखने को मिल रही है। वहीं सत्ताधारी निवर्तमान मेयर और कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष के बीच शिलापट को लेकर हुई हाथापाई चर्चा की सुर्खियां बन गई। हाथापाई के कारण मामूली रूप से चोटिल हुए दोनों ही नेताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर अपना मेडिकल बनवाया और मेडिकल रिपोर्ट बनाते हुए एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। हाथापाई की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया और एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

बताते चलें कि अटरिया मार्ग स्थित शक्ति विहार कॉलोनी के मुख्य गेट पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह द्वारा कराए गए सड़क निर्माण का शिलापट लगा है। इसी कॉलोनी में निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह और कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा का भी आवास है। जिसको लेकर अक्सर महानगर अध्यक्ष और निवर्तमान मेयर के बीच राजनीतिक कुश्ती होती रहती है। यही वजह है कि शुक्रवार की दोपहर एक बजे निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह और महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा के बीच शिलापट को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों में हाथापाई शुरू हो गई। जिसे देखकर मेयर के अंगरक्षक ने दोनों को छुड़ाने का काफी प्रयास किया।

इस बीच दोनों नेताओं के समर्थक पहुंच गए और हाथापाई के कारण निवर्तमान मेयर व महानगर अध्यक्ष मामूली रूप से चोटिल हो गए। कांग्रेस और भाजपा के दोनों नेताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर अपना मेडिकल कराया। घटना की सूचना मिलते ही विधायक शिव अरोरा, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा सहित बड़ी संख्या में समर्थक अस्पताल पहुंच गए। वहीं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, संदीप चीमा भी समर्थकों के साथ मौके पर आ गए। जिससे भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के बीच तनाव जैसे हालात पैदा होने लगे। बावजूद दोनों नेताओं ने शांतिपूर्वक ढंग से मेडिकल करवाकर सिडकुल चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।


रुद्रपुर जिला अस्पताल जुटी कार्यकर्ताओं की भीड़। ● अमृत विचार



विवादित शिलापट। ● अमृत विचार

### शिलापट आखिर क्यों है विवाद का कारण

**रुद्रपुर।** शुक्रवार को निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह और महानगर अध्यक्ष कांग्रेस सीपी शर्मा के बीच विवाद का मुख्य कारण मुख्य गेट पर लगा शिलापट है। 2 फरवरी 2023 को मेयर रामपाल सिंह द्वारा साढ़े बारह किलोमीटर सफेर्सिंग एवं रिपेयरिंग का कार्य करवाया था। जिसका शिलापट मुख्य गेट पर लगा था। मगर उस शिलापट्ट पर कॉलोनी के सोसायटी अध्यक्ष एवं वर्तमान कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा का नाम अंकित नहीं था। इसी को लेकर महानगर अध्यक्ष के मन में टीस थी। वहीं दूसरी ओर मुख्य गेट को चौड़ा करने के लिए विधायक निधि से प्रस्ताव बन चुका था। इसी को मुद्दा बनाते हुए महानगर अध्यक्ष ने भ्रष्टाचार का आरोप मेयर पर लगाया और गेट को चौड़ा करने की मुहिम छेड़ दी। तभी से लेकर दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक कुश्ती का खेल शुरू हो गया और अक्सर दोनों नेता एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोलते रहे।


अस्पताल में उपचार कराते कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा।

### मेयर ने सौंपी तहरीर हमले का लगाया आरोप

**रुद्रपुर।** मेयर रामपाल सिंह ने सिडकुल चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दोपहर एक बजे वह पार्षद प्रमोद शर्मा के साथ रानीबाग से अंतिम संस्कार से वापस लौट रहे थे कि कॉलोनी के मुख्य गेट पर पहुंचा तो देखा कि महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा सरकारी शिलापट को तुड़वाने की कोशिश कर रहे है। विरोध किया तो कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने अपने साथियों के साथ मिल कर हाथापाई शुरू कर दी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर उन्हें बचाया। मेयर ने महानगर अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### महानगर अध्यक्ष ने तहरीर देकर लगाए आरोप

**रुद्रपुर।** कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को वह मुख्य गेट पर खड़े थे कि अचानक मेयर राम पाल अपने साथियों के साथ गाड़ी से उतरे और बेवजह अभद्रता करने लगे। विरोध किया तो वार्ड के पार्षद, पार्षद के रिश्तेदार व अपने परिवार के लोगों को बुलाकर हमला शुरू कर दिया और बीच बचाव को आए साथी से अभद्रता करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। महानगर अध्यक्ष ने सिडकुल चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### अपना-अपना तर्क


अस्पताल में भर्ती निवर्तमान मेयर का हालचाल जानते विधायक अरोरा।

"शक्ति विहार कॉलोनी सोसाइटी का पदाधिकारी होने के नाते शुक्रवार को कॉलोनी के बनाए गए ग्रुप में शिलापट को सम्मानपूर्वक हटाकर दूसरे स्थान पर लगाने का संदेश भेजा गया था। जिसका सभी ने संदेश देकर सहमति जताई, क्योंकि शिलापट नहीं हटने से गेट का चौड़ीकरण करना संभव नहीं था। इसलिए वह शिलापट हटाने नहीं, बल्कि स्थान देखने गए थे। मगर निवर्तमान मेयर ने समर्थकों के साथ हमला बोल दिया और मेयर के अंगरक्षक ने उनकी जान बचाई।

**-सीपी शर्मा**, महानगर अध्यक्ष, कांग्रेस

"शक्ति विहार शिलापट को लेकर महानगर अध्यक्ष कई बार विवाद कर चुका है, जबकि निगम के सरकारी बोर्ड को हटाने का अधिकार निगम का होता है। यहां तक कि शिलापट को लेकर वह हर जांच को तैयार थे। मगर शुक्रवार को दबंगई दिखाते हुए सीपी शर्मा ने हमला किया, जबकि गेट को लेकर कॉलोनी वासियों ने निर्णय दे दिया था। परिवार के लोगों को आता देख महानगर अध्यक्ष भागने लगे और नीचे गिरकर चोटिल हुए हैं। कांग्रेस नेता द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं।

**-रामपाल सिंह**, निवर्तमान मेयर नगर निगम

"शिलापट तोड़ने या हटाने का फैसला सरकारी होता है। ऐसे में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष द्वारा समर्थकों के साथ निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह पर हमला करना घटिया मानसिकता का परिचय देता है और यह कृत्य अशोभनीय है। जिसकी घोर निंदा की जाती है। जो कांग्रेस के संस्कार और सोच को दर्शाता है कि विकास कार्यों के शिलापट को जबरन हटाने का कार्य कर रहे हैं। पुलिस को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

**-शिव अरोरा**, विधायक, रुद्रपुर

# एमआरडब्लूए सोसाइटी के अध्यक्ष सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**ठगी का आरोप**

- लक्की ड्रा की आड़ में 22.50 लाख की ठगी का आरोप

**अमृत विचार:** शहर की पॉश कॉलोनी के रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों पर लक्की ड्रा लॉटरी की आड़ में लाखों की ठगी करने का मामला सामने आया है। याचिकाकर्ता का आरोप था कि आरोपियों ने कॉलोनी में लॉटरी टिकट दशहरा का आयोजन किया और हजारों टिकट बेचने के बाद चिट फंड मनी सर्कुलेशन का उल्लंघन किया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मेट्रोपोलिस सिटी के रहने वाले महेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने याचिका दायर करते हुए बताया कि वहां के रहने वाले बिहारी लाल चोमवाल, हितेश लालवानी, मेट्रोपोलिस रेजिडेंस वेलफेयर सोसाइटी के सचिव सुनील शुक्ला, सोसाइटी के अध्यक्ष देवेंद्र शाही और उपाध्यक्ष विक्रांत फुटेला द्वारा कॉलोनी परिसर में लॉटरी टिकट एवं दशहरा का आयोजन किया था। जिसमें लक्की ड्रा के नाम पर 25000 स्थानीय एवं बाहरी लोगों को 100 रुपये प्रति लॉटरी के हिसाब से बिक्री की और 25 लाख रुपये एकत्रित किया। आरोप था कि दशहरा आयोजन के कुछ दिन बाद आयोजकों ने अचानक नियम विरुद्ध लक्की ड्रा यानी लॉटरी टिकट की घोषणा कर महज 2.50 लाख रुपये कीमत का पुरस्कार वितरित कर दिया, जबकि लॉटरी बिक्री के दौरान आयोजकों ने कई प्रलोभन देने वाली घोषणाएं की थी। याचिकाकर्ता का आरोप था कि आयोजकों ने चिट फंड योजना एवं मनी सर्कुलेशन अधिनियम का उल्लंघन किया और 22.50 लाख रुपये ठग लिए। आरोप था कि प्रकरण की जांच को लेकर एसएसपी सहित सिडकुल चौकी पुलिस को शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की। मगर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

## पुलिस ने दो नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

**काशीपुर।** उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह सामंत ने टीम के साथ केलामोड़ के पास चेकिंग के दौरान प्रतापपुर की ओर से आ रहे दो बाइक सवार संदिग्ध युवकों को रोकने का इशारा किया, तो हड़बड़ी में दोनों अनियंत्रित होकर बाइक से सड़क किनारे गिर गये।

शक होने पर पुलिस ने दोनों को दौड़कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से पुलिस को एक किलो 370 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम जयप्रकाश सैनी व अक्षय निवासी ग्राम कनौरी सुल्तानपुर पट्टी, बाजपुर बताया। साथ ही गांजा बरेली से लाकर यहां बेचने की बात कही। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दोनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# पत्नी को चाकू मारकर फरार हो गया पति

**हंगामा**

- आरोपी पति ने अपने ससुराल में हंगामा करते हुए सिर पर किया हमला

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में आरोपी पति ने अपने ससुराल में हंगामा करते हुए धारदार चाकू से पत्नी पर हमला बोल दिया। सिर पर चाकू के हमले से पीड़िता महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद लोगों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया।

घटना में घायल महिला को इलाज के लिए नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को घर भेज दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलभट्टा थाना पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर पुलभट्टा कॉलोनी निवासी निशा पत्नी संजू को घायल अवस्था में परिजन इलाज के लिए नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। महिला के सिर पर गहरा घाव होने से लगातार खून बह रहा था। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद पुलभट्टा कॉलोनी निवासी निशा ने बताया कि उसका विवाह करीब एक वर्ष पूर्व कालोनी निवासी संजू के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिनों बाद ही ससुरालियों ने पीड़िता को प्रताड़ित करते हुए घर से निकाल दिया। इस पर वह अपने मायके आ गई और कई महीनों से परिजनों के साथ रहती है।

पीड़िता के अनुसार शुक्रवार दोपहर पति संजू उसके मायके पहुंचा और गाली गलौज करते हुए पीड़िता के सिर पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया। घटना में पीड़िता के सिर पर गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा। शोर सुनकर तमाम लोगों के मौके पर पहुंचने के बाद आरोपी पति संजू जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए कहा कि शादी के समय दहेज में दिए गए स्त्री धन को भी पति संजू ने बेच दिया है। पीड़िता ने पति संजू से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।


किच्छा में घायल पीड़िता को इलाज के बाद घर ले जाते परिजन। ● अमृत विचार

**निरीक्षण** — एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने किया कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण, बोले जिले के सभी 17 थाने होंगे संसाधनों से युक्त

# अपराधों पर रोकथाम को सीसीटीवी कैमरे लगाएं : एसएसपी

अमृत विचार, बाजपुर

**अमृत विचार:** जनपद के सभी 17 थाने आधुनिक संसाधनों व सुविधाओं से युक्त होंगे। सभी को मॉडल थाना बनाने के लिए लगातार सुविधाएं बढ़ाने पर कार्य किया जा रहा है। यह बात एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। वह यहां कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण करने आए थे।

शुक्रवार को एसएसपी ने कोतवाली में कहा कि थानों के भवन सही हो तथा बैरक, मालखाना, मैस ( रसोई ) सही हो, इसके लिए कार्य किया जा रहा है। उनका प्रयास है कि सभी थाने मॉडल हों और सभी सुविधाएं उपलब्ध हों। वहीं अपराध नियंत्रण पर उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों, नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं, व्यापारियों व नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। ऐसा होने से अपराध पर बड़ा अंकुश लग सकता है। वहीं उन्होंने यातायात व्यवस्था को दुरस्त करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर कार्रवाई करने के आदेश दिए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि बाजार में रोड पर वाहन न खड़े हों। उन्होंने थाने का निरीक्षण कर कमियों में सुधार के निर्देश दिए। इस मौके पर एसपी अभय प्रताप सिंह, कोतवाल नरेश चौहान, एसआई जसवीर सिंह चौहान सहित सभी पुलिस चौकियों के प्रभारी मौजूद रहे।

इस दौरान चोरी के खुलासे आदि को लेकर व्यापार मंडल के अध्यक्ष गणेश राय खुल्लर, पूर्व प्रधान लियाकत अली, साबिर आदि ने एसएसपी को बुके देकर स्वागत किया। एसएसपी ने कोतवाली में लोगों की बैठक लेकर बेहतर पुलिसिंग के लिए सुझाव मांगे। जिसमें सपा के अरविंद यादव ने प्रत्येक पुलिस बीट में बीट प्रभारी, पुलिस चौकी व थाने का नंबर अंकित करवाने तथा बाजपुर दोराहा से बरहेनी तक स्पीड चेतावनी बोर्ड लगवाने की मांग की। मोहन सिंह ने छोई रोड पर पुलिस चेक पोस्ट खुलवाने, व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश राय खुल्लर, लियाकत अली, साबिर, मोहन सिंह ,जरनेल सिंह ने नशे आदि की समस्याएं उठाईं। बैठक में लोगों ने जब स्मैक आदि नशे की बिक्री का मुद्दा उठाया तो एसएसपी ने सभी को आडे.हाथों लेते हुए कहा कि इसके लिए हम स्वयं जिम्मेदार हैं। हम अपने बच्चों को जरूरत से अधिक खर्चा देते हैं और उन पर नजर नहीं रखते। कहा कि पुलिस पर आरोप लगाना आसान है कि नशा बिक रहा है लेकिन खरीद कौन रहा है इस पर भी ध्यान दें।


बाजपुर कोतवाली में जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ता करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

# हाईवे किनारे मिला चालक का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर हाईवे पर एक चालक का शव पड़ा होने की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में व्यक्ति को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों ने हत्या की आशंका जताई।

ग्राम सिलानवादिया नवाबगंज यूपी निवासी 40 वर्षीय महेंद्र पाल गांव में ही परिवार के साथ रहता था। काशीपुर हाईवे स्थित एक कंपनी की गाड़ी चलाने का कार्य करता था। बताया जा रहा है कि रोजमर्रा की भांति गुरुवार को महेंद्र ड्यूटी पर गया था और शाम को बेटे पंकज से भी बात हुई। उसके बाद से चालक ने किसी का फोन नहीं उठाया। शुक्रवार की सुबह राहगीरों को काशीपुर हाईवे स्थित धौलपुर गांव के समीप चालक का बेसुध पड़ा दिखा और सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस ने चालक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। वहीं पिता की मौत की खबर सुनते ही मृतक का बेटा पंकज रिश्तेदारों के साथ मौके पर पहुंचा और पिता की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से जांच की मांग की। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि होगी। सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

## एक नजर

### ग्रामीणों ने लगाया आम रास्ते पर कब्जे का आरोप

**काशीपुर।** ग्राम बघेलेवाला वासियों ने गांव के एक व्यक्ति पर आम रास्ते पर अवैध निर्माण करने का आरोप लगाया है। जिस पर कार्यवाही की मांग को लेकर उन्होंने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। शुक्रवार को ग्राम बघेलेवाला वासियों ने उपजिलाधिकारी को दिये ज्ञापन में कहा कि गांव के एक आम रास्ते पर गांव का ही एक व्यक्ति अवैध तरीके से भरान कर उस पर निर्माण करा कब्जा करना चाह रहा है। जबकि संपत्ति सरकारी है, जहां से लोग पैदल आते जाते हैं। कहा कि आरोपी व्यक्ति प्रकरण में बोलने पर गाली गलौज और फौजदारी को भी आमादा हो जाता है। जिससे गांव वालों में रोष है। ज्ञापन देने वालों में बाज सिंह, उमेश सिंह, छिंदर सिंह, इंदर सिंह, मनिंद्र सिंह, अवतार सिंह, मेघनाथ सिंह आदि के हस्ताक्षर है।

### मतदाता जागरूकता को प्रतियोगिताओं का आयोजन

**काशीपुर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत खेल विभाग के अधीन कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत स्पोर्ट्स स्टेडियम काशीपुर में क्रॉस कंट्री व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। सहायक प्रशिक्षक मोहित सिंह ने बताया कि स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के प्रचार प्रसार के लिए खेल विभाग के अधीन मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम काशीपुर में क्रॉस कंट्री ओपन आयु वर्ग (बालक/बालिका) और फुटबॉल ओपन वर्ग बालक का आयोजन रविवार 25 फरवरी 2024 को होगा।

# गुस्साए किसानों ने किया प्रदर्शन, हरियाणा सरकार का पुतला फूंका

## खनौरी बॉर्डर पर 21 साल के शुभकरण की मौत पर आक्रोश जताया, दिवंगत किसान को दी श्रद्धांजलि, किसानों के बर्बर दमन को तानाशाही बताते हुए निंदा की

आक्रोश

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** पंजाब-हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर 21 साल के शुभकरण की मौत के विरोध में किसानों ने ब्लैक डे मनाया और हरियाणा सरकार का पुतला फूंककर जोरदार प्रदर्शन किया। इसके उपरान्त शुभकरण सहित अब तक आंदोलन में शहीद हुए सभी किसानों को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और राज्य के गृह मंत्री अनिल विज से इस्तीफा लेने, उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज करने तथा किसानों की हत्या व दमन की न्यायिक जांच कराने की मांग की है।

एसकेएम के आह्वान पर किसानों के दमन के खिलाफ शुक्रवार को बाजपुर में तहसील परिसर के मुख्य गेट पर हरियाणा सरकार का पुतला दहन किया गया। किसानों ने तहसील परिसर में शहीद शुभकरण सिंह को श्रद्धांजलि दी व 2 मिनट का शोक व्यक्त किया। बताते चलें कि पुलिस गोलीबारी में शुभकरण की उस समय मौत हो गई थी, जब हरियाणा पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई। वक्ताओं ने कहा कि आंदोलनकारियों का दमन तथा हत्या करने के आरोप में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के मुख्यमंत्री और राज्य के गृह मंत्री, मनोहर लाल खट्टर और अनिल विज को इस्तीफा देना चाहिए। वहीं इनके खिलाफ 302 में मुकदमा दर्ज करने की भी मांग की गई है। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष करम सिंह पड्डा, भारतीय किसान यूनियन एकता उगराह प्रदेश अध्यक्ष बल्ली सिंह चीमा, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, दलजीत सिंह रंधावा, हरदेव सिंह, बलकार सिंह ,इकबाल सिंह, राजा सिंह ,जसवीर सिंह भुल्लर, जगराज सिंह, निशांत सिंह, हरप्रीत सिंह निज्जर, महेन्द्र सिंह, सुरेश गोयल, महेन्द्र सिंह चौहान राजकिशोर सिंह, गगन सरना, बस्सन सिंह आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।



बाजपुर तहसील गेट पर हरियाणा सरकार का पुतला फूंकते किसान। ● अमृत विचार



एमपी चौक पर गृहमंत्री व हरियाणा के सीएम का पुतला फूंकते किसान। ● अमृत विचार

### एकजुट हैं किसान, धमकियों से नहीं डरेंगेः पड्डा

**बाजपुर।** भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने कहा कि किसानों के संगठन अलग- अलग हो सकते हैं लेकिन इस समय सभी संगठन एक हैं जो अपना हक लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी मिली थी कि हरियाणा सरकार किसान नेताओं के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई शुरू कर रही है। साथ ही अंबाला पुलिस ने कहा है कि प्रदर्शनों के दौरान सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई आंदोलनकारी किसान नेताओं से ही होगी। लेकिन इनसे डरकर किसान पीछे हटने वाले नहीं है। कहा कि किसान-मजदूर मोर्चा दिल्ली कूच पर शनिवार को फैसला लेंगे। आंदोलन के चलते 26 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च और 14 मार्च को दिल्ली रामलीला मैदान में महापंचायत का फैसला लिया गया है। इसमें उनके संगठन के लोग जैसा आदेश करेंगे वैसा सहयोग किया जायेगा ।

# किसानों की मांगों को पूरा करे सरकार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन उग्रहाँ के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटटर, गृहमंत्री अनिल बिज़ का पुतला फूंका गया। इसमें इंक़लाबी मज़दूर केंद्र और क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के प्रतिनिधि भी शामिल रहे।

भारतीय किसान यूनियन उग्रहाँ के प्रदेश प्रवक्ता अवतार सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से पंजाब हरियाणा के शम्भू और खनौरी बॉर्डर पर हरियाणा की पुलिस और अर्धसैनिक बल किसानों का भीषण दमन कर रहे हैं। यह किसान मोदी सरकार से फसलों की एमएसपी पर खरीद के लिए कानून बनवाने की मांग कर रहे हैं और इसके लिए वह दिल्ली जाना चाहते हैं, लेकिन हरियाणा सरकार ने किसानों को दिल्ली जाने के सभी रास्तों पर नाकाबंदी कर पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात कर दिये हैं, जो किसानों की हत्ताएं कर रहे हैं। कई किसान अभी तक शहीद हो चुके हैं और सैकड़ों किसान घायल हैं। जिसको लेकर आज संयुक्त किसान मोर्चा ने किसानों के दमन की तीव्र निंदा की है और आज देश के अलग-अलग हिस्सों में विरोध प्रदर्शन आयोजित किये हैं और पुतला दहन किया। इस दौरान किसानों ने मोदी सरकार को चेतावनी दी कि वह अपने किये वादों को पूरा करे और किसानों का दमन बंद करे। शांतिपूर्वक किसान संगठनों के साथ वार्ता करे। इस दौरान पंकज, प्रेम प्रसाद आर्या, दिलबाग़ सिंह, रघुवीर सिंह, भाला सिंह, मुख्त्यार सिंह, महेन्द्र सिंह, जसविंदर सिंह, रमेश कुमार, सुरेश कुमार, विनोद कुमार, निसार अहमद, रफीक, अहमद, अनवर, निर्मल सिंह रहे।

# निदेशक से की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग

अमृत विचारः काशीपुर

**अमृत विचारः** उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट के देहरादून लौटते समय काशीपुर में उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया । साथ ही अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की समस्याओं को लेकर उन्हें एक मांग पत्र भी सौंपा।

उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मेजर स्वतंत्र कुमार मिश्रा ने मांग पत्र में उल्लेखित चयन प्रोन्नत वेतनमान के प्रकरणों का वर्ष में दो बार निर्धारण कराने, शिक्षकों की पदोन्नति, पेंशन व जीवन बीमा प्रकरण, जी पी एफ प्रकरणों आदि मांगों को जनपद, मंडल स्तर पर पत्रावलियों के समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए बिंदुवार माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट के समक्ष रखा।

निदेशक श्री बिष्ट ने अशासकीय विद्यालयों की लंबित समस्याओं के जल्द निस्तारण के लिए पदाधिकारियों को आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने मंडल स्तर पर शीघ्र बैठक कराए जाने की बात कही। उन्होंने शिक्षकों से परीक्षाओं में बेहतर परिणामों की उम्मीद जताई। इस दौरान प्रांतीय प्रवक्ता कौशलेश गुप्ता जिला मंत्री मनोज शर्मा दीपक जोशी मौजूद रहे।

### कच्ची शराब के धंधे में लिप्त तीन लोग पकड़े

**काशीपुर।** टांडा उज्जैन चौकी प्रभारी मनोज जोशी ने गश्त के दौरान दढ़ियाल फाटक के पास के सोनू निवासी पंडित नगला थाना कटघर जिला मुरादाबाद को 50 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

उधर, प्रतापपुर चौकी पुलिस ने राजपुताना रोड पर अमरूद के बगीचे में कच्ची शराब बेचते ग्राम प्रतापपुर निवासी शंकर सैनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 10 लीटर कच्ची शराब दी। वहीं पैगा चौकी प्रभारी अनिल उपाध्याय ने गश्त के दौरान महुआखेड़ा निवासी सोमवीर सिंह को 25 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

# लोस चुनाव को जुटें कार्यकर्ता

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** भाजपा नगर मंडल द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान का आयोजन रतन सिनेमा रोड स्थित एसआरएस मॉल पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा का भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लाभार्थी संपर्क अभियान के महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की गति में आगे बढ़ रहा है। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि लाभार्थियों से संपर्क कर भारतीय जनता पार्टी की नीतियां बताएं। अध्यक्षता करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा कि नगर मंडल कार्यशाला लाभार्थी जनसंपर्क अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित विकास की योजनाओं का लाभ जनता को दिलाना है। साथ ही लोगों को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राम मेहरोत्र, ईश्वर चंद्र गुप्ता, लवीश अरोरा, दीपक मित्तल, राहुल पैगिया, अशोक सैनी, राजेंद्र सैनी, वैशाली गुप्ता, अमित नारंग, अभिनव राजपूत, सचिन ठाकुर, कल्पना राणा, रेखा सक्सेना, ऊषा शर्मा, कविता यादव, सर्वेश शर्मा, संजय गुप्ता, नितिन गोले, राजीव अरोड़ा, फारुख खान, आरिफ, सुरेश सैनी रहे।




लाभार्थी संपर्क अभियान में जिलाध्यक्ष का स्वागत करते भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष।

## सार-संक्षेप

### गन्ना अनुसंधान केंद्र पर किसानों को कराया भ्रमण

**काशीपुर।** गन्ना अनुसंधान केंद्र तथा आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग एवं शोध निदेशालय पंतनगर के समन्वय से अखिल भारतीय गन्ना शोध परियोजना के अंतर्गत गन्ना अनुसंधान केंद्र पर कृषक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी गन्ना अनुसंधान केंद्र डॉ. संजय कुमार द्वारा गन्ना बुवाई की तैयारी, मिट्टी परीक्षण, गहरी जुताई, सिंगल बड एवं ट्रेंच विधि द्वारा गन्ना उत्पादन की विस्तृत जानकारी किसानों को दी। परियोजना समन्वयक डॉ. आनंद सिंह जीना ने गन्ना प्रजातियों के विकास, उन्नतशील प्रजातियां एवं उनके महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान गन्ना प्रजाति को पंत 12221, को. पंत 13224 एवं को .पंत 1226 की किसानों द्वारा सराहना की गई। वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. सिद्धार्थ कश्यप ने गन्ने में लगने वाले रोग एवं कीटों से बचाव के उपाय किसानों को बताए। डॉ. मुन्ना लाल द्वारा गन्ने की बुवाई की विधियां एवं कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्रगतिशील किसान हरदयाल सिंह, प्रवीन कुमार, जोगेंद्र सिंह, मौ. जाकिर अली, विरेंद्र कुमार आदि 25 से अधिक किसानों द्वारा गन्ना कृषक भ्रमण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। वहीं बबीता रानी, रामचंद्र व विनोर्द कुमार ने पंजीकरण एवं व्यवस्था संचालन का कार्य किया।



मनोकामना मंदिर की स्थापना दिवस पर कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं।

### मनोकामना मंदिर की स्थापना दिवस पर निकाली कलश यात्रा

**सुल्तानपुर पट्टी।** जीजीआईसी इंटर कॉलेज के पास मनोकामना मंदिर की स्थापना दिवस के मौके पर मंदिर कमेटी द्वारा 101 कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा कोसी शिव मंदिर से शुरू होकर बुध बाजार चौराहा से मैन बाजार होते हुए मंदिर में सम्पन हुई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं व श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा में डीजे में भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर डांस किया। जिससे पूरा नगर भक्तिमय हो गया। वहीं मंदिर अध्यक्ष लज्जा सैनी ने बताया कि मंदिर की स्थापना दिवस के मौके पर नगर में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। रात्रि को मंदिर में माता रानी का विशाल जागरण किया जायेगा और शनिवार को भंडारे का आयोजन भी कराया जाएगा। यात्रा में कृष्णा चंद्रा, अर्चना, पिंकी, जय मुखी, हर प्यारी, राधा, किरन, समाजसेवी राजीव सैनी, कृपाल सैनी, हरी सिंह, सुमन, कंचन आदि रहे।

### पुलिस ने दो वारंटी किए गिरफ्तार

**किच्छा।** पुलभट्टा थाना अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फौजदारी वाद अंतर्गत धारा 138 एनआई एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे वारंटी वार्ड नंबर 20, सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी रुबेद खान एवं वार्ड नंबर 18, सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी शाकिर को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि टीम का गठन कर फरार आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# आज शक्तिफार्म में होगा दंगल

खेल

**▸▸ एशियन गोल्ड मेडलिस्ट जोंटी पहलवान व अर्जुन अवार्डी सुनील राणा लेंगे भाग**

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचारः** उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के करीब एक सौ पहलवानों के बीच शनिवार को दंगल होने जा रहा है। इसमें देशभर के नामचीन पहलवान दमखम दिखाएंगे।

नगर के केशव सूर्यमुखी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन परिसर में आज आयोजित होने वाले सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कासगंज के सांसद बृजभूषण सिंह, उत्तर प्रदेश कुश्ती संगठन के अध्यक्ष करण भूषण सिंह एवं उत्तराखंड कुश्ती संगठन के महासचिव डॉ. एसपी देशवाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। आयोजक, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे स्व. ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह के पुत्र एवं समाजसेवी ठाकुर शिववर्धन सिंह ने बताया कि उनके पिता की कुश्ती में विशेष रुचि थी। जिस कारण उनके प्रथम पुण्यतिथि पर सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक कर कुश्ती के प्रति उनका रुझान बढ़ना है। वहीं, उत्तर प्रदेश कुश्ती संगठन के अध्यक्ष करण भूषण सिंह व सचिव सुरेश चंद्र उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि देशभर से करीब एक सौ नामचीन महिला एवं पुरुष पहलवानों के बीच कुश्ती प्रतियोगिता होगी।



प्रेस को जानकारी देते उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष, सचिव एवं आयोजक।

### प्रेरणा कार्यक्रम का हुआ समापन

**काशीपुर।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में नेतृत्व पर ३प्रेरणा३ नामक प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) का समापन हुआ। अक्टूबर 2023 से फरवरी 2024 तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों के बीच नेतृत्व क्षमताओं को बढ़ाना और पेशेवर विकास को बढ़ावा देना है।

आईआईएम काशीपुर के निदेशक डॉ. कुलभूषण बलूनी ने अधिकारियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने आईआईएम काशीपुर और वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बीच अपनी तरह की पहली पहल को चिह्नित करते हुए इस सहयोग के ऐतिहासिक महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये।

# सजा के खिलाफ दायर की गई अपील खारिज

संवाददाता, काशीपुर

झटका

**▸▸ चेक बाउंस के एक मामले में सजा के खिलाफ प्रथम एडीजे कोर्ट में दायर की थी याचिका**

**अमृत विचारः** चेक बाउंस के एक मामले में सजा के खिलाफ दायर अपील प्रथम एडीजे कोर्ट ने सुनवाई के बाद खारिज कर दी है।

सुभाष नगर निवासी मनोज कुमार पुत्र धर्मपाल ने एसीजे तृतीय की अदालत में परिवाद प्रस्तुत किया था कि उसने पहचान के चलते आवास विकास कालोनी निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र झब्बा सिंह को चार लाख रुपये उधार दिए थे। लेकिन उसने रकम नहीं चुकाई। बाद में उसने चेक दिया, जो 05 अप्रैल 2018 को खाते में लगाने पर बाउंस हो गया। परिवाद की सुनवाई कर अदालत ने 17 जनवरी 2023 को आरोपी जितेंद्र सिंह को तीन माह की सजा और साढ़े चार लाऽ रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। सजा के फैसले को जितेंद्र ने प्रथम एडीजे की अदालत में अपील दायर कर चुनौती दी। अधिवक्ता बीसी हरबोला व महेंद्र सिंह ने अपील का विरोध किया। संबंधित पक्षों को सुनने के बाद प्रथम एडीजे विनोद कुमार ने अपील को खारिज कर अवर न्यायालय के सजा के फैसले को बरकरार रखा है।

विकास की बात

**स्थानीय लोगों ने विधायक बेहड़ को लड्डुओं से तोलकर उनका सम्मान किया**

# बेहड़ ने 2 .40 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास किया

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** विधायक तिलक राज बेहड़ ने किच्छा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रुद्रपुर नगर निगम के वार्ड एक फुलसुंगा एवं फुलसुंगी क्षेत्र में 2.40 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

विधायक बेहड़ ने कहा कि पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल में चुने जनप्रतिनिधि की अनदेखी तथा रुद्रपुर नगर निगम की अपेक्षा के चलते इस क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं कराए गए। अब उनके प्रयासों से क्षेत्र का चौमुखी विकास कराया जा रहा है। राज्य योजना के तहत करीब एक करोड़ 83 लाख की लागत से दो सड़कों को मंजूर कराया गया है, जिसका आज शिलान्यास कर काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि फुलसुंगी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार निवास करते हैं तथा उनकी मांग पर करीब 4 लाख रुपए की धनराशि जारी कर स्वतंत्रता सेनानी द्वार का निर्माण भी प्रारंभ कर दिया गया है। ग्राम फुलसुंगी में बनखंडी - जनपद मार्ग का शिलान्यास करने के बाद स्थानीय लोगों ने विधायक बेहड़ को लड्डुओं से तोलकर उनका जोरदार सम्मान किया और विकास कार्य कराए जाने पर आभार जताया। विधायक बेहड़ ने कहा कि फुलसुंगी में बनखंडी फेस 2 में सीमेंट कंक्रीट ब्लॉक पेमेंट द्वारा मार्ग निर्माण, फुलसुंगी में शमशान घाट की चार दिवारी, विशाल छाबड़ा की दुकान वाली सड़क का निर्माण, सुखसागर कॉलोनी में स्थित मंदिर में टीन शेड, वार्ड एक हिल व्यू सिटी में मंदिर निर्माण, फुलसुंगा में नहर किनारे सीसी सड़क, फुलसुंगा में छठ घाट का निर्माण, जेस्था कॉलोनी में सीसी सड़कों का निर्माण, दुर्गा एनक्लेव में जल निकासी हेतु नाली निर्माण सहित तमाम विकास कार्य पूरे कराए जा चुके हैं तथा आने वाले समय में और अधिक विकास कार्य कराए जाएंगे। यहां प्रदेश सचिव राजेश प्रताप सिंह, सुरेश गौरी, शिशुपाल सिंह, अखिलेश सिंह, बाबा बेदी सिंह, राम कुमार सिंह, नवीन सिंह, शारदानंद, अनिल शर्मा, रणजीत सिंह, राजू धीर रहे।



किच्छा में विधायक बेहड़ को लड्डुओं से तोलते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

# आर्य ने किया कार्यों का शिलान्यास

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** नेता प्रतिपक्ष व क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य ने 71 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। शुक्रवार को बाजपुर पंहुचे आर्य ने गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेककर प्रसाद ग्रहण करने के बाद योजनाओं का शिलान्यास किया ।

ग्राम सभा भजुआ नगला में पहुंचे आर्य का ग्राम वासियों द्वारा फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इस दौरान राज्य योजना के तहत 70 लाख 50 हजार की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत ग्राम तोता बेरिया में गुरुद्वारा साहब में मत्था टेक कर विधायक निधि मद से 90 हजार की लागत से बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास किया। इसी प्रकार ग्राम शिवपुरी में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने जनता की समस्याएं सुनीं तथा समाधान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर आर्य ने कहा कि विपक्ष में होने के कारण विकास कार्य कुछ धीमे जरूर हुए हैं लेकिन विकास की गति को रुकने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि उनके कार्य गुणवत्ता वाले होते हैं। परिणाम है कि सात आठ वर्ष पूर्व बनी सड़कें आज भी मजबूती से खड़ी हैं। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लन ने कहा कि वर्तमान सरकार किसान विरोधी है। हक मांगने वाले किसानों पर गोले बरसाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नवदीप सिंह कंग, ब्लाक प्रमुख पति राजकुमार,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हामिद अली, ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, गुरचरण सिंह, अमरजीत सिंह, ओम प्रकाश, अभिषेक तिवारी, बलवीर सिंह कालू, जुबेर अली रहे।



बाजपुर के एक गांव में सभा में बोलते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य। ● अमृत विचार

## एक नजर

### तहसील में दूसरे दिन भी कर्मी रहे कार्य बहिष्कार पर

**काशीपुर।** विजिलेंस द्वारा लेखपाल संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार की गिरफ्तारी किए जाने के विरोध में तहसील परिसर में राजस्व कर्मियों का कार्य बहिष्कार दूसरे दिन भी जारी रहा। जिससे तहसील के कई कार्य प्रभावित हुए। बता दें कि बरखेड़ा पांडे निवासी एक व्यक्ति ने लेखपाल धर्मेंद्र कुमार पर आय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सात हजार की रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगाते हुए विजिलेंस से शिकायत की थी। विजिलेंस टीम ने लेखपाल धर्मेंद्र व उसके सहयोगी अलाउद्दीन को सात हजार रुपये की रिश्वत लेते ट्रेप कर लिया। विजिलेंस की इस कार्यवाही के विरोध में राजस्व कर्मियों ने शुक्रवार को भी कार्य बहिष्कार जारी रखा। जिससे तहसील के कई कार्य प्रभावित हुए और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### पुलिस ने वारंटी किया गिरफ्तार

**दिनेशपुर :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गैर जमानतीय वारण्टियो व कुर्की वारण्ट के विरुद्व चलाये गये अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष अनिल जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नवीन चंद्र निवासी- ब्यूरो टांग, थाना- काठगोदाम जिला- नैनीताल को धारा- 504/506 आईपीसी के तहत चल रहे वाद में न्यायालय में वांछित रहने पर जारी गैर जमानती नोटिस पर पुलिस ने वारंटी नवीन चंद्र को उसके घर से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस टीम में एएसआई गिरीश चंद्र पंत, कां. गोविंद आर्य थे।

# मांगों को लेकर आशा वर्कर्स ने किया कार्य बहिष्कार

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलित हैं आशा कार्यकत्रियां, मांगें पूरी न होने पर राज्यव्यापी आंदोलन करने की चेतावनी दी

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आशा कार्यकत्रियों ने कार्य बहिष्कार कर धरना दिया। उनका कहना था कि अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

शुक्रवार को उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल एवं प्रदेश सचिव कुलविंदर कौर के नेतृत्व में दर्जनों आशा कार्यकत्री सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। जहां उन्होंने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठ गई।

उनका कहना था आशाओं का मासिक मानदेय नियत करने व डीजी हेल्थ उत्तराखंड द्वारा आशाओं के मानदेय को लेकर बनाए गए 2021 के प्रस्ताव को लागू कर खटीमा में किया गये वादे तत्काल पूरा किया जाए, आशाओं को न्यूनतम वेतन ए कर्मचारी का दर्जा व सेवानिवृत होने पर सभी आशाओं को एकमुश्त धनराशि व अजीवन पेंशन दी जाए। सेवानिवृत होने वाले आशाओं को एकमुश्त धनराशि व आजीवन पेंशन का प्रावधान किया जाए। प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कहा कि आशाओं को विभिन्न मदों के लिए दिए जाने वाले पैसे को हर महीने दिया जाए। उन्होंने कहा आशाओं को ट्रेनिंग व पल्स पोलियो अभियान के दौरान प्रतिदिन 500 का भुगतान किया जाए।

उन्होंने कहा अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश सचिव कुलविंदर कौर का कहना था कि कल सभी आशाएं जिले में एकत्र होगी जहां जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया जाएगा उन्होंने कहा कि सभी आशाएं जिले में पहुंचे। धरने पर बैठने वालों में जिलाध्यक्ष ममता पानू, माया देवी, लक्ष्मी रावत, नीलम रानी, जसविंदर कौर, पुष्पा देवी, कृष्ण त्रिपाठी, पुष्पा देवी, मंजू देवी, लक्ष्मी देवी, कुसुम लता, परमजीत कौर, हेमा बिष्ट, परमजीत कौर, राधा कंबोज, शीला राणा, अर्चना मिस्त्री, प्रीती रस्तोगी राबिया सुमन रानी गोरी विश्वास सहित काफी संख्या में आशा कार्यकत्री मौजूद थी।



गदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय धरने पर बैठी आशा कार्यकत्री।



बाजपुर जिला उप अस्पताल में धरना देती आशाएं। ● अमृत विचार

### उत्तराखंड हेल्थ वर्कर्स यूनियन से जुड़ी दर्जनों आशाओं ने दिया धरना

**बाजपुर।** उत्तराखंड हेल्थ वर्कर्स यूनियन से जुड़ी दर्जनों आशाओं ने दो दिवसीय हड़ताल के तहत शुक्रवार को जिला उप चिकित्सालय पर धरना दिया तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता काश्यप की अगुवाई में अपनी मांगों को लेकर यूनियन से जुड़ी दर्जनों आक्रोशित आशाएं जिला उप चिकित्सालय में धरने पर बैठ गई। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर आशाओं ने 2021 में हड़ताल की थी। उस दौरान मुख्यमंत्री ने आशाओं से जो वादे किए थे वो आज तक पूरे नहीं हुए हैं। जिसमें आशाओं को साढ़े छ हजार रुपए वेतन हर माह देने की बात थी जो पूरी नहीं हो पाई है। आशाओं ने आशाओं को तेलंगाना की तहत उत्तराखंड में भी आशाओं को दस हजार रुपये मानदेय देने, जो आशाएं सेवानिवृति की कगार पर हैं। उनको एक मुश्त पांच लाख रुपए देकर विदाई देने की मांग की। कहा कि यदि जल्द मांगें पूरा नहीं हुईं तो तो आंदोलन तेज किया जायेगा। इस मौके पर पूजा शर्मा, रेखा यादव, मातेश्वरी, रूपेंद्र कौर, निशा कौर, पूनम भारती, पूनम शर्मा, शहनाज, सत्यवती, राजेश्वरी, गीता कंबोज, सरस्वती आदि आशा वर्कर्स मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी के बाद अब आशाएं भी आंदोलन की राह पर मुख्यमंत्री को भेजा पांच सूत्रीय मांग पत्र

**खटीमा।** उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर आज नागरिक अस्पताल परिसर में धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग की गई। प्रदेश स्तरीय आह्वान पर नागरिक अस्पताल परिसर में आशाओं ने धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु की सेवा से शुरू उनके काम को आज हर विभाग के सभी अभियानों और सर्वे में लगा दिया गया है। जबकि उन्हें न्यूनतम वेतन तक नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके काम के हिसाब से उनका वेतन बढ़ाए जाना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से डीजी हेल्थ उत्तराखंड द्वारा आशाओं के मानदेय को लेकर बनाए गए 2021 के प्रस्ताव को लागू करने, न्यूनतम मानदेय देने, उन्हें कर्मचारी का दर्जा देने, सेवानिवृत्ति होने पर एकमुस्त धनराशि और अनिवार्य पेंशन देने के साथ ही विभिन्न मौकों पर दिए जाने वाले पैसे प्रतिमाह देने तथा आशाओं को ट्रेनिंग और पल्स पोलियो अभियान के दौरान प्रतिदिन 500 रुपए का भुगतान करने की मांग की गई। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। इस अवसर पर केशवी, अनीता, पुनीता, कमला, मोनिका, नीतू, प्रीति, मोहिनी, रोहनी, सुनीता, लक्ष्मी जोशी आदि थे।

## लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत हर घर करें संपर्क : त्रिवेन्द्र

**काशीपुर :** लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत महुआ खेड़ा गंज में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का कार्यकर्ताओं ने फूल माला व स्मृति चिन्ह देकर जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति से संपर्क कर हर घर संपर्क करना है। देश के अंदर बेहतरीन चिकित्सा और सकारात्मक परिवर्तन देश की सोच बदल रहा है।

देश के प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी दिन रात जनमानस के साथ कार्य कर रहे हैं। जिला महामंत्री सुदेश चौहान ने सरल ऐप और नमो ऐप पर चर्चा की। जिला संयोजक लाभार्थी संपर्क अभियान ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री कमलेश कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी डिजिटल तरीके से देश के 6 करोड़ लाभार्थियों का सत्यापन उनके घर जाकर कर रही है। साथ ही वीडियो क्लिप बनाकर नमो ऐप व सरल ऐप डाउनलोड करेगी। कार्यकर्ताओं को विधानसभा प्रत्याशी राजेश कुमार ने भी संबोधित किया और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संचित कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुंवरपाल सिंह चौधरी, आनंद प्रकाश, हबीबुर रहमान, तेज बहादुर, हरजिंदर सिंह, संदीप निषाद, आदेश चौहान, अमरपाल सिंह, नईम अहमद, कुलवंत सिंह, दिग्विजय पाल, शाहिद आदि रहे।

# सेंट लामार्ट स्कूल के बच्चों ने जमाया रंग

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार :** शांतिपुरी जवाहर नगर सत्संग आश्रम सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय द्वितीय कलर ऑफ लिटिल चैंप्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें स्कूली बच्चों ने विभिन्न प्रांतों की लोक संस्कृति, तकनीकी शिक्षा एवं देशभक्ति से जुड़ी रंगारंग प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नैनीताल बैंक के रीजलन मैनेजर संजय लाल साह, विद्यालय प्रबंधक प्रमोद कुमार वर्मा, अकेडमिक डारेक्टर उमेश बोरा व प्रधानाचार्य बृजमोहन कुनियाल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप जला कर किया।

मुख्य अतिथि साह ने विद्यालय परिवार को द्वितीय कलर ऑफ लिटिल चैंप्स कार्यक्रम के आयोजन की बधाई दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं की अच्छी परफॉर्मेंस व विद्यालय प्रबंधन द्वारा उन्हें लगातार अच्छी शुविधाएं मुहैया कराने के लिए अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि किसी भी स्कूल व उस में अध्ययनरत बच्चों की सफलता में अभिभावकों का योगदान सर्वोपरि होता है।

प्रबंधक प्रमोद कुमार वर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार एवं सहयोग हेतु अभिभावकों को बधाई दी। कार्यक्रम में यह रहे मौजूद विद्यालय के संरक्षक प्रेम सिंह कोरंगा, प्रबंध सलाहाकार कमलेश वर्मा, कमलापति देवराड़ी, मदन कुनियाल, कीर्तिका पाठक, कमलापति जोशी, सुभाष जोशी, शिखर पाण्डे, दीपा टाकुली, खुशाल सिंह कोरंगा, जानकी कुनियाल, ममता कपूर, उमा पंत, रंजना रावत, जसोदा रौतेला, भारती शूंठा, आशा कार्की, वंदना पाण्डे, दीक्षा चंद, राजेन्द्र सिंह मेर, गौरव मेहता, रेनु केड़ा मौजूद रहे।



सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल में द्वितीय कलर ऑफ लिटिल चैंप्स कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे।

### यह कार्यक्रम रहे मुख्य आकर्षण

सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंड्री स्कूल द्वारा आयोजित कलर ऑफ लिटिल चैंप्स कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति, राजस्थानी, पंजाबी, गुजराती, गोवा एवं कुमांऊनी संस्कृति पर आधारित लोक नृत्य तथा रामायण, चंद्रयान थ्री एवं पर्यापरण पर आधारित नाटिका की सानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

## चौकी प्रभारी पर लगाया अभद्रता का आरोप

**खटीमा।** एक पत्रकार के साथ अभद्रता, मारपीट और हवालात में बंद करने को लेकर पत्रकारों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी के माध्यम से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर संबंधित दरोगा के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की।

उन्होंने तहसीलदार को भी ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों ने बताया कि बुधवार की रात कुछ लोगों के बीच मामूली विवाद होने की सूचना पर पत्रकार दीपक यादव मौके पर पहुंचे। यह भी कहा कि मौके पर पहुंचे बाजार चौकी प्रभारी को परिचय देने के वाबजूद उन्होंने दीपक यादव के साथ अभद्रता और मारपीट कर पुलिस की गाड़ी में धकेल दिया और लाकअप में मारपीट की गई। इतना ही नहीं रात में मिलने गए लोगों को मिलने नहीं दिया गया। इस पर पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# बच्चों को नशामुक्ति व शिक्षा के अधिकार के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संतना में जागरूकता शिविर आयोजित कर बच्चों को साइबर क्राइम, नशामुक्ति, शिक्षा के अधिकार और पढ़ाई के समय तनाव पर नियंत्रण पाने के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रधानाध्यापक राज नारायण मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित विधिक शिविर में बच्चों को साइबर क्राइम के संबंध में बताया गया कि आपत्तिजनक पोस्ट को फॉरवर्ड करना और कॉमेंट्स लिखना भी साइबर क्राइम के अंतर्गत आते हैं। यह भी बताया कि कोई फेसबुक से आपत्तिजनक फोटो अपलोड कर उसको किसी दूसरे व्यक्ति के साथ जोड़कर वायरल करना भी अपराध की श्रेणी में आता है। संचालन कर रहे पीएलवी विमल कुमार ने बताया कि यदि कोई ओटीपी मांगता है तो कभी भी ओटीपी शेयर नहीं करना चाहिए। जिससे आपके खातों से पैसे निकल सकते हैं अथवा कोई आपके नाम से आपत्तिजनक फोटो वायरल कर फंसा सकता है। मीरा देवी ने बच्चों में फेल रही नशे की प्रवृत्ति पर कैसे रोक लगाई जाए के बारे में समझाया। गीता शर्मा ने शिक्षा का अधिकार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर महेश रौतेला, कैलाश गिरी, उदयभान, पदमा गंगवार, उमा सहित बच्चे उपस्थित थे।



खटीमा में आयोजित विधिक शिविर में उपस्थित बच्चे। ● अमृत विचार

# बीस गांव भूमि पर नहीं बनी बात

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** बाजपुर के बीस गांव भूमि विवाद को लेकर शुक्रवार को देहरादून में हुई बैठक में कोई निणर्य नहीं हो पाया। लेकिन समस्या के समाधान की और बढ़ने की काफी संभावना नजर आई। बैठक में एक बार फिर उच्च प्रशासनिक अधिकारियों ने विगत बैठक में आए गेटा विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाधान की ओर बढ़ने की बात कही है।

बैठक में किसानों की और से पैरवी करते हुए अधिवक्ता पियूष पंत ने क्रमवार शासनादेशों और शासन की कार्यवाहियों की जानकारी देते हुए गेटा लगाये जाने का पूर्ण विषय अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। पुख्ता दलीलों और प्रस्तुत पत्रावलियों, अभिलेखों ने अधिकारी वर्ग को लगभग मानने पर मजबूर कर दिया कि उक्त भूमि पर गेटा कार्यवाही गतिमान नहीं बल्कि पूर्व में ही पूरी हो चुकी है। तमाम दस्तावेजों को प्रस्तुत करते समय गेटा के बाद हुई सीलिंग की पत्रावलियों को भी विस्तार से अधिकारियों के समक्ष रखा गया। एक के वाद एक दस्तावेज रखे जाने के बाद शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा गेटा लगाये जाने की अवधि और उस दौरान के शासनादेशों आदि समस्त अभिलेखों को निहित क्रम में पांच मार्च से पूव उपलब्ध कराने को कहा गया है। किसानों ने बताया कि बैठक में अधिकारियों का रुख किसान हित में समस्या समाधान का नजर आ रहा था क्योंकि एक अधिकारी ने खुद को भी किसान पुत्र बताकर किसान हित देखने की बात कही। अधिकारियों ने यह भी संदेश दिया कि सरकार इस मसले को जल्द से जल्द हल करने में विश्वास रखती है और इसी को लेकर प्रयासरत है। बैठक में कमेटी के अध्यक्ष चन्द्रेश यादव, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसडीएम राकेश चन्द्र तिवारी, तहसीलदार अक्षत कुमार भट्ट, हरमंदर सिंह बरार, आंदोलन के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, रजनीत सिंह सोनू, सन्नी सूद, सचिन सूद, कुलवीर सिंह आदि रहे।

# सड़कों की बदहाली पर आक्रोश, मरम्मत की मांग

▸▸ मोहम्मदपुर भुड़िया में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** मोहम्मदपुर भुड़िया में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में जहां बिजली, पानी, सड़क जैसी समस्याएं छायी रहीं। विभिन्न विभागों के लगे स्टालों पर जनता की समस्याओं का निराकरण किया गया जिन समस्याओं का निराकरण तत्काल नहीं हो सका उन्हें संबंधित विभाग को सौंप दिए गए।

शाहिद वीरेंद्र सिंह राणा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदपुर भुड़िया में ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी की अध्यक्षता में आयोजित बीडीसी बैठक और बहुउद्देशीय शिविर में जनता की समस्याओं का निराकरण किया गया। क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों को लेकर जनता और जनप्रतिनिधि का लोक निर्माण विभाग के प्रति खासा आक्रोश रहा। सत्रहमील से प्रतापपुर मार्ग पर पेचवर्क के होने के साथ ही टूटने का मामला उठा। जिसको विभाग द्वारा पैचवर्क सही से कराने का आश्वासन दिया गया। मोहम्मदपुर भुड़िया की नई बस्ती में आज भी बिजली की सुविधा नहीं होने की बात रखी गई।

बिजली विभाग के अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया की जल्द ही नई लाइन और खंभों की व्यवस्था की जायेगी। शहीद वीरेंद्र सिंह राणा विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय में आज भी बांस के डंडों के माध्यम से विद्युत सप्लाई की बात कही गई। कनिष्ठ प्रमुख सत्य प्रकाश राणा ने पेयजल निगम एवं जल संस्थान के अधिकारियों से कहा कि पेयजल लाइन बिछाने के नाम पर गांव गांव की खोदी गई सड़कें कब तक ठीक होंगी। जिस पर शीघ्र दुरस्त कराने का आश्वासन देकर अधिकारियों ने मामला टाल दिया। ब्लॉक प्रमुख नामधारी ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को लोकसभा के आगामी सामान्य निर्वाचन को निष्पक्षता से संपन्न कराने की शपथ दिलाई गई।

बैठक में साधू सिंह नामधारी, बीडीओ नवीन उपाध्याय, जिला परियोजना निदेशक अजय कुमार, एसडीएम रविन्द्र सिंह बिष्ट, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, ज्येष्ठ प्रमुख परवीन बिष्ट, भाकियू जिलाध्यक्ष गुरु सेवक सिंह, मलूक सिंह खिंडा, अवतार सिंह, जसविंदर सिंह, कुलतार सिंह नामधारी, जुझार सिंह, नरेंद्र सिंह राणा, महेंद्र पाल, धर्मपाल, रविन्द्र राणा, मन्नू मेहर, सपना देवी, पूजा, सुरेंद्र, आशिक राणा, नंदलाल उपस्थित रहे।



लोकसभा चुनाव में निष्पक्षता से कराने की शपथ लेते अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

# गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है उर्दू भाषा

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** अंजुमन फलाह उर्दू के सदस्यों ने बीती रात फैज-ए-आम इंटर कालेज मार्ग स्थित कार्यालय पर डॉ. शमीम अहमद की सदारत में शीरी नशिस्त का आयोजन किया। उन्होंने उर्दू की तरक्की और उसके विस्तार के लिए रणनीति बनाई।

अंजुमन के सदर हकीम सैयद जफर अली ने कहा कि उर्दू को उसका जायज हक दिलाने के लिए उर्दू प्रेमियों को आगे आना होगा। देश में उर्दू को नजरअंदाज करके उसके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उर्दू देश की गंगा-जमुनी तहजीब है। इसे जिंदा रखने के लिए आम बोलचाल में इसका इस्तेमाल होता है। देश में उर्दू को दूसरी कौमी जबान का दर्जा दिलाने के लिए एकजुट रहकर कदम उठाने होंगे। इसके बाद शअरी नशिस्त का आगाज कर शायर आमिर हुसैन ने कहा, मुकद्दर के बदलने की दुआं मांगते हैं.. । हकीम जफर अली ने कहा- जद कियो पड़ गया तेरा चेहरा..। कमर अख्तर ने कहा- मैंने इशारा किया उसको एक जाम के बाद...। नसीम नहटोरी ने कहा- बुलंदी पर वो रहकर अना कि बात करता है...। मुबारक हुसैन ने कहा- शरमो हया का बोझ नजर से उतर गया...। हाजी मोहम्मद इश्हाक ने नाते रसूल पढ़कर समां बांधा। संचालन हकीम जफर ने किया।

आयोजन

दुर्गा मंदिर प्रांगण में अंतर्जातीय भाषा दिवस के उपलक्ष में बांग्ला मातृभाषा दिवस मनाया गया

# बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों के स्कूलों में बांग्ला भाषा पढ़ाने की उठाई मांग

▸▸ बंगीय संस्कृति सुधा समिति के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

▸▸ डॉ. सुनील हालदार के बांग्ला भाषा में मेरी चझापिर जबानबंदी पुस्तक लिखने पर किया सम्मानित

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** बंगीय संस्कृति सुधा समिति ने बांग्ला मातृभाषा दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग कर बांग्ला भाषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने बंगाली बाहुल्य क्षेत्र के प्राइमरी स्तर से स्कूलों में बांग्ला भाषा पढ़ने की शासन से मांग की।

दुर्गा मंदिर प्रांगण में अंतर्जातीय भाषा दिवस के उपलक्ष में बांग्ला मातृभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रकांत मंडल व रोहिताश मलिक, नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, समिति के संयोजक नित्यानंद मंडल, अध्यक्ष रवि सरकार व बकुल सरकार ने संयुक्त रूप से शहीद मीनार पर बांग्ला भाषा के लिए शहीद हुए शहीदों को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात रोहिताश मलिक ने कहा कि प्रदेश सरकार से बंगाली बाहुल्य क्षेत्र में प्राइमरी स्तर से सभी स्कूलों में बांग्ला मातृभाषा पढ़ाने की मांग की। पूर्व राज्य दर्जा मंत्री विजय मंडल ने कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री/ विधायक अरविंद पांडेय ने अपने कार्यकाल में कैबिनेट की बैठक में बंगाली बाहुल्य क्षेत्र में बांग्ला भाषा पढ़ने का प्रस्ताव रखा था। एसडीएसएन इंटर कालेज दुर्गापुर के प्रबंधक सुभाष व्यापारी ने कहा कि विद्यालय में कक्षा छह से आठवीं कक्षा तक स्वेच्छा से बांग्ला भाषा पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए बांग्ला भाषा पढ़ाई जा रही है। समिति के सदस्यों ने बांग्ला भाषा में प्रकाशित मरीचझापिर जबानबंदी पुस्तक के लेखक डॉक्टर सुनील हालदार व अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बांग्ला भाषा में विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं के अलावा चित्र आर्ट अकैडमी, परितोष दिव्या एंड दिया ग्रुप के साथ क्षेत्रीय युवाओं ने बांग्ला भाषा पर गीत नृत्य कविता आवृत्ति एवं संबोधन प्रस्तुत किया।

समिति संयोजक नित्यानंद मंडल व पलाश विश्वास ने अतिथियों व स्कूली बच्चों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद किया। इस मौके पर शिक्षक संघ ब्लॉक महासचिव मनोज राय उर्फ मुन्ना, आनंदित सरकार, सुनीता मिस्त्री, प्रभा राय, शिखा ढाली, नमिता मंडल, प्रमिला मंडल, मीना मंडल, गीता बैरागी, सपना मलिक, नारायण शाह, आप जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, डॉ. सुनील हालदार, हिमांशु सरकार, डॉ. सुधीर राय, रोहित मंडल, सत्यजीत विश्वास, सुकुमार सरकार, प्रशांत मालाकार रहे।



दिनेशपुर में बांग्ला भाषा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।


## संपादकीय

# कूटनीति की ताकत

वर्ष 2024 वैश्विक राजनीति में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। अमेरिका और रूस-चीन के गठबंधन के बीच टकराव ही वैश्विक और क्षेत्रीय तनावों और समीकरणों की दशा-दिशा तय करेगा। आने वाले वर्षों में दुनिया के समीकरणों में बहुत अहम बदलाव होने जा रहे हैं। ये बदलाव भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक क्षेत्रों में भारत के तय उभार से और अधिक रेखांकित होंगे। दुनिया इस जटिल और उभरते भू-राजनीतिक मंजर के साथ तालमेल बिठाने के लिए जूझ रही है, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में सत्ता और निर्णय प्रक्रिया की ताकत के पारंपरिक संतुलन में बहुत बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं जिनसे वैश्विक प्रशासन में एक नए युग की शुरुआत का पता चलता है। चीन-भारत संबंध संतुलन की स्थिति में पहुंचना, इसे बरकरार रखना बड़ी चुनौती होगी। आर्थिक मोर्चे पर एक ऐसा समय आएगा जब चीन की अर्थव्यवस्था वृद्धि नहीं करेगी और भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को 'रायसीना संवाद' के एक परिचर्चा सत्र में चीन की 'चाल' के खिलाफ आगाह किया और कहा कि भारत को संतुलन की स्थिति पर बेहतर शर्तें पाने के लिए अन्य कारकों का उपयोग करने के अपने अधिकारों का परित्याग नहीं करना चाहिए।

मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में ऐसा बदलाव ला रहा है, जो स्थायी हैं। ये ऐसा तथ्य है, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक समीकरणों को नया आकार दे रहा है। रायसीना संवाद जियो-पॉलिटिक्स और भू-इकोनॉमी पर आधारित एक वार्षिक सम्मेलन है जिसका उद्देश्य दुनिया के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करना है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान एक बड़ी शक्ति के रूप में भारत की छवि उभर कर सामने आई। विवादास्पद मुद्दों के समाधान के लिए वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली में आमूल-चूल सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक नियम एकपक्षीय हित में नहीं होने चाहिए। अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था और आबादी, सामरिक रूप से अहम भौगोलिक स्थिति और बढ़ते प्रभाव की वजह से भारत, विश्व मंच पर अधिक अहम भूमिका निभाने जा रहा है। ये उभार न केवल भारत के अपने विकास का प्रतीक है, बल्कि ये एक व्यापक चलन यानी, अंतर्राष्ट्रीय मामलों को आकार देने में ग्लोबल साउथ की बढ़ती भूमिका का भी संकेत है। पिछले आठ सालों से इस सम्मेलन में करीब 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल होते आए हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम के जरिए भारत सरकार अपनी कूटनीतिक क्षमता को बढ़ा रही है। भारत सरकार इस कार्यक्रम के जरिए अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और मुद्दों को लेकर अपनी नीति दुनिया के सामने स्पष्ट करती है। सम्मेलन भारत की कूटनीतिक सफलता को दर्शाता है।

# विविधता का रसायन और उसकी अनिवार्यताएं



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

यह बहुत पुराना देश है और बहुत विविधताओं का देश है। यहां सबके लिए जगह है। सहिष्णुता इसके जींस में है। एकरूपता यहां एक बेगानी चीज है, जो भी यहां आया और इसे अपनी धरती समझकर बस गया, इसने सबको अपना लिया। उनके देवी-देवता, उत्सव-त्योहार भी अपना लिए। मेरे बचपन तक कुछ फकीर-जैसे दिखते लोग गाजी मियां का निशान (झंडा) उठाए, गांव-गांव घूमते, सतरिख (बाराबंकी) की यात्रा पर जाते थे। औरतें गाजी मियां की मानता मानती थीं और मानता पूरी होने पर सतरिख की यात्रा करने के बजाय इन्हीं निशान उठाने वालों की मार्फत अपना चढ़ावा भेज देती थीं। ये निशान उठाने वाले मानता मानने वालों के लिए स्वयं सेवक का काम करते थे।

गाजी मियां (गाजी सैयद सालार मसूद) एक ऐतिहासिक व्यक्ति हैं। वे महमूद गजनवी के भांजे थे और गाजी (धर्मयोद्धा) थे तो इस्लाम के विस्तार के लिए युद्ध करने अपने मामा महमूद गजनवी के साथ भारत आए थे। उस समय उनकी उम्र बहुत कम थी, यही 16 साल के करीब। सतरिख (बाराबंकी) वह जगह थी जिसे अपना सदर मुकाम बनाकर सालार मसूद बहराइच, हरदोई और बनारस के राजाओं से युद्ध कर रहे थे। उनके पिता सैयद सालार साहू की सतरिख में ही मृत्यु हुई थी। बाद में सालार मसूद बहराइच के राजभर राजा सुहेलदेव से हुए युद्ध में पराजित और गंभीर रूप से घायल हो गए। बहराइच में ही उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के समय उनकी उम्र महज 20 साल थी।

किंवदंती है कि सालार मसूद अपने मामा महमूद गजनवी के ठीक विपरीत, संत स्वभाव के आदमी थे। अभी तक सतरिख में उनकी गद्दी पर धूनी जलती है और हिंदू तथा मुसलमान दोनों उसका दर्शन करने जाते हैं। संत और फकीर में इस देश के लोग भेद नहीं करते थे, खासकर औरतें जिनके बहुत सारे दुःख और बहुत तरह के दुःख होते थे। बच्चों पर संकट के समय तो वे किसी से भी मिन्नत-आरजू करने, गिड़गिड़ाने को तैयार हो जाती थीं। मानता मानना उसी का हिस्सा था। आस-पड़ोस में, नाते-रिश्तेदारी में किसी विशेष की मानता से राहत की खबर हवा में उड़ती रहती थी। वहीं से वे उसे पकड़ लेती थीं और खुद विपत्ति में पड़ने पर उसे त्राता के रूप में याद करती थीं, उससे याचना करती थीं, उसकी मानता मानती थीं। विपत्ति से छुटकारा मिलने पर मानता पूरी करने को लेकर फिक्रमंद रहती थीं, उसे एक देय कर्ज की तरह याद किए रहती थीं और मौका मिलते ही पूरी करने निकल पड़ती थीं। गाजी मियां एक सुविधाजनक त्राता थे जिनकी मजार तक जाने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उनके स्वयं सेवक गांव-गांव घूमते थे।

मुहर्रम पर मेरे गांव के बगल के गांव में ताजिया उठता था और दोपहर बाद एक बाग में मेला लगता था। सौदा-सुलफ के अलावा उस मेले का खास आकर्षण कुश्ती और 'लकड़ी' का खेल होता था। लकड़ी दरअसल गतके को कहते थे, जो एक छोटा डंडा होता था जिस पर चमड़े का खोल चढ़ा रहता था। प्रहार और आत्मरक्षा की फुर्ती का बहुत सधा हुआ खेल था जिसमें किसी को चोट नहीं लगती थी, लेकिन अपनी तेज गतिशीलता से खिलाड़ी दर्शकों को रोमांचित कर देते थे। जोड़ियों पर जोड़ियां उतरती जाती थीं और हम हर बार नए-नए दांव-पेंच के प्रदर्शन से अभिभूत एकटक देखते रहते थे। हमारे यहां बोली जाने वाली अवधी में अरबी-फारसी के सैकड़ों शब्द दाखिल होकर इस कदर घुलमिल गए हैं कि लगता ही नहीं, ये अवधी के नहीं हैं, कभी बाहर से आए होंगे। बस गैर-पढ़े-लिखे लोग क, ख, ग, ज, फ की नुक्तेवाली ध्वनि का उच्चारण नहीं कर पाते। हिंदू और मुसलमान दोनों अवधी बोलते हैं। पढ़े-लिखे गैर पढ़े-लिखे सभी। पढ़े-लिखे मुसलमानों की बस यही पहचान है कि वे अवधी में बोलते समय भी बाकायदे नुक्ते की ध्वनि के साथ बोलते हैं। ये ध्वनियां हमें कब और कहां-कहां से मिली होंगी? धीरे-धीरे कुछ खो भी गई होंगी। संस्कृत के मूर्धन्य ष और ऋ और लृ का उच्चारण हम भूल चुके हैं, लेकिन हिंदी में भी कुछ ऐसी ध्वनियां हैं, जो संस्कृत में नहीं हैं। जैसे ड़ और ढ़। संस्कृत में केवल ड और ढ की ध्वनि है जब कि हिंदी में ड और ड़ तथा ढ और ढ़ की अलग-अलग ध्वनियां हैं। मराठी में ड़ और ल के बीच एक और ध्वनि है, जो इधर बहुत प्रचलित है। वह है ळ। यहां मराठी लोग जब इस ध्वनि का उच्चारण करते हैं, बहुत ध्यान से सुनने के बावजूद हम अंतर को इस तरह नहीं पकड़ पाते कि उसे बोल भी सकें। ध्वनियों की और शरीर के ध्वनि-यंत्रों की विविधता का भी यह देश है।

बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है।

> बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न-भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है। वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे।

वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे। अवधी सहित यहां की बोलियों का इतिहास लौकिक संस्कृत से अधिक प्राचीन है। पता नहीं, अवध के गांवों के गैर-पढ़े-लिखे लोग चार धाम बनने के शुरू के चरण में जब रामेश्वरम और जगन्नाथ पुरी की यात्रा पर जाते रहे होंगे, उनका काम कैसे चलता रहा होगा? अब तो वहां के स्थानीय लोगों के पॉकेट्स हैं, जहां सभी धड़ल्ले से हिंदी बोलते-समझते हैं।

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

## प्रसंगवश

# क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं



संजय वर्मा
इंदौर

आखिर सफलता की कहानियां हमें किस तरह प्रभावित करती हैं? बात इसलिए जरूरी है, क्योंकि हम इंसान सदियों से अपने बच्चों को कहानियां सुनाते हैं। क्योंकि हम मानते हैं कि दूसरे लोगों की सफलता हमारे बच्चे को और मेहनत करने की प्रेरणा देगी, पर क्या बच्चे सचमुच मोटिवेट होते हैं? या और ज्यादाहीन महसूस करने लगते हैं।

मनोविज्ञान में एक शब्द है 'सिग्निफिकेंट अदर्स'। मतलब अजनबी लोगों के इस संसार में वे कुछ नजदीकी लोग, जो हमारे लिए मायने रखते हैं। ऐसा समझें कि यदि कोई अजनबी गरीब बच्चा कलेक्टर बन जाए तो मुझे प्रेरणा मिल सकती है, पर मेरा चचेरा भाई तहसीलदार भी बन गया तो मुझे ईर्ष्या होगी, मैं छोटा महसूस करूंगा? मतलब सफलता की कहानी प्रेरणा तो देगी, लेकिन वह नजदीकी लोगों की नहीं होनी चाहिए।

वहीं दूर के लोगों की कहानी सुनकर इंसान बेहतर बनता है यह मानना भी मुश्किल है। यदि ऐसा होता तो राम की मर्यादा, शिवाजी का साहस और हरिश्चंद्र के त्याग की कहानी सुनकर बड़े हुए बच्चे इतने बेईमान, झूठे और स्वार्थी कैसे हो जाते हैं? अब्दुल कलाम आजाद की गरीबी से निकलकर वैज्ञानिक बनने की कहानी सुनकर कितने बच्चे वैज्ञानिक बने? तो क्या हम मान लें कहानियां अपने मकसद में नाकामयाब रही हैं? अगर कहानी नहीं है तो फिर वह क्या है जिससे हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है? और अगर कहानी अपने मकसद में नाकामयाब रही है तो फिर हम कहानियां क्यों सुनाते हैं?

मेरा अपना मानना है कि किसी असफल या लो फील कर रहे बच्चे को किसी और की सफलता की कहानी सुनाकर आप उसे जलील कर सकते हैं, मोटिवेट नहीं कर सकते। अपने तीस साल के व्यावसायिक जीवन में मैंने दसियों बच्चों को ट्रेंड किया। उनमें से ज्यादातर लोग आज कामयाब हैं। मेरा अनुभव कहता है, लोग दूसरों की नहीं खुद अपनी सफलता से मोटिवेट होते हैं। हौसला देने से आगे बढ़ते हैं, कहानियों से नहीं। मुश्किलों से घिरा इंसान उस टूटे कुंए की दीवार है जिसमें से हर नई सफलता की कहानी एक और ईंट उखाड़ ले जाती है।

# आस्था से खिलवाड़ क्यों



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

> मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था।

मान्य अवधारणा है की देवी नाम केवल मनुष्यों को ही दिए जाते हैं। मगर सिलिगुड़ी वन्यप्राणी उद्यान में शेर और शेरनी का नाम अकबर और सीता पर रख दिया गया। भला ऐसी बेजा हरकत किस इशोपासक को गवारा होगी? अतः स्वाभाविक है कि विश्व हिंदू परिषद ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को दोषी और संवेदनहीन करार दिया। परिषद की बंगाल शाखा ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताते हुए, कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगा दी। अदालत ने 20 फरवरी को सुनवाई की। शेरों के जोड़े का नाम बदलने का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने शेरनी का नाम सीता रखने और शेर को अकबर नाम देने को लेकर बंगाल सरकार से जवाब मांगा है।

मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था। 'अकबर' के साथ 'सीता' रखना हिंदू धर्म का अपमान है।

इस मामले में राज्य के वन अधिकारियों और सफारी पार्क निदेशक को मुकदमें में पक्षकार बनाया गया है। सिंगल बेंच के जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने पश्चिम बंगाल सरकार से कहा कि वह शेर-शेरनी को कोई दूसरा नाम देने पर विचार करें, ताकि विवाद को शांत किया जा सके। अदालत ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोग सीता की पूजा करते हैं। वहीं अकबर एक कुशल, और सफल मुगल सम्राट था।

अदालत ने कहा : 'वकील साहब, क्या आप खुद अपने पालतू जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान या मुस्लिम पैगंबर के नाम पर रखेंगे। मुझे लगता है, अगर हम में से कोई भी अधिकारी होता तो हममें से कोई भी उनका नाम अकबर और सीता नहीं रखता। क्या हम में से कोई रवींद्रनाथ टैगोर के नाम पर किसी जानवर का नाम रखने के बारे में सोच सकता है? इस देश का एक बड़ा वर्ग सीता की पूजा करता है।'

एडिशनल एडवोकेट जनरल ने अदालत को बताया कि पश्चिम बंगाल ने इन जानवरों को कोई नाम नहीं दिया है। त्रिपुरा चिड़ियाघर के अधिकारियों ने दिए थे। इस पर अदालत ने कहा:'धार्मिक देवता या ऐतिहासिक रूप से सम्मानित व्यक्तित्वों के नाम पर शेरों का नाम रखना अच्छा नहीं है। राज्य पहले से ही कई विवादों को देख रहा है। यह विवाद एक ऐसी चीज है जिससे बचा जा सकता है।'

अधिवक्ता ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि शेरों को नए नाम दिए जाएं, लेकिन उन्होंने अदालत से याचिका खारिज करने का भी आग्रह किया। इस पर अदालत ने कहा, 'चूंकि शेरों के नाम लिए गए हैं। याचिकाकर्ता दावा कर रहे हैं कि इससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसलिए मामले की जांच करनी होगी, लेकिन यह एक जनहित याचिका के तौर पर होगी।' अदालत ने आदेश दिया कि याचिका को जनहित याचिका के रूप में लिया जाए। इसे उस खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करती है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा: 'कृपया विवाद से बचें अपने अधिकारियों से इन जानवरों का नाम बदलने के लिए कहें। किसी भी जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान, मुस्लिम और ईसाई पैगंबर, महान पुरस्कार विजेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों आदि के नाम पर न रखें।'

न्यायमूर्ति ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार के वकील विवाद से बचने के वास्ते चिड़ियाघर अधिकारियों से शेर और शेरनी को अलग-अलग नाम देने के लिए कहें। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हर समुदाय को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। जस्टिस भट्टाचार्य ने पूछा: 'आपको सीता और अकबर के नाम पर एक शेरनी और एक शेर का नाम रखकर विवाद क्यों खड़ा करना चाहिए?'

## सोशल फोरम

# दिल्ली घेरने की जिद



मनोज कुमार
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

पंजाब की सीमा पर पंजाब के तथाकथित किसानों का जमावड़ा है। इनमें कुछ अन्य प्रदेशों के आधारहीन और अराजकता में अपने लिए कुछ लाभ देखने वाले नेता भी शामिल हैं। यह भी एक किस्सा है कि चुनाव से बिल्कुल पहले केंद्र सरकार और मोदी को असहज करने के लिए यह षडयंत्र कांग्रेस द्वारा रचा गया है जिसमें कुछ आंदोलन आयोजित करने वाले व्यवसायी भी शामिल हैं। जाहिर है कि कनाडा और सीआईए भी इस आंदोलन में रुचि ले रहे हैं।

आंदोलनकारियों की दो मुख्य मांगें हैं। पहली मांग है न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून बनाया जाए। मतलब जो कोई भी इस मूल्य से कम पर कृषि उत्पाद खरीदे उसे दंडित किया जाए। दूसरी मांग है स्वामीनाथन कमेटी की संस्तुति के अनुसार कृषि उत्पाद के मूल्य निर्धारित किए जाएं। इस कमेटी के अनुसार मूल्य उत्पादन पर हुए व्यय का डेढ़ गुना होना चाहिए। आंदोलनकारी केंद्र सरकार से अपनी मांग मनवाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं और केंद्र के निर्देश पर इन्हें हरियाणा में प्रवेश से रोका गया है जिस पर इन्होंने सड़क पर बैठकर रास्ता बंद कर दिया है। पंजाब की आप पार्टी की सरकार इन्हें पूरा सहयोग दे रही है जिसके कारण इन्हें हरियाणा सीमा तक आने में कोई कठिनाई नहीं हुई।

केंद्र सरकार के तीन मंत्री लगातार वार्ता के लिए उपलब्ध रहे हैं, पर कोई समझौता नहीं हो पाया। आंदोलनकारी दिल्ली जाने और दिल्ली का घेराव करने पर अडिग हैं। इस पूरे प्रकरण में मैं एक बात से हैरान हूं। कृषि तो भारत के संविधान के अनुसार राज्य का विषय है।

कृषि उत्पाद का उचित मूल्य दिलाना तो राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार इसमें कहां से आ गई? केंद्र तो एक अच्छे खरीदार की भूमिका में है और एक न्यूनतम मूल्य पर खरीद करती है। राज्य चाहे तो उससे अधिक मूल्य दे सकता है। हैरानी इस बात की है कि केंद्र सरकार भी यह नहीं कह रही। अगर वह ऐसा स्टैंड लेते हैं तो इस आंदोलन का आधार ही समाप्त हो जाएगा और अगर फिर भी कोई दिल्ली घेरने की जिद करता है तो उसके प्रति की गई हर कार्यवाही न्यायसंगत होगी।

-फेसबुक वॉल से

# नायकत्व ने पुतिन में अहंकार और आत्ममुग्धता पैदा की



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए।

पुतिन की तानाशाही के मुखर विरोधी रहे एलेक्सी नवेलनी की रूस की एक जेल में रहस्यमय मौत हो गई। महज 48 वर्ष की उम्र में। दुनिया ने इस मौत का संज्ञान लिया। कई विशेषज्ञों ने इसे 'राजनीतिक हत्या' की संज्ञा दी, लेकिन रूस के टीवी चैनलों ने अपनी न्यूज बुलेटिन के अंत में बेहद तटस्थ स्वरों में एक लाइन में उनकी मौत की खबर दी जो ' फर्जीवाड़े के आरोप में' जेल में बंद थे। हालांकि रूस के कई शहरों में इस घटना के विरोध में शोकसभाएं आयोजित हुई, प्रदर्शन किए गए जिनका पुलिस ने सख्ती से दमन किया। कितने सारे लोग जेल में डाल दिए गए, कितनों को कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

अलेक्जेंडर सोल्जेनित्सिन ने इस रूस की कल्पना तो नहीं ही की होगी, जो सोवियत संघ के दौर में जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए मुखर रहे एक बड़े लेखक थे। उन्हें कम्युनिस्ट तानाशाही के खिलाफ बोलने-लिखने के कारण अमेरिका में लंबा निर्वासन झेलना पड़ा। उनके उत्कृष्ट लेखन के लिए उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। सोवियत पराभव और विखंडन के बाद वे रूस लौटे, लेकिन जल्दी ही नए रूस में भी उनका मोहभंग होने लगा।

एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए। हमें ऐसे बुद्धिजीवियों की बहुत जरूरत है, जो देश की राजनीतिक संस्कृति को मनुष्यता और नागरिक अधिकारों के साथ देख सकें, उन्हें मुखर समर्थन दे सकें। जिस देश और समाज के बुद्धिजीवी सत्ता का विश्लेषण करने में साहस और ईमानदारी से काम नहीं लेंगे, उसका नैतिक पतन दूर नहीं रह जाएगा। फिर अलग तरह की तानाशाहियों से हम मुकाबिल होंगे, जो जनता के हितों को कुछ चंद मुट्ठियों में कैद कर देंगी।' रूस ने सोल्जेनित्सिन की आशंकाओं को सही साबित किया। सोवियत विघटन के बाद जर्जर और बेहाल रूस वाया येल्तसिन पुतिन के दौर में पहुंचा। देश ने धीरे-धीरे आर्थिक स्थायित्व हासिल किया, सामरिक आधार तो था ही, पुतिन ने उसे नई आक्रामकता और विस्तार दिया। वे नए नायक बन कर उभरे। इस नायकत्व ने पुतिन में अहंकार पैदा किया, आत्ममुग्धता पैदा की और सत्ता में येन केन प्रकारेण बने रहने की लिप्सा जगाई। नई सदी के रूस में नए उद्योग घराने उभरे जिनके लिए व्यावसायिक लाभों की खातिर नैतिकता और मानवीय शुचिता कोई मायने नहीं रखती थी। वे पुतिन के बन गए पुतिन उनके हो गए।नया दौर था टेक्नोलॉजी का जमाना, मीडिया के न जाने कितने रूप। ऊपर से सोशल मीडिया का सर्वव्यापी प्रसार। कितना भी प्रतिबंधित करो, कभी इधर से तो कभी उधर से सूचनाओं और विचारों का कोई झोंका आ ही जाता, जो प्रतिरोध की भावनाओं को बल दे सकता था। नए दौर में नेताओं को ब्रांडिंग की जरूरत अधिक ही महसूस होने लगी। पुराने दौर वालों से बहुत ज्यादा। पुतिन और उनके निकट के सलाहकारों ने भी इस जरूरत को शिद्दत से महसूस किया। फिर तो एक से एक कंपनियों की लाइन लग गई, जो पुतिन के लिए एक से एक पेशकश के साथ खड़े थे'हम आपकी ऐसी छवि बना देंगे जो आपको देश का पर्याय बना देगी।

करोड़ों डॉलर, बोले तो रूबल, झोंके जाने लगे हाड़ मांस के उस नश्वर जीव की छवि के निर्माण के लिए। सर्वत्र पुतिन ही पुतिन...रूस के 'पुराने वाले वैभव' को लौटाने का और 'नया रूस' बनाने का संकल्प दुहराते हुए, तिहराते हुए। रूस के कई विपक्षी नेता जेलों में बंद हैं। किसी पर कोई आरोप, किसी पर कुछ और आरोप, जो जितना साहसी प्रतिरोधी, उस पर उतने ही सख्त आरोप। कोई नहीं बता सकता कि आरोप कितने वास्तविक हैं कितने राजनीतिक। पुतिन के सहयोगी समर्थक कॉर्पोरेट घरानों की बढ़ती संपन्नता की रूस में ही नहीं, दुनिया में तूती बोल रही है। कुछ खास कॉर्पोरेट घरानों पर आरोप हैं कि पुतिन के समर्थन सहयोग के एवज में वे देश के संसाधनों पर अपना कब्जा बढ़ाते गए हैं। पुतिन ने रूस को संभाला, उसे फिर से खड़ा करने में बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने आत्मविश्वास खो चुके देश में नए विश्वास का संचार किया, लेकिन उनके दौर ने रूस में भयानक रूप से बढ़ती आर्थिक असमानता देखी, नागरिक अधिकारों के दमन का नया दौर देखा, बाजार पर कॉर्पोरेट का सत्ता संरक्षित नाजायज कब्जा देखा, क्या-क्या नहीं देखा।

ब्रांड की कैद में घिरे नेता की चमक बढ़ती गई, बाजार पर खास लोगों का कब्जा बढ़ता गया। अब ब्रांडिंग का जलवा देखना समझना हो तो पेप्सी और कोका कोला को ही देखें जिनके बारे में दुनियाभर के आहार विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे कि यह संकट है, लेकिन उन कंपनियों ने भारत जैसे विशाल बाजार में आकर गंध मचा ही दी। कौन सुपरस्टार, कौन क्रिकेट स्टार, कितने-कितने स्टार उसके मार्केटिंग एजेंट बन करोड़ों कमाते रहे और पब्लिक उस मीठे जहर के घूंट लेती नकल में दुहराती रही...'पेप्सी अहा'। पुतिन कुछ संभाल कर, अधिक बिखरा कर, गिरा कर दृश्य से ओझल होंगे एक दिन। कितने महामानव तो ऐसे हैं जिन्होंने संभाला क्या इस पर तो बहस है, लेकिन बिखराया क्या, गिराया क्या, यह सब देख रहे हैं। अंतर यही है कि बड़े ही जतन से गढ़ी गई उनकी चेतना उन्हें इन बिखरावों, इन गिरावटों पर कूदने और हर्षित होने लायक ही बनाकर छोड़ती है।

# समतल हो गई दुनिया



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बिल गेट्स (दुनिया के बहुत अमीर, माइक्रोसॉफ्ट के मालिक) कहते हैं कि माइक्रोसॉफ्ट में वे केवल एक ही बात जानते हैं: चार वर्षों में, उनके द्वारा बनाया गया प्रत्येक उत्पाद अप्रचलित हो जाएगा। एक मात्र सवाल यह है कि क्या माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देगा या इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देगा। यदि माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देता है तो कंपनी फलेगी-फूलेगी। यदि इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देता है तो माइक्रोसॉफ्ट संकट में पड़ जाएगा।

हम जब भी भवाली से हल्द्वानी जाते हैं, रास्ते की घड़ी बनाने की अपने समय की मशहूर एचएमटी कंपनी यही कहानी मुझे बार-बार याद दिलाती है। सब उजाड़ सा है वहां अब। ऐसे ही मेरे जिले रायबरेली की टेलीफोन फैक्ट्री। वहां पड़ोस के जनपद कानपुर की कपड़ा मिले। मोबाइल के क्षेत्र में नोकिया, जो समय के साथ नहीं दौड़ेगा, वह पिछड़ जाएगा। वैसे अब दुनिया समतल हो गई है और दुनिया के दृष्टिकोण से देखें तो मैन्यूफैक्चर सेक्टर में देश पिछड़ रहा है। चीन तो बहुत आगे निकल ही गया था, अब कपड़ा उद्योग में बांग्लादेश कमाल कर रहा है, हमसे बहुत आगे हो गया, उसकी जीडीपी रफ्तार भी हमसे आगे है। अब कारण मत पूछिएगा, न आपको सुनते अच्छा लगेगा, न मुझे बताते।

## एक नजर

### मौसम साफ रहने पर लोगों को मिली राहत धूप का आनंद लिया

**अल्मोड़ा :** गुरुवार की शाम जिले में हुई बारिश और हल्की बर्फबारी के बाद शुक्रवार को मौसम खुल गया। सुबह से ही आसमान साफ था और दिन भर धूप खिली रही, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। गुरुवार को मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार दोपहर बाद से पर्वतीय क्षेत्रों का मौसम बिगड़ गया था। ऊंचाई वाले अनेक स्थानों पर हल्की बर्फबारी व बारिश हुई थी, जिससे समूचे पर्वतीय क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई थी, लेकिन शुक्रवार को दिन भर लोगों ने धूप का आनंद लिया। शुक्रवार को अल्मोड़ा का अधिकतम तापमान 23 व न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### सिद्धार्थ छिमवाल का इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चयन

**रानीखेत :** जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत के 7वीं कक्षा के छात्र सिद्धार्थ



छिमवाल को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की ओर से इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए राज्य स्तर पर चयनित किया गया है। इस अवार्ड के तहत सिद्धार्थ को 10 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस रावत ने बताया कि छात्र सिद्धार्थ आगामी दिनों में राज्य स्तर पर प्रतिभाग करेगा। उन्होंने बताया कि सिद्धार्थ ने उत्तराखंड में सड़क दुर्घटना से बचने के लिए सेंसर व प्लेट्स के इस्तेमाल संबंधित मॉडल तैयार किया है जो सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में कारगर साबित होगा। सिद्धार्थ की सफलता पर विद्यालय के सलीम अहमद, इफ्तिखार, डीसी जोशी, मंजीत सिंह, ज्योति धनेवाल, अनुराधा शर्मा, ज्योति शर्मा सहित विद्यालय प्रबंधन व अभिभावकों ने बधाई दी है।

# चेक बाउंस होने पर छह माह की सजा

## न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनाई सजा, दोषी पर तीन लाख 75 हजार का जुर्माना भी लगाया

संवाददाता, अल्मोड़ा



**अमृत विचार :** चेक बाउंस होने के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट अल्मोड़ा की अदालत ने अभियुक्त को छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को इसके साथ साथ तीन लाख 75 हजार रुपये का जुर्माना भी भरना होगा।

पीड़िता के अधिवक्ता भगवती प्रसाद पंत और संतोष कुमार पंत ने बताया कि टम्टा मोहल्ला निवासी रेशमा बानो ने न्यायालय में दायर किए वाद में कहा था कि उन्होंने अभियुक्त मोहम्मद उस्मान निवासी बागेश्वर के कहने पर उसकी बहन को अपने बैंक खाते से 3.50 हजार रुपये ट्रांसफर किए और दो लाख रुपये नगद दिए थे। अभियुक्त ने नगद दिए गए दो लाख का भुगतान तो कर दिया, लेकिन 3.50 लाख रुपये देने में टालमटोल करने लगा। कई बार नोटिस देने के बाद भी बाद में अभियुक्त ने धनराशि वापस नहीं की। काफी दबाव के बाद अभियुक्त द्वारा पीड़िता को एक चेक दिया गया जो बैंक में बाउंस हो गया। इसके बाद उन्होंने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले की सुनवाई कर न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि अरोरा ने अभियुक्त मोहम्मद उस्मान को छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 3.70 लाख रुपये पीड़िता को देने और पांच हजार रुपये अलग से जुर्माना अदा करने के आदेश दिए हैं।

### स्मैक तस्करों को दो-दो महीने का कारावास

**अल्मोड़ा :** स्मैक तस्करी के मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश ने दो अभियुक्तों को दो-दो महीने के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों को इसके अलावा ढाई-ढाई हजार रुपये का अर्थदंड भी जमा करना होगा। जिला शासकीय अधिवक्ता पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि मई 2021 को सोमेश्वर पुलिस ताकुला से सारकोट स्कूल के बीच चेकिंग अभियान पर थी। अभियान के दौरान नैनीताल नंबर की सफेद रंग की कार पुलिस टीम को संदिग्ध प्रतीत हुई। जिस पर उसे रोककर कार की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार में सवार आरोपी पवन जोशी और जगदीश चंद्र लोहनी निवासी झारकोट, सोमेश्वर के पास से 8.39 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। साथ ही आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में अभियोग पंजीकृत किया। इस मामले का विचारण विशेष सत्र न्यायाधीश श्रीकांत पांडे के न्यायालय में चला। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को स्मैक तस्करी का दोषी मानते हुए दो दो माह कठोर करावास और ढाई ढाई हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# जल्द खुल सकता है ब्लड बैंक

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण करती ड्रग कंट्रोल विभाग की टीम।

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा में जल्द ब्लड बैंक खुलने की संभावनाएं जग रही हैं। कालेज में ब्लड बैंक संचालित किया जा सके, इसके लिए शुक्रवार को ड्रग कंट्रोल की टीम ने मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया और इसके लिए सभी संभावनाएं तलाशीं। टीम की रिपोर्ट के बाद मामले की कार्रवाई आगे बढ़ सकेगी।

अल्मोड़ा में मेडिकल कालेज के संचालन के सालों बाद भी अभी तक यहां बलड बैंक की स्थापना नहीं हो पाई है, जिस कारण रोगियों और तीमारदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अल्मोड़ा जिला मुख्यालय में ब्लड बैंक केवल जिला अस्पताल में संचालित है, इसलिए बेस समेत मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने वाले रोगी जरूरत पड़ने पर खून के लिए जिला अस्पताल पर ही निर्भर रहते हैं। कई बार रक्त ना मिलने पर रोगियों अथवा घायलों को हायर सेंटर रेफर करना पड़ता है। जिले के तमाम संगठन मेडिकल कालेज में ब्लड बैंक के संचालन के लिए आंदोलन भी कर चुके हैं, लेकिन अब तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। मेडिकल कालेज की जरूरत और भारी जनदबाव के बीच शुक्रवार को ड्रग कंट्रोल विभाग की एक टीम मेडिकल कॉलेज पहुंची और उसने यहां जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम की रिपोर्ट पॉजीटिव मिलने के बाद ही मेडिकल कालेज में ब्लड बैंक की स्थापना होगी। टीम में सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन एम्स ऋषिकेश के डा. मनीष कुमार और ड्रग कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन की सीनियर ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी बिष्ट शामिल रहे।

# मनमानी से खनन का कार्य ठप

संवाददाता, टनकपुर



टनकपुर तहसील में एसडीएम आकाश जोशी को ज्ञापन देते खनन कारोबारी।

**अमृत विचार :** टनकपुर के क्रशर स्वामियों की मनमानी के कारण पिछले एक पखवाड़े से शारदा नदी के डाउनस्ट्रीम से खनन कार्य नहीं हो पा रहा है जिससे एक ओर जहां खनन कारोबारियो में भारी रोष पनप रहा है वही श्रमिकों की आर्थिक स्थिति भी खराब हो रही है। बाहर से आए कई श्रमिक तो काम छोड़कर चले गए हैं।

इधर खनन कारोबारियों ने एसडीएम आकाश जोशी को दिए गए ज्ञापन में कहा कि यदि शीघ्र ही इस दिशा में कारगर कदम नहीं उठाए गए तो वह 26 फरवरी से आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। टनकपुर की मां शारदा खनन यूनियन का आरोप है कि क्षेत्र के क्रशर पहले से निर्धारित 56 रुपये क्विंटल खनन सामग्री खरीदने से इनकार कर रहे हैं। उनकी ओर से ये दर 50 रुपये की गई है, इस दर पर खनन कारोबारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

विवार तक कीमत विवाद नहीं सुलझने पर 26 फरवरी से क्रशर स्वामियों के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में यूनियन के अध्यक्ष अमन सिंह ठाकुर, नसीब हुसैन, सतीश कुमार, दीवान सिंह महर, संजय मिश्रा, शेर अली आदि मौजूद रहे। एसडीएम आकाश जोशी का कहना है कि मूल्य निर्धारण को लेकर प्रशासन की कोई भूमिका नहीं है।

# मांगें नहीं मानने पर करेंगे आंदोलन

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा के पेटशाल में बैठक करते राज्य आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संगठन के सदस्यों ने उनकी उपेक्षा किए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि सरकार ने उनकी कुछ लंबी मांगों पर कार्रवाई की घोषणा तो की है, लेकिन उन्हें आज तक अमल में नहीं लाया गया। जिस कारण वह सभी घोषणाएं हवाई साबित हो रही हैं। जिसे किसी भी कीमत पद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शुक्रवार को पेटशाल में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संगठन की बैठक हुई। इसमें वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से पूर्व में सभी राज्य आंदोलनकारियों को समान पेंशन दिए जाने की घोषणा की थी, लेकिन यह घोषणा आज तक अमल में नहीं आ पाई है। इसके अलावा आंदोलनकारियों के आश्रितों को पेंशन दिए जाने के शासनादेश के बाद भी उन्हें पेंशन से वंचित रखा गया है, जबकि वंचित रह गए राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण के संबंध में भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। बैठक में भैसियाछाना, धौलादेवी विकास खंड के तोली फीडर से जुड़े गांवों में शाम होते ही बिजली गुल होने, किसानों को जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने, डूंगरी-कुंजबरगल व गिरचोला-दौला मोटर मार्ग का निर्माण ना होने पर भी राज्य आंदोलनकारियों ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। बैठक में तय किया गया अगर उनकी इन मांगों पर शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वही पांच मार्च को अल्मोड़ा के गांधी पार्क में प्रदर्शन कर धरना देंगे। बैठक में ब्रह्मानंद डालाकोटी, दिनेश शर्मा, दौलत सिंह बगड़वाल, गोपाल सिंह बनौला, पूरन सिंह बनौला, बहादुर राम, कृष्ण चंद्र डालाकोटी, राजन बल्लभ, गोविंद राम, दीवान सिंह, सुरेंद्र सिंह, गोपाल गैड़ा, देवकी देवी समेत अनेक आंदोलनकारी संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

# चितई मतगणना स्थल और स्ट्रांग रूम का जायजा लिया



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निरीक्षण करते एसएसपी देवेंद्र पींचा। ● अमृत विचार

**लोकसभा चुनाव ने मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने कसी कमर**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया जा सके। इस लिहाज से अब पुलिस और प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी सामने ना आ सके, इसके लिए प्रशासन चाक चौबंद व्यवस्थाएं करने में जुट गया है।

अल्मोड़ा के एसएसपी देवेंद्र पींचा ने पुलिस अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम और चितई मतगणना स्थल का मुआयना किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सुरक्षा से संबंधित व्यवस्था पूरी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने चुनाव में आने वाले अर्द्धसैनिक बलों के प्रवास एवं पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। सुरक्षा के दृष्टिगत सभी बिन्दुओं पर अधिकारियों के साथ चर्चा की और सभी खामियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने कहा कि निर्वाचन के कार्यों के दौरान सुरक्षा व अन्य किसी भी प्रकार की परेशानी सामने ना आए। इसकी व्यवस्था पूर्व से ही सुनश्चित कर ली जाए। एसएसपी ने कहा कि इस कार्य में कहीं भी कोई परेशानी सामने आने पर उच्च अधिकारियों से समस्या साझा की जा सकती है।

निरीक्षण के दौरान सीओ विमल प्रसाद, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, सीएफओ नरेंद्र सिंह कुवंर, प्रतिसार निरीक्षक विजय विक्रम, आरआई रेडियो उमाशंकर पांडे, निरीक्षक एलआईयू कमल पाठक, कोतवाल जगदीश चंद्र देउपा, प्रभारी निर्वाचन प्रकोष्ठ टीआर बगरेठा, एफएसओ महेश चन्द्र, एएसआई राजेंद्र सिंह बिष्ट, विनोद मौर्या आदि मौजूद रहे।

# दूल्हे और बारातियों को दिया मतदान का संदेश

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

लोकसभा चुनाव 2019 में लोहाघाट विधान सभा के बूथ कायल में स्वीप टीम द्वारा मतदाताओं को जागरूक कर आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई।

यहां बता दें कि पिछले लोकसभा चुनाव में कायल बूथ पर चुनाव बहिष्कार हुआ था। इस अवसर पर गांव में हो रहे शादी समारोह में भी स्वीप टीम द्वारा बारातियों और अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

स्वीप टीम द्वारा जागरूकता अभियान के तहत विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में विशेष फोकस किया जा रहा है। स्वीप टीम द्वारा, मडुवा, मटियानी क्षेत्र में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। स्वीप टीम में नोडल स्वीप जीवन कलौनी के साथ, प्रमोद पाटनी, जीवन राय, कमलेश जोशी तथा नेहरू युवा केंद्र के वॉलंटियर्स शामिल रहे।



लोहाघाट में दूल्हे व बारातियों को मतदान के लिए किया गया जागरूक।

## वर्ग पहेली-352

**बाएं से दाएं**

4. अधीन, वशीभूत, वश में आया हुआ।, नीचे।

5. डरावना, भयानक।

6. 1. आडंबर, तड़क-भड़क 2. सौंदर्य 3. विस्तार 4. बहुत बड़ा समूह या झुंड 5. एक तरह का चंदवा 6. सादृश्य 7. गर्व 8. चहल-पहल।

7. 1. जिसके मन में मैल या द्वेष हो, ईर्ष्यालु 2. कपटी, धूर्त, दुष्ट।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीरस होने का भाव, रस का अभाव, फीकापन 2. रोचक अथवा दिलचस्प न होना।

2. 1. सादा आहार 2. रूखा-सूखा भोजन।

3. फाटक या द्वार के ऊपर का वह स्थान जहां बैठकर नौबत नामक वाद्य बजाया जाता है, नक़्क़ारख़ाना।

5. 1. भ्रम, धोखा 2. संदेह, वहम 3. धाक, साख।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | ■ | 3 |
| 4 | | | | ■ | |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 5 | | | |
| 6 | | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 7 | | | |

### वर्ग पहेली - 351 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अं | त | र | 2 अ | य | 3 न |
| शु | ■ | ■ | म | ■ | वी |
| मा | ■ | 4 वि | ल | स | न |
| ला | ■ | ■ | ता | ■ | ता |
| ■ | 5 सु | खा | स | न | ■ |
| ■ | दि | ■ | ■ | ■ | 6 ख़ा |
| 7 ति | न | क | ना | ■ | लू |

## सुडोकू-69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | | | 7 | | |
| | | 2 | | 1 | 5 | 8 | | |
| | | 6 | | 9 | | | | |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| 6 | | 1 | | | | 3 | | 2 |
| | | 7 | | 4 | 8 | | | |
| | | 4 | | 6 | | 1 | | |
| | | | 8 | | | 2 | 3 | |
| | | 8 | | | 2 | | 5 | |

### सुडोकू - 68 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 17 .59 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

## आज का पंचांग




**त्योहार/व्रत/दिवस**- गुरु रविदास जयंती। **दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृतिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 22 .20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।


मेष

आज ऑफिस में अधिकारियों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अपनी प्रतिभा का सही उपयोग करने का प्रयास करें। आत्मविश्वास में कमी आएगी। आपको किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है।


वृष

आज मन में असमंजस जैसी स्थिति बन सकती है। स्वास्थ्य संबंधी लापरवाही बिल्कुल न करें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं। बच्चों के साथ आनंद का समय व्यतीत करेंगे।


मिथुन

आज धार्मिक और अध्यात्मिक चर्चाओं में रुचि ले सकते हैं। माता-पिता आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। सेहत की दृष्टि से दिन बहुत अच्छा है। इंटरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा।


कर्क

आज परिजनों के साथ मतभेद सामने आ सकते हैं। छोटी-मोटी दुर्घटना होने की आशंका है। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत न करें। किसी बात को लेकर मन में तनाव रहेगा। क्रोध में आकर कुछ भी बोलने से बचें।


सिंह

आज फिर भी विवादित मुद्दों पर चर्चा से दूरी बनाकर रखना चाहिए। धार्मिक स्थल पर जाने का विचार बना सकते हैं। संतान के लिए समय अच्छा रहेगा। घर में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। लोग आपकी कार्यक्षमता से प्रभावित होंगे।


कन्या

आज यात्रा के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। दिनचर्या बहुत अच्छी नहीं रहेगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी में जल्दबाजी न करें। कारोबार में कुछ व्यवहारिक चूक कर सकते हैं। जीवनसाथी से बहस हो सकती है।


तुला

आज व्यापार में सहयोगियों से परामर्श लेना हितकर होगा। मानसिक तनाव में कमी आएगी। अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। कुछ महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा।


वृश्चिक

आज धैर्यपूर्वक विचार करना बेहतर होगा। काम की अधिकता के कारण थकान हो सकती है। कुछ नजदीकी सहकर्मियों की कार्यशैली से आप नाखुश हो सकते हैं। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे।


धनु

आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी सहभागिता बढ़ने वाली है। यात्रा का आनंद उठाएंगे। घर में बड़ों की सलाह से काम करना बेहतर होगा। स्वास्थ्य से जुड़े कष्टों का निवारण होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।


मकर

आज आर्थिक पक्ष कमजोर होगा। किसी से भी धन उधार लेन-देन न करें। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आपको भागदौड़ का सामना करना पड़ेगा। अवमानना झेलनी पड़ सकती है।


कुंभ

आज अपने निजी मामलों में दूसरों का हस्तक्षेप न करने दें। किसी उलझन से बाहर निकल सकते हैं। अपने दायित्वों को निर्वहन करना चाहिये। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। दांपत्य जीवन में प्रेम भावना और सामंजस्य भाव बढ़ेगा।


मीन

आज आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। विरोधियों को अच्छी तरह से परास्त कर पाएंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अपनी भावनाओं पर नियन्त्रण रखें। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
खेल
सुबह : 10 .00
शान
रात : 07 .00

SONY MAX
परिनीता
सुबह : 09 .21
हुड़दंग
शाम : 05 .24

SONY PIX
एनाकोंड्रास
सुबह : 10 .13
जर्नी 2
रात : 09 .00

ZEE CINEMA
गंगाजल
सुबह : 10 .30
कहो ना ...प्यार है
रात : 07 .30

colors CINEPLEX
गब्बर इज बैक
सुबह : 09 .36
देवदास
रात : 09 .24

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू से उसकी पत्नी बोलीं, सुनो! तुम्हारा जिगरी दोस्त चंपू शादी करने जा रहा है और जिस लड़की से उसकी शादी होने वाली है, वह बिल्कुल घटिया है। तुम्हारे दोस्त का जीवन बरबाद हो जाएगा। चलो, चलकर उसे समझाएं। मैं नहीं जाऊंगा। मुझे कौन समझाने आया था? सोनू ने गुस्से से कहा।

प्लंबर- सर, नल ठीक हो गया लेबर चार्ज एक हजार रुपये
घर का मालिक इंजीनियर- अरे, दो घंटे की इतनी फीस तो मेरी भी नहीं है।
प्लम्बर-सर, जब मैं इंजीनियर था तो मेरी भी नहीं थी।

# लापरवाही : खंभे गिरने को तैयार पेड़ों से गुजर रहीं हाइटेंशन लाइन

## सल्ट में बिजली विभाग की लापरवाही आम लोगों के लिए जोखिम भरी साबित हो रही

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के विकास खंड सल्ट में बिजली विभाग की लापरवाही आम लोगों के लिए जोखिम भरी साबित हो रही है। विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का परिणाम है कि यहां कई जगहों पर बिजली के खंभे गिरने को तैयार हैं तो कई जगहों पर बिजली की हाइटेंशन लाइनें पेड़ों से झूल रही हैं।

विभाग की इस लापरवाही के कारण कभी भी कोई हादसा सामने आ सकता है, लेकिन तमाम शिकायतों के बाद भी विभाग इसकी सुध नहीं ले रहा है। विकास खंड के एक बड़े क्षेत्र को बिजली की आपूर्ति करने के लिए विभाग द्वारा कफल्टा क्षेत्र में बिजली की हाइटेंशन लाइन बिछाई गई है। लेकिन लाइन के काफी पुरानी हो जाने के कारण अब बिजली के कई पोल टेड़े होकर गिरने के कगार पर है। जबकि कई जगहों पर लाइनें पेड़ों से बांधकर अथवा उन्हें छूते हुए निकल रही है। जरा सी बारिश अथवा तेज हवा चलने पर यहां लाइनों में अक्सर फाल्ट आ जाता है। जिस कारण लोगों को कई दिनों तक ब्लैक आउट की स्थिति का सामना करना पड़ता है। सामाजिक कार्यकर्ता नारायण सिंह रावत ने कहा है कि पेड़ों से होकर गुजर रही लाइनें व गिरने को तैयार बिजली के जर्जर पोल क्षेत्र के लोगों के लिए जोखिम भरे साबित हो रहे हैं। लेकिन कई बार की शिकायतों के बाद भी अधिकारी कोई कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग लॉपिंग के नाम पर हर साल लाखों रुपये खर्च करता है। लेकिन इसके बाद भी हाइटेंशन लाइनों का पेड़ों से होकर गुजरना विभाग की कार्यप्रणाली की पोल खोल रहा है। रावत समेत क्षेत्र के कुंदन सिंह कुकलियाल, हरीश बंगारी, आनंद, भैरव, त्रिभुवन सिंह समेत अनेक ग्रामीणों ने शीघ्र व्यवस्था में सुधार ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।


सल्ट ब्लॉक के कफल्टा क्षेत्र में गिरने को तैयार बिजली का पोल। ● अमृत विचार

### पुलिस ने चार लोगों को किया शांतिभंग में निरुद्ध

**खटीमा।** सत्रहमील पुलिस ने घरेलू हिंसा में ग्राम नौसर के दो सगे भाइयों राजेश मल और राकेश मल को 151 के तहत निरुद्ध कर दिया है। वहीं एक अन्य रास्ते के विवाद में लड़ाई झगडा कर रहे ग्राम वनगवां निवासी सगे भाई वीरू और गुरमीत सिंह को भी पुलिस ने धारा 151 में निरुद्ध कर परगना मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया। सत्रहमील पुलिस ने ग्राम वनगवां निवासी बलबंत सिंह पुत्र जगीर सिंह को 75 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। इस अवसर पर चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, हरेंद्र थापा, रवि कुमार, विपिन कुमार आदि थे।

### शांति भंग में तीन आरोपी गिरफ्तार

**जसपुर।** पुलिस ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आपरेशन प्रहार के अन्तर्गत शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में 3 लोगों को गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस ने झगड़ा फ़साद करने वाले 3 हुडदंगियों को धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया। इनमें अतुल कुमार जोशी पुत्र उदयवीर जोशी निवासी निकट गांधी पार्क गुजरातियान जसपुर, अजय पुत्र चन्द्र प्रकाश निवासी निकट गांधी पार्क गुजरातियान जसपुर, शंकर सिंह पुत्र राजपाल सिंह निवासी भूप सिह थाना जसपुर शामिल हैं।



टनकपुर के सैलानीगोठ विद्यालय में छात्रा को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

# छात्रों को कानून के प्रति किया गया जागरूक

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राजकीय इंटर कॉलेज सैलानीगोठ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी पसबोला नारकोटिक्स विभाग, पुलिस विभाग और साइबर सेल से जुड़े अधिकारियों ने भी प्रतिभाग कर छात्र-छात्राओं को कानून से संबंधित विभिन्न जानकारियां देते हुए उन्हें विधिक रूप से जागरूक किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी पसबोला ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच हमारा गणराज्य विषय पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। शिविर में नारकोटिक्स विभाग के देहरादून से आए अधिकारी राकेश कुमार ने समाज में नशे के बढ़ते प्रचलन के प्रति आगाह किया। साइबर सेल की प्रभारी पिंकी धामी ने इस अवसर पर मोबाइल और इंटरनेट से होने वाले साइबर अपराधों के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में पीएलवी अजय गुरुरानी, अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

### लोगों ने लगाई आवारा पशुओं से निजात की गुहार

**खटीमा :** आवारा पशुओं द्वारा फसलों को किए जाने नुकसान से परेशान उमरुखुर्द वासियों ने तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर आवारा पशुओं से तत्काल निजात दिलाने की मांग की तहसीलदार हिमांशु जोशी को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि आवारा पशुओं द्वारा उनकी मेहनत से तैयार की गई फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिसके चलते किसान न केवल आर्थिक बल्कि मानसिक रूप से बेहद परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें आवारा पशुओं से तत्काल निजात दिलाई जाए। यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन में देवकी देवी, अर्जुन राणा, कृपाल सिंह, दीपा चौहान, मदन सिंह, शशि कपूर, विमला पांडे, माया बिष्ट, सुनीता भट्ट, दीपा देवी, रोहित शर्मा, कमलेश राणा, किरण देवी, गंगा देवी, गोविंद भट्ट, नाथ सिंह डांगी, आशीष अंतोला, जानकी देवी, लीला देवी, बबिता, भास्कर गोला, दीपा देवी, कमल मेहरा, कमल भट्ट आदि शामिल रहे।

# केंद्रीय स्कूल न खुलने पर आक्रोश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के विकास खंड चौखुटिया के पांडुवाखाल में स्वीकृति के बाद भी केंद्रीय विद्यालय ना खुलने से स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्र की सामाजिक संस्था गेवाड़ विकास समिति के सदस्यों ने आरोप लगाया कि सरकारी तंत्र की लापरवाही के कारण इस महत्वाकांक्षी योजना में लेटलतीफी हो रही है। जिसे किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समिति ने प्रशासन से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के अनुमोदन के बाद प्रदेश में चार नए सैनिक स्कूल और पांच नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए केंद्र सरकार को इसका प्रस्ताव भेज दिए जाने की बात कही थी, जिसमें चौखुटिया के पांडुवाखाल को भी केंद्रीय विद्यालय के लिए चयनित किया गया था।

केंद्रीय विद्यालय संगठन देहरादून द्वारा इसके लिए प्रस्ताव भी मांगा गया था, लेकिन इसके बाद भी अभी तक चौखुटिया में केंद्रीय विद्यालय के मामले में कोई खास प्रगति नहीं हो पाई है। क्षेत्रवासियों की नाराजगी को देखते हुए गेवाड़ विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र नेगी ने शासन से पत्राचार कर इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। नेगी ने बताया वह इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, सांसद अजय टम्टा समेत अनेक जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर चुके हैं, लेकिन अभी तक केंद्रीय विद्यालय के मामले में धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिससे स्थानीय जनता का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।


केंद्रीय मंत्री को मांगपत्र सौंपते लोग। ● फाइल फोटो

# आए दिन साइबर क्राइम की घटनाएं हो रहीं घटित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले की सोमेश्वर पुलिस ने तहसील के चनौदा क्षेत्र में अभियान चलाकर लोगों को अपराधों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक मोनी टम्टा ने ग्रामीणों को बताया गया कि वर्तमान में इंटरनेट मीडिया के उपयोग के साथ साइबर खतरों की जानकारी भी बहुत जरूरी है।

आए दिन साइबर क्राइम की घटनाऐं हो रही हैं। साइबर ठग लोगों के भोलेपन का फायदा उठाकर उन्हें नौकरी, लॉटरी आदि विभिन्न प्रकार के लुभावने ऑफर देकर उनसे उनके बैंक डिटेल, आधार कार्ड, एटीएम सहित विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त कर उनको ठगी का शिकार बना लेते हैं। उन्होंने लोगों से किसी भी अंजान व्यक्ति को फोन कॉल अथवा अन्य माध्यमों से अपनी कोई भी जानकारी ना देने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों, किराएदारों के सत्यापन, यातायात के नियमों का पालन करने, नाबालिग बच्चों को वाहन ना देने तथा पुलिस हेल्प लाइन के विभिन्न नंबरों के बारे में भी जानकारी दी। अन्य वक्ताओं ने भी ग्रामीणों को भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य विधेयक के संबंध में भी जानकारी देकर जागरुक किया गया।

# बीएड की अनिवार्यता समाप्त हो

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट के छात्र-छात्राओं ने महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से अल्मोड़ा के सर्किट हाउस में मुलाकात की।

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने उन्हें कला विषय में शिक्षक बनने के लिए बीएड की अनिवार्यता के कैबिनेट के फैसले की जानकारी दी और उनसे सरकार के इस निर्णय को वापस लेने के लिए कार्रवाई करने की मांग की।

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी गुरुवार की देर रात अल्मोड़ा पहुंचे।

शुक्रवार की सुबह एसएसजे विवि के फाइन आर्ट के छात्रों का एक शिष्टमंडल उनसे मिलने सर्किट हाउस पहुंचा। शिष्टमंडल के सदस्यों ने कोश्यारी को बताया कि बीते दिनों प्रदेश सरकार ने कैबिनेट के फैसले में कला विषय में शिक्षक बनने के लिए बीएड को अनिवार्य कर दिया है।

छात्रों ने बताया कि फाइन आर्ट चार वर्षीय पूर्णकालिक कोर्स है। जिसे पूरे देश में बीएड के समकक्ष रखा गया है, लेकिन उत्तराखंड सरकार द्वारा फाइन आर्ट के छात्रों के लिए बीएड की अनिवार्यता के फैसले के बाद अब उनके रोजगार के सभी रास्ते बंद हो गए हैं। कोश्यारी से मिले शिष्टमंडल में सुरभि शर्मा, योगेश सिंह डसीला, रोहित सिंह कुमल्टा, कृष्णा वर्मा, कमलेश भट्ट, पंकज बिनवाल, दिव्या पंत, संजना,दीपक सिंह, नेहा रौतेला, अभिषेक, रितम, प्रिया, आतिफा, इल्मा मनसुरी, प्रियंका परिहार, पंकज उपाध्याय आदि मौजूद रहे।


सर्किट हाउस में पूर्व राज्यपाल से मुलाकात करते एसएसजे के फाइन आर्ट के छात्र।

### विधायक ने लिया तुलसी धाम पीठाधीश्वर का आशीर्वाद

**अमृत विचार, रुद्रपुर :** मलसा स्थित श्री तुलसी धाम में आयोजित वार्षिक समागम विधायक शिव अरोरा पहुंचे और तुलसी धाम पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज का आशीर्वाद लिया।

इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि तुलसी धाम में वार्षिक समागम धूमधाम के साथ मनाया जाता है। जहां हजारों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि राजेंद्र महाराज का स्नेह आशीर्वाद बहुत लंबे समय से उनके साथ रहा है। इस दौरान आयोजन कमेटी ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, प्रीत ग्रोवर, मनोज मदान, उमेश पसरीचा, आशु बांगा, राजकुमार खनिजों समेत कई लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीणों को दिया वनाग्नि एवं वन्यजीवों की सुरक्षा का संदेश

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** किशनपुर रेंज में वनाग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को वनाग्नि एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

वन क्षेत्राधिकारी किशनपुर घनानंद चनियाल के नेतृत्व में वन विभाग कर्मियों द्वारा किशनपुर वन क्षेत्र में वनाअग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गोविंद नगर जिला पंचायत सदस्य पति रविंद्र सिंह ने की। इस दौरान वनकर्मियों ने मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को वनाअग्नि सुरक्षा एवं वनों व वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु विभिन्न जानकारियां मुहैया कराई गई। इस दौरान वन विभाग द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं खत्ते वासियों व वन गुर्जरों से वनों में आग न लगाने एवं वनाअग्नि की सूचना तत्काल समीपस्त वन चौकी में देने की अपील की गई। गोष्ठी का संचालन नवीन सिंह मेहरा ने की। इस मौके पर गौलापार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नीरज रैकवाल, रूदपुर ग्राम प्रधान पति प्रदीप कुमार मंडल, उपवन क्षेत्राधिकारी गणेश सिंह धर्मशक्तु, खीम सिंह अधिकारी, गोकुल सिंह नेगी, देवी दत्त तिवारी, राजेश खन्ना, लक्ष्मण सिंह नेगी, दिनेश चंद्र बुधलाकोटी, गंगा मेहता, संजय कुमार, अरविंद कुमार, मीनू, मंजू रानी, जया मार्तोलिया, विजय कुमार राम, दीपू सिंह आदि मौजूद थे।



जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को वनाग्नि से बचाव की जानकारी देते वन अधिकारी।

# सशक्तिकरण के लिए कारीगरों को बताए विश्वकर्मा योजना के लाभ

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय विकास कार्यालय हल्द्वानी की ओर से शुक्रवार को होटल राजश्री, टनकपुर में पीएम विश्वकर्मा योजना पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों के सशक्तिकरण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें क्षेत्र के तमाम लघु उद्यमियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सहायक निदेशक अमित मोहन ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं पर इकाइयों को जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि यह योजना 18 प्रकार के परंपरागत विषय से जुड़े विश्वकर्मा बंधुओं के उत्थान के लिए है।

योजना के तहत चयन लाभार्थियों को एक सप्ताह प्रशिक्षण एवं 500 प्रतिदिन की दर से स्टाइपेंड देय होगा।

इस योजना के तहत कॉमन सर्विस सेंटर से ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे।

कार्यशाला में कार्यक्रम निदेशक आरके चौधरी, संजय अग्रवाल, सागर अग्रवाल के अलावा दिनेश कुमार, तासीर मोहम्मद, कुदरत उल्लाह, मंगल शर्मा, अनवर अली, नासिर हुसैन, राम सिंह राठौड़, नबी हुसैन, बंधन बैंक से दीपक भट्ट, नौटंकी लाल, तस्लीम अहमद, मोहम्मद सलमान, कलाम खान, सहित तमाम उद्यमी शामिल रहे।


टनकपुर में आयोजित कार्यशाला में मौजूद कारीगर और शिल्पकार। ● अमृत विचार

**वेतन रुकेगा** | मंडलायुक्त रावत ने अल्मोड़ा डीएम को ब्रिडकुल महाप्रबंधक से इस बाबत पत्राचार को कहा

# मंडलायुक्त की वीसी में सक्षम अधिकारी गायब

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग से जनपद अल्मोड़ा की जिला योजना, राज्य सेक्टर, केंद्र सेक्टर, बाह्य सहायतित योजनाओं, जल जीवन मिशन, पीएमजीएसवाई समेत अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा की।

वीसी में ब्रिडकुल के सक्षम अधिकारी के गैरहाजिर रहने पर उन्होंने डीएम अल्मोड़ा को संबंधित अधिकारी के वेतन रोकने के लिए ब्रिडकुल महाप्रबंधक से पत्राचार करने के निर्देश दिए। अल्मोड़ा की जिला योजना, राज्य सेक्टर तथा बाह्य सहायतित योजनाओं में वित्तीय प्रगति न्यून थी लेकिन भौतिक प्रगति के सत्यापन के बाद काम पूरे हो चुके हैं, संबंधित विभागों ने कार्यदायी संस्थाओं को भुगतान नहीं किया है।

इस पर मंडलायुक्त रावत ने सभी विभागाध्यक्षों को पूरी हो चुकी योजनाओं का भुगतान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वन विभाग की आपत्तियों के निस्तारण के लिए वन अधिकारियों के समन्वय बनाकर निस्तारण के निर्देश दिए। इसी तरह जल जीवन मिशन की योजनाओं को समयावधि में पूर्ण करने एवं नियमित मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री घोषणाओं को भी पूरा करने निर्देश दिए। रावत ने कहा कि जितनी भी सड़कें पीएमजीएसवाई बना रहा है, उनकी गुणवत्ता, समयबद्धता पर विशेष मॉनीटरिंग की जाए। वहीं राजकीय पॉलीटेक्निक ताकुला में नव निर्मित सिविल व फार्मेसी ब्लॉक में लीकेज नहीं होने की पुष्टि पर ही भुगतान के निर्देश दिए।



### सैलाखोला में बनेगा पिंक टॉयलेट

**हल्द्वानी :** मंडलायुक्त रावत ने जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण अल्मोड़ा की बोर्ड बैठक भी ली। प्राधिकरण के अवस्थापना मद से वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा के वार्ड सैलाखोला में मल्ला महल को जाने वाली सीढ़ियों के नीचे 24.96 लाख से पिंक टॉयलेट निर्माण को स्वीकृति दी गई। सुमित्रानंदन पंत पार्क का सौंदर्यीकरण और पार्क में ओपन जिम के निर्माण के लिए 18.70 लाख की स्वीकृति दी गई। इस दौरान डीएम विनीत तोमर, सीडीओ आकांक्षा कुडे, एडीएम पीएस मर्तोलिया आदि मौजूद थे।

### समूह की महिलाओं ने किया एक्सपोजर विजिट

**हल्द्वानी :** श्रद्धा महिला एवं बाल विकास संस्था में 30 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 14 दिवसीय हस्तनिर्मित कढ़ाई प्रशिक्षण के दौरान एकदिवसीय एक्स्पोजर विजिट के लिए गृह विज्ञान महाविद्यालय गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर में भ्रमण कराया गया। केवीके से डॉ. सुधा जुकारिया के निर्देशन में विजिट कार्यक्रम आयोजित किया। गृह विज्ञान केंद्र की डॉ. अल्का गोयल ने प्रशिक्षणार्थियों को गृह विज्ञान केंद्र में बेहतर अनुभव के लिए विजिट की अनुमति दी। नाबार्ड की ओर से डॉ. शहनाज और अनीता ने सभी प्रशिक्षणार्थियों के साथ विभिन्न प्रकार की कढ़ाई साझा की। डॉ. अल्का ने उनको कढ़ाई की कुछ पुस्तकें भेंट की ताकि महिलाएं.और बेहतर कढ़ाई सीख सकें।

# 11 बच्चों को दी हिफ्ज की डिग्री

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** मदरसा रहमानिया जूनियर हाई स्कूल जामा मस्जिद में शुक्रवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता इमाम हजरत सैय्यद इरफान रसूल मियां ने किया। मदरसा रहमानिया जूनियर हाई स्कूल जामा मस्जिद में सालाना तालीमी कॉन्फ्रेंस व जश्ने दस्तार बंदी बड़ी शानो शौकत के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में मदरसे से फारिग होने वाले 11 बच्चों मो फैजान, मो मुबसिन, फैजुल हसन, अब्दुल वकील, जफर मियां, अमीर हसन, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद सोहिल, मोहम्मद शाहरान तथा मोहम्मद सोहिल को हिफ्ज की डिग्री के साथ सम्मान देकर विदा किया गया। मदरसा रहमानिया व जामा मस्जिद के प्रशासक कामिल खान ने कहा कि दुनिया की तालीम के साथ-साथ दीनी तालीम भी हासिल करना एक अच्छा संदेश है। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इसअवसर पर मुफ्ती शरिफ ख़ान, सय्यद इरफान रसूल मिया, उस्मान हारूनी साहब, कारी शादाब रजा, मदरसा रहमानिया के प्रिंसिपल कारी आलम तहसीनी, हज़रत तहसीन रजा, तारिक मलिक, मुस्तकीम मलिक, अनवार मलिक, जावेद रजा, हाफिज्जुर रहमान तथा शकील अहमद आदि मौजूद रहे।


खटीमा में हिफ्ज की डिग्री हासिल करने वाले बच्चों को विदाई देते अतिथि।

## एक नजर

### छात्रों को दी ऑनलाइन फ्रॉड की जानकारी

**देहरादून।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून प्रदीप पंत के निर्देशानुसार शुक्रवार को पराविधिक कार्यकर्ता उमेश्वर सिंह रावत जीआईसी डोभालवाला में साइबर क्राइम, ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया स्कैम विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हर्ष यादव, सचिव/ वरिष्ठ सिविल जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिभागियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून के गठन एवं कार्यों, संविधान में वर्णित विभिन्न प्रावधान, मोबाइल का दुरुपयोग, साइबर अपराधों, बालको से संबंधित विषय आदि के सम्बंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि आजकल बहुत ज्यादा साइबर फ्रॉड हो रहे हैं, इसके लिए हम लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। साइबर फ्रॉड के लिए अपराधी ईमेल, मैसेज या वेबसाइट बनाकर ऐसा दिखाने की कोशिश करते हैं कि वो वैध कंपनी या व्यक्ति हैं। लोग इनके झांसे में जाकर जानकारी लीक कर देते हैं और धोखे के शिकार हो जाते हैं। कार्यक्रम में उप निरीक्षक साइबर क्राइम निर्मल भट्ट, वरिष्ठ अध्यापक अर्जुन सिंह नेगी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के त्रिलोचन जोशी उपस्थित रहे।

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों को परखा

**देहरादून।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोतम ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत टिहरी लोकसभा क्षेत्रान्तर्गत निर्वाचन तैयारियों को लेकर ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में बैठक लेते हुए निर्वाचन हेतु की गई तैयारियों को परखा। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप के तहत जनपद देहरादून में मतदाता जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वैन जनपद के कम मतदान प्रतिशत् वाले बूथ पर जागरूकता लाते हुए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि वोटर लिस्ट अपडेशन कार्यों की आरओ, एआरओ अपने स्तर पर मॉनिटिरिंग करें, ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे। रिटर्निंग अधिकारी निर्विवादित, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक निर्वाचन हेतु प्रत्येक गतिविधि की अपने स्तर से मॉनिटिरिंग करें।

# सरकार कर रही युवा सपनों को साकार: धामी

## डिक्सन टेक्नोलॉजीज के नवीन प्लांट का उद्घाटन कर बोले मुख्यमंत्री, स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने को बन रहा 200 करोड़ का वेंचर फंड

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को देहरादून के सेलाकुई में स्थापित में डिक्सन टेक्नोलॉजीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के नवीन प्लांट का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिक्सन कंपनी हमेशा से ही भारत में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण में अग्रणी रही है।

मुख्यमंत्री ने प्लांट का निरीक्षण कर विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखंड में भी डिक्सन रोजगार के नये-नये अवसर सृजित करने में सफल होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिक्सन टेक्नोलॉजी की इस फैक्ट्री के माध्यम से जिन भी युवाओं को रोजगार मिलेगा, उनमें बहुत से युवा भविष्य में अन्य युवाओं को रोजगार देने में समर्थ होंगे, क्योंकि आज का युवा स्वयं नौकरी पाने के साथ-साथ स्वरोजगार के माध्यम से नौकरी देने वाला बन रहा है। यही नहीं बहुत से युवा भविष्य में स्वयं की कोई फैक्ट्री लगाने में भी सफल होंगे। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया था। जिसका एक उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार उपलब्ध कराना था।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद बहुत सी कंपनियों ने उत्तराखंड में अपने उद्योग लगाकर हमारे युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना प्रारंभ कर दिया है। इससे भविष्य में अधिक से अधिक युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। हमारी सरकार युवा सपनों को साकार करने के साथ ही युवा प्रतिभाओं के साथ न्याय करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए हमने प्रदेश में सबसे कठोर नकल विरोधी कानून बनाकर भर्तियों में घोटाले करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की। वर्तमान में 7 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया गतिमान है और जल्द ही कई हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी।


डिक्सन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री।

### विदेश रोजगार प्रकोष्ठ का भी गठन किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विशिष्ट सिंगल विंडो सिस्टम द्वारा युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के क्षेत्र में सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने राज्य के युवाओं को देश से बाहर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के लिये राज्य में विदेश रोजगार प्रकोष्ठ का भी गठन किया है। हमारी सरकार स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए 200 करोड़ का वेंचर फण्ड भी तैयार करने जा रही है, इससे युवा उद्यमियों को सरकारी स्तर पर फण्ड मिल सकेगा।

### देश में ही नहीं विदेशों में भी रोजगार प्राप्त कर सकेंगे

मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना को कैबिनेट में मंजूरी दी। इन योजनाओं के द्वारा युवाओं में कौशल विकास के लिए कार्य किया जाएगा। जिससे वे देश में ही नहीं बल्कि में विदेशों में भी रोजगार प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त चयनित होने वाले अभ्यर्थियों के टिकट, वीजा आदि से संबंधित प्रक्रियाओं में भी सरकार सहायता करेगी। विदेश में रोजगार के इच्छुक युवाओं से सम्बन्धित डाटाबेस तैयार करने के लिए अपुणी सरकार पोर्टल पर एप्लीकेशन विकसित की जा चुकी है। हम युवाओं को रोजगार देने के लिए हर वो प्रयास कर रहें हैं, जिससे प्रदेश की रोजगार दर में वृद्धि हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिलेगा तो हमारा प्रदेश हर राज्य के लिए एक मिसाल बनेगा, क्योंकि रोजगार बहुत सी समस्याओं का स्वत: ही समाधान कर देता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डिक्सन जैसी कंपनियां जहां एक ओर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में प्रदेश का नाम रोशन करेगी, वहीं उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के हमारे विकल्प रहित संकल्प की पूर्ति में भी सहायक सिद्ध होगी। डिक्सन टेक्नोलॉजीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन सुनील वचानी ने बताया कि यह उत्तराखंड में डिक्सन की चौथी फैक्ट्री है। पूरे देश में डिक्सन की अब 23 फैक्ट्री हैं जिसमें 27000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय, डिक्सन टेक्नोलॉजीज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर रवि वचानी, वाइस चेयरमैन एवं एमडी अतुल लाल आदि उपस्थित रहे।

# सहायक लेखाकार पद पर 67 को मिले नियुक्ति पत्र

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में लोक सेवा आयोग के माध्यम से कृषि विभाग के अंतर्गत सहायक लेखाकार के पद पर चयनित 67 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि अब वे उत्तराखंड शासन, प्रशासन का हिस्सा बनने जा रहे हैं। सभी सच्ची लगन और मेहनत से अपने कार्य को निपुणता से करेंगे, इसकी उन्होंने अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध हों, हमारा यह प्रयास धीरे-धीरे धरातल पर उतरने लगा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में अधिक से अधिक युवाओं को प्रदेश में ही रोजगार के और अधिक अवसर मिल पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि आपको एक ऐसे प्रदेश में सेवा का अवसर ईश्वर ने प्रदान किया है, जिसमें आपकी एवं राज्य की प्रगति की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य करें, उसे पूर्ण ईमानदारी और लगन से करें तथा पूरी कोशिश करें कि जो काम आज होना है, उसे आज ही सम्पन्न करें और उत्तराखंड को श्रेष्ठ व नम्बर-एक राज्य बनाने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हजारों युवाओं में से आपको यह अवसर विशिष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया है। आप अनुशासित होकर ईमानदारी के साथ दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने भी नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी युवाओं को बधाई एवं शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर महानिदेशक कृषि डॉ. रणजीत सिंह चौहान, निदेशक कृषि एवं कृषि कल्याण केपी पाठक, संयुक्त निदेशक कृषि दिनेश कुमार, उप निदेशक कृषि, नवीन काण्डपाल, पीएम बिष्ट नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए संकल्पित है धामी सरकार : चौहान

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत पर्वतीय जिलों में भी विशेषज्ञ डाक्टरों की नियुक्ति की जा रही है और लैब और अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में स्वास्थ्य सेवाओं में भी अभूतपूर्व सुधार हुआ है। चौहान ने कहा कि मरीजों के इलाज में कोताही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

टिहरी के सीएचसी चौंड में 18 फरवरी को वायरल वीडियो के संबंध में चौहान ने कहा कि जैसे ही यह मामला संज्ञान में आया तो 20 फरवरी को ही इस पर सीएम ने संज्ञान ले लिया था। इस संबंध में सीएमओ टिहरी से जवाब तलब किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को कुछ लोग निजी हित के लिए तूल दे रहे हैं। चौंड में पिछले महीने स्त्री रोग विशेषज्ञ समेत तीन अन्य डाक्टरों की तैनाती की गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद पहली बार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में विशेषज्ञ डाक्टर भी पहाड़ चढ़ रहे हैं। राज्य मे स्वास्थ्य के ढांचे मे बड़े स्तर पर विस्तार हुआ है। जिला अस्पतालों से लेकर पीएचसी को डॉक्टर और उपकरणों से लैस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी को चिकित्सा मुहैया करायी जाए, सरकार इसे लेकर संजीदा है। उत्तराखंड आयुष्मान के माध्यम से आम जरूरतमंदों को उपचार मुहैया कराने मे अब्बल है। वहीं केंद्र की सहायता से अनेक योजनाएं चल रही है जिसमें उपचार के लिए जरूरी टेस्ट आम लोगों को मुहैया करायी जा रही है। कुछ अपवाद को छोड़ दिया जाए तो उत्तराखंड मे स्वास्थ्य व्यवस्था अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है।

**दावा**

- संसाधन और उपकरणों की कमी दूर, पहाड़ चढ़ रहे डाक्टर

### धोरणखास को मिली विकास की सौगात

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को देहरादून में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत वार्ड 5 धोरणखास में 370.84 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने राज्य योजना के तहत मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र मसूरी के वार्ड संख्या-05 धोरणखास में लागत 312.61 लाख की 11 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 58.23 लाख की 1 आंतरिक मार्ग के सुदृढ़ीकरण/ डामरीकरण के कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर बीमा बिहार सोसायटी अध्यक्ष प्रमोद पंत, आलोक गुप्ता, महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा, भूपेन्द्र सोलंकी, निरंजन डोभाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# चमोली में सैनिक स्कूल का अनुरोध

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार :** प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उत्तराखण्ड के सीमान्त जनपद चमोली में सैनिक स्कूल के निर्माण का अनुरोध किया गया।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अवगत कराते हुए कहा कि राज्य का जनपद चमोली एक सीमान्त होने के साथ साथ सैनिक बाहुल्य जनपद है। उन्होंने कहा सीमान्त जनपद चमोली एवं निकटतम क्षेत्र में कोई भी सैनिक स्कूल/आर्मी पब्लिक स्कूल संचालित नहीं है। मंत्री गणेश जोशी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को विश्वास जताते हुए कहा जनपद चमोली में आर्मी पब्लिक विद्यालय स्वीकृत करने पर उत्तराखण्ड सैनिक कल्याण विभाग भूमि आवंटन एवं अवस्थापना विकास के लिए अपना सम्पूर्ण योगदान प्रदान करेगा। मंत्री गणेश जोशी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उत्तराखण्ड के सीमान्त जनपद चमोली के पूर्व सैनिकों की बहुप्रतिक्षित मांग जनपद चमोली में भी जनरल बीसी जोशी आर्मी पब्लिक स्कूल की भांति ही आर्मी पब्लिक स्कूल स्वीकृत/ स्थापित करने का अनुरोध किया गया। जिस पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए मामले में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट करते मंत्री गणेश जोशी।

## उत्तर प्रदेश

# डिवाइडर से टकराई कार तीन लोगों की मौत, एक गंभीर

जिला संवाददात, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** कार चालक बेटे की झपकी आने से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 123 किमी. पर कूरेभार थाने के सेउर के पास शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया।

हादसे में माता-पिता और पड़ोस की आंटी की मौत हो गई, जबकि चालक बेटे की हालत गंभीर है। परिजनों को सूचना देते हुए पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद से विकास गुप्ता (32) अपने पिता रामचंद्र गुप्ता (55), माता माया देवी (52) और वहीं पड़ोस की ही आंटी चिंता देवी (55) पत्नी श्याम बिहारी यादव को लेकर आई-10 कार से आरा, पटना (बिहार) पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रास्ते जा रहे थे। सुलतानपुर जिले से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कूरेभार थाना क्षेत्र के सेउर के पास 123 किमी पर विकास को नींद आ गई और बेकाबू होकर उसकी कार डिवाइडर से जा टकराई।

हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा राहत बचाव टीम कूरेभार एसओ अनिल कुमार मिश्रा के साथ चारों लोगों को कार से निकलवाकर जिला मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर भेजा। जहां पर रामचंद्र, माया देवी व चिंता देवी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

- माता-पिता व आंटी की मौत चालक बेटे की हालत गंभीर
- समारोह में शामिल होने बिहार जा रहा था परिवार

### बाइक सवार सेल्स मैनेजर को डंपर ने रौंदा, मौत

**रामपुर।** बाइक से रुद्रपुर जा रहे एक्सिस बैंक के सेल्स मैनेजर को जौहर अस्पताल के पास डंपर ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आगापुर की दुर्गा कॉलोनी निवासी अनिल अग्रवाल का बेटा कुशाग्र अग्रवाल (26) रुद्रपुर के थाना गदरपुर के ग्राम भैंसिया स्थित एक्सिस बैंक में ब्रांच सेल्स मैनेजर था। शुक्रवार सुबह 9 :15 बजे वह बैंक जा रहा था। सुबह 9 :32 बजे जौहर अस्पताल के पास डंपर ने पीछे से उसकी बाइक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी जेब से मिले कागजों के आधार पर परिजनों को हादसे की जानकारी दी।

### ग्रामीण को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

**रामपुर।** पहाड़ी गांव के पास गुरुवार शाम बाइक ने सवारी का इंतजार कर रहे ग्रामीण को टक्कर मारकर घायल कर दिया था और बाइक समेत फरार हो गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही ग्रामीण ने दम तोड़ दिया। अस्पताल में चिकित्सकों ने ग्रामीण को देखकर मृत घोषित कर दिया।

# झूठी शिकायत में प्रोफेसर पर पांच लाख का जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी/ एसटी एक्ट के तहत दर्ज एक मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि शताब्दियों तक भारतीय समाज ने जीवन के दो आधार मूल्यों सत्य और अहिंसा का पोषण किया है। हमारे महापुरुषों ने भी इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए लोगों का मार्गदर्शन किया है। सत्य न्याय वितरण प्रणाली का एक अभिन्न अंग था। एक समय लोग परिणामों की परवाह किए बिना अदालतों में सच बोलने में गर्व महसूस करते थे, लेकिन समय के साथ पुराने लोकाचार खत्म होते गए और व्यक्तिगत लाभ की भूख इतनी तीव्र हो गई कि मुकदमेबाजी में शामिल लोग अदालत ही कार्यवाही में झूठ, गलतबयानी और तथ्यों को दबाने में संकोच नहीं कर रहे हैं।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने आईपीसी और एससी/एसटी अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज मामले में चल रही कार्यवाही और आरोप पत्र रद करने की मांग लेकर दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए की। दरअसल इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर को अपनी सहायक महिला प्रोफेसर को कक्षाएं लेने और ठीक से पढ़ाने के लिए सलाह देना भारी पड़ा। उन्होंने अपनी इस गलती के लिए लगभग 8 वर्षों तक मुकदमे का सामना किया। तथ्यों का अवलोकन करने पर कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता एक सुशिक्षित महिला है और कानून के प्रावधानों को अच्छी तरह से जानती है, इसलिए उसने व्यक्तिगत लाभ के लिए कानून के प्रावधानों का दुरुपयोग किया।

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार किसान की मौत

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में मेरठ-बदायूं हाईवे पर फसल की रखवाली कर घर लौट रहे साइकिल सवार किसान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे किसान की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

खेड़ामानी निवासी महेश कुमार (32) गुरुवार देर रात खेत पर फसल की रखवाली करने के बाद साइकिल से घर लौटने लगा। मेरठ-बदायूं हाईवे पर गांव बैरपुर महराजी बस स्टैंड के पास सड़क पार करते वक्त साइकिल सवार महेश कुमार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे महेश कुमार की मौत हो गई। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंची। परिजन मौके पर पहुंचे। मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज की। महेश कुमार की मौत पर पत्नी रामवती और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

# फर्जी खाता खोलकर 19 लाख डकार लिए

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में विवादों का नाता खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच बैंक में फर्जी खाता खोलकर निर्धारित शुल्क, अतिरिक्त शुल्क व पीटीए की 19 लाख की रकम कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने अपने सहयोगी प्रवक्ता, व्यायाम शिक्षक व परिचारक के साथ मिलकर गबन कर ली। इसका खुलासा होने पर कॉलेज के प्रबंधक ने गुरूवार को हैदरगढ़ कोतवाली में तहरीर देकर धोखाधड़ी, कूटरचना, कूटरचित दस्तावेज को असली बताकर प्रयोग, लोक सेवक द्वारा आपराधिक न्याय भंग, चोरी , शांतिभंग व धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कराया।

मामला हैदरगढ़ के रनापुर स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज का है। यहां के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने हैदरगढ़ कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके कॉलेज के खाता कोआपरेटिब बैंक में है। इस खाते के अलावा कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ला ने कूटरचित दस्तावेज से फर्जी खाता खुलवा लिया। इसके बाद वर्ष 2022-23 में निर्धारित शिक्षण शुल्क की 9,11400 रुपये, बच्चों को डरा धमकाकर प्रति छात्र 400 रुपये अतिरिक्त शुल्क के रूप में वसूल गए 787200 रुपये तथा पीटीए की 193200 रुपये की धनराशि को गबन कर लिया गया। कार्यावाहक प्रधानाचार्य रामकुमार शुक्ला ने अपने सहयोगी प्रवक्ता भगत सिंह, व्यायाम शिक्षक राकेश सिंह और परिचारक मथुरा प्रसाद मौर्य के साथ इस दौरान कुल 18 लाख 91 हजार 804 रुपये की धनराशि का गबन किया गया। इस पर पुलिस ने कार्यावाहक प्रधानाचार्य समेत सभी चारों आरोपियों पर धोखाधड़ी व कूटरचना और धमकी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

### यूक्रेन के विवि से रुविवि का एमओयू

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब यूक्रेन के सुमी स्टेट विश्वविद्यालय में जाकर और वहां के विद्यार्थी यहां आकर पढ़ाई कर सकेंगे। शुक्रवार को कुलपति समिति कक्ष में दोनों विश्वविद्यालयों के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) हुआ।

इसके तहत फैकल्टी और रिसर्च एक्सचेंज के साथ अन्य समझौतों पर दोनों विश्वविद्यालय के बीच आने वाले समय में कार्य किया जाएगा। एमओयू के दौरान कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन मात्र एक कागजी कार्रवाई होकर नहीं रहना चाहिए बल्कि इसके अंतर्गत दोनों ही विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, छात्रों एवं शोधार्थियों को इसका लाभ प्राप्त होना चाहिए। इस अवसर पर डीन एकेडमिक्स प्रो. एसके पांडे, प्रो. सरबजीत सिंह बेदी आदि मौजूद रहे।

# निजी अस्पताल पर लगा गलत इलाज का आरोप

बरेली, अमृत विचार

एक व्यक्ति ने एक निजी अस्पताल पर आंख का गलत इलाज करने और एक्सपायर ड्रॉप देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत सीएमओ से की है। सीएमओ ने जांच के लिए बोर्ड गठित किया है।

शहर के मोहल्ला साहूकारा निवासी संजय मेहरोत्रा ने सीएमओ को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी दायीं आंख का ऑपरेशन 25 दिसंबर को शहर के निजी अस्पताल में कराया था। ऑपरेशन के बदले में अस्पताल प्रबंधन ने 37 हजार 500 रुपये लिए। ऑपरेशन के कुछ दिन बाद आंख में दिक्कत होने लगी। दोबारा अस्पताल में दिखाने पर डॉक्टर ने एक ड्रॉप दिया, लेकिन इससे कोई आराम नहीं मिला।

ड्राप का रेपर देखने पर पता चला कि वह एक्सपायर है। इसकी शिकायत अस्पताल के डॉक्टर से की, लेकिन कोई संतोष जनक जवाब नहीं मिला। बाद में डॉक्टर ने मिलने से मना कर दिया। दूसरे नेत्र अस्पताल में जांच कराई तो पता चला कि आंख की दृष्टि में बदलाव आया है। फिलहाल, मामले में सीएमओ से कार्रवाई की मांग की गई है।

- सीएमओ से की दायीं आंख के गलत ऑपरेशन की शिकायत

### ईदगाह मस्जिद मामले की सुनवाई 29 को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल याचिकाओं पर शुक्रवार को भी सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। इस कारण न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ ने मामले को आगामी 29 फरवरी के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में भी हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल याचिकाओं की पोषणीयता पर मुस्लिम पक्ष की ओर से बहस की गई। मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तसलीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बहस की। वर्ष 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम पक्ष ने तर्क दिया कि केशव देव कटरा की 13.7 एकड़ जमीन शाही ईदगाह को दी गई थी।

# बाल विकास और वन विभाग में नौकरी लगवाने के बहाने ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बाल विकास और वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर एक महंत और उसके साथियों ने कई लोगों से पांच लाख रुपये की ठगी कर ली। नौकरी न लगने पर आरोपियों से पैसे मांगे तो आरोपी फरार हो गया।

पीड़ितों ने मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत भेजी, जिसके बाद इज्जतनगर थाना पुलिस ने प्रतापगढ़ निवासी महंत, बदायूं निवासी एक व्यक्ति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इज्जतनगर के गांव अलखिया निवासी प्रेमपाल ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि मार्च 2023 में वह बदायूं जिले के थाना फैजगंज बेहटा के आसफपुर गांव में पुल वाले सिद्ध बाबा मंदिर पर टाइल्स लगाने गया था। इसी दौरान उनकी पहचान श्यामपुर निवासी राजवीर और प्रतापगढ़ जिले के कोटी अकबरपुर समसपुर निवासी महंत बाबा लक्ष्मणदास से हो गई। राजवीर और लक्ष्मणदास ने बताया कि सचिवालय में उनकी अच्छी पहुंच है। वह वन विभाग और बाल विकास विभाग में रिक्तियां निकलने पर नौकरी लगवा सकता है। कुछ दिन बाद आरोपियों ने बताया कि रिक्तियां निकली हैं और दो लाख रुपये देने होंगे। दोनों की बातों पर भरोसा करके प्रेमपाल ने बेटी रूबी की नौकरी लगवाने के लिए एक लाख रुपये दे दिए और कुछ दिन बाद लक्ष्मणदास ने एक नियुक्ति पत्र दिया। जिस पर सचिव अनामिका सिंह के नाम के हस्ताक्षर थे। आठ मई को दोपहर 12 बजे राजवीर और लक्ष्मणदास पीड़ित के घर पर आए। आरोपियों ने उनके साले कैंट के पालपुर निवासी तनुज व तरुण के अलावा ऊधमसिंह नगर के गांव भकाय थाना किच्छा निवासी नेमचंद्र और अनिल से चार लाख रुपये ले लिए।

**धोखा**

- मुख्यमंत्री कार्यालय में की शिकायत, इज्जतनगर पुलिस ने तीन के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

### पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर घायल साथी भी गिरफ्तार

**संभल/ओबरी।** असमोली थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात पुलिस की पशु तस्करों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से एक पशु तस्कर घायल हो गया। बाद में दूसरे पशु तस्कर को भी कांबिंग के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को गुरुवार रात एक बजे सूचना मिली थी कि गांव सेवापुर पदारथपुर के पास पशु तस्कर किसी घटना को अंजाम देने के लिए सक्रिय हैं। सूचना के बाद पुलिस ने सेवापुर पदारस मार्ग पर गांव मालपुर मजार के निकट चेकिंग शुरू की। सामने से आ रही बाइक को रुकने के लिए इशारा किया तो बाइक सवारों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 88 मसूरी- 65-75 बासमती- 130 दाल दलहन : काला चना- 75 साबुत चना दाल- 80-86 मूंग साबुत- 110 राजमा- 123-130 दाल उड़द- 136 साबुत मसूर दाल- 96 मसूर दाल- 95-110 उड़द साबुत- 124 काबुली चना- 170 अरहर दाल- 148 लोबिया/करमानी- 118 सोयाबीन- 82 मूंगफली- 125 मटर (सूखी)- 57-62 मक्का- 30।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 1835, राज श्री 1330, फ़ॉर्चून कि. 1700, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1390, सचिन 1445, सूरज 1415, अवसर 1555, राग गोल्ड 1520, गृहणी 1445, क्लासिक (किलो) 1640, मोर 1535, चक्र टिन 1650, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1805 । किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350।

# मोदी पर गूगल एआई टूल की प्रतिक्रिया आईटी नियमों का उल्लंघन: केंद्रीय मंत्री

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने लगाए आरोप



नई दिल्ली, एजेंसी

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जैमिनी की प्रतिक्रिया अपराध संहिता के कई प्रावधानों के साथ ही आईटी नियमों का सीधा उल्लंघन है।

मंत्री ने इस संबंध में एक पत्रकार के विशिष्ट एकाउंट द्वारा उठाए गए मुद्दे का संज्ञान लिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि गूगल जैमिनी की, मोदी संबंधी एक सवाल पर प्रतिक्रिया पूर्वाग्रह से ग्रस्त थी, जबकि यही सवाल जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बारे में किया गया तो उसने स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा, 'ये आईटी अधिनियम के मध्यस्थ नियमों (आईटी नियमों) के नियम 3(1) (बी) का प्रत्यक्ष उल्लंघन और आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का उल्लंघन हैं।' मंत्री ने आगे की कार्रवाई के संकेत के साथ पोस्ट को गूगल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय को प्रेषित किया है।

पत्रकार ने एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें गूगल जैमिनी से मोदी के बारे में एक सवाल किया गया था। जवाब में, जैमिनी ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अशोभनीय टिप्पणियां कीं, लेकिन जब ट्रम्प और जेलेंस्की के बारे में वही प्रश्न पूछा गया तो उसने सीधा जवाब नहीं दिया।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल एक यूजर ने गूगल के एआई चैटटूल जेमिनी से पूछा था कि क्या नरेंद्र मोदी फासीवादी हैं? इस सवाल के जवाब में जेमिनी ने कहा, 'नरेंद्र मोदी भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं और भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। उन पर ऐसी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया गया है। कुछ विशेषज्ञों ने इसे फासीवादी बताया है। ये आरोप कई पहलुओं पर आधारित हैं। इसमें भाजपा की हिंदू राष्ट्रवादी विचारधारा भी शामिल है।'

## अब तीन दिन में मिलेगा बिजली का नया कनेक्शन

**नई दिल्ली।** सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए नए कनेक्शन लेने और छतों पर लगने वाली सौर इकाइयों के लिए नियम सरल बनाए हैं। इसके तहत नए बिजली कनेक्शन अब महानगरीय क्षेत्रों में तीन दिन, नगरपालिका क्षेत्रों में सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन में मिलेंगे। बिजली मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने इससे संबंधित बिजली (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

मंत्रालय ने कहा कि संशोधनों के बाद छत पर सौर बिजली इकाई लगाने की प्रक्रिया भी सरल हो गई है। साथ ही इसमें बहुमंजिला फ्लैटों में रहने वाले लोगों को भी कनेक्शन का प्रकार चुनने का अधिकार दिया गया है। आवासीय सोसाइटी में सामान्य क्षेत्रों और बैक-अप जनरेटर के लिए अलग-अलग बिलिंग सुनिश्चित की गई है।

# रवींद्रन को बायजू के निदेशक मंडल से हटाने का प्रस्ताव पारित



नई दिल्ली, एजेंसी

शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू के बहुलांश शेयरधारकों ने शुक्रवार को लोकप्रिय तकनीकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' को लेकर संस्थापक एवं सीईओ बायजू रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के लिए मतदान किया, लेकिन बायजू मंच का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने इस मतदान को 'अमान्य' बताते हुए इसे नकार दिया। कंपनी के निदेशक मंडल में फिलहाल रवींद्रन, उनकी पत्नी एवं सह-संस्थापक दिव्या गोकुलनाथ और उनके भाई रिजु रवींद्रन शामिल हैं।

कंपनी के छह निवेशकों ने रवींद्रन एवं उनके परिजनों के खिलाफ प्रस्ताव लाने के लिए असाधारण आम बैठक बुलाई थी, लेकिन अंत में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाले शेयरधारकों ने बैठक में लाए गए प्रस्तावों के पक्ष में मत दिए। लेकिन कंपनी ने इस बैठक में सिर्फ 20 प्रतिशत शेयरधारकों के ही शामिल होने और उनके पास सामूहिक रूप से 47 प्रतिशत हिस्सेदारी होने का दावा किया। रवींद्रन और उनका परिवार ईजीएम को 'प्रक्रियात्मक रूप से अमान्य' बताते हुए इससे दूर रहा। भले ही ईजीएम में रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के पक्ष में मतदान हुआ है, लेकिन इस बैठक का नतीजा 13 मार्च तक लागू नहीं होगा।

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,400-47,600 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,000 |
| चांदी तैयार | 72,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 712 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

# रिजर्व बैंक ने पेटीएम हैंडल पर यूपीआई करने वालों को दी राहत

- बैंक ने एनपीसीआई को भुगतान के मामले में कदम उठाने का कहा

मुंबई, एजेंसी

रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के जरिये बैंक और वॉलेट सेवाओं का लाभ उठाने वाले ग्राहकों और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को कुछ अतिरिक्त कदम उठाए। केंद्रीय बैंक ने यूपीआई भुगतान के लिए पेटीएम हैंडल (@पेटीएम) का उपयोग कर रहे पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों के चार-पांच अन्य बैंकों से जुड़ने की संभावना पर भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से गौर करने के लिए कहा है। इस पहल का मकसद भुगतान व्यवस्था में किसी भी तरह की बाधा को रोकना है।

आरबीआई ने पेटीएम की सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 15 मार्च, 2024 के बाद अपने ग्राहक खातों और वॉलेट में धन लेने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की वेबसाइट के अनुसार उसके 30 करोड़ वॉलेट और तीन करोड़ बैंक ग्राहक हैं। एनपीसीआई भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणालियों के संचालन के लिए एक केंद्रीय संगठन है।

## ट्राई ने फोन पर कॉलर का नाम दिखाने वाली सेवा की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने दूरसंचार नेटवर्क में कॉल करने वाले शख्स का नाम फोन स्क्रीन पर दर्शाने वाली सेवा शुरू करने की सिफारिश की है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपनी सिफारिश में कहा कि 'कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन' (सीएनएपी) अनुपूरक सेवा के तहत मोबाइल फोन की स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम प्रदर्शित करने की व्यवस्था शुरू की जाए। हालांकि यह सुविधा ग्राहक के अनुरोध पर ही सभी दूरसंचार कंपनियां मुहैया कराएंगी। इस सुविधा के शुरू होने पर अक्सर आने वाली अनचाही कॉल से छुटकारा पाने में काफी मदद मिलेगी।

# मटर को टक्कर देगी सोयाबीन की खास किस्म

- इंदौर के भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने विकसित की विशेष किस्म



इंदौर, एजेंसी

भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) के वैज्ञानिकों ने करीब सात साल के अनुसंधान के बाद सोयाबीन की ऐसी खास किस्म विकसित की है, जिसे हरी मटर के दानों की तरह सब्जी के तौर पर खाया जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रोटीन से भरपूर यह किस्म देश में कुपोषण घटाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने में मददगार साबित हो सकती है।

'एनआरसी 188' नाम की इस किस्म को विकसित करने वाले दो सदस्यीय अनुसंधान दल में शामिल प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विनीत कुमार ने बताया, 'सोयाबीन की इस किस्म की हरी फली के दानों में सुक्रोज (शक्कर का एक स्वरूप) होने से इसमें थोड़ी मिठास होती है। यह खूबी सोयाबीन की अन्य किस्मों में नहीं पाई जाती।' उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' किस्म की हरी फली के दानों को नमक के पानी में उबालकर सब्जी की तरह इसका उपयोग किया जा सकता है।

कुमार के मुताबिक, हरी मटर की तुलना में सोयाबीन की इस किस्म के दानों में तीन से चार गुना ज्यादा प्रोटीन होता है। उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' की फलियों को सब्जी की तरह बेचकर सोयाबीन उत्पादक किसान मोटी कमाई कर सकते हैं। इसके अलावा इसकी फलियों के दानों को उचित पैकेजिंग के साथ फ्रिज में जमाकर निर्यात भी किया जा सकता है। कुमार ने बताया कि मध्य भारत में खरीफ सत्र के दौरान 'एनआरसी 188' की खेती की सिफारिश की गई है।

## राष्ट्रीय

# संदेशखालि: भीड़ ने शाहजहां की संपत्तियों में लगाई आग

### पश्चिम बंगाल के इस अशांत क्षेत्र में शुक्रवार को फिर हुए प्रदर्शन, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

कोलकाता, एजेंसी



पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में अशांत संदेशखालि के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को फिर से विरोध प्रदर्शन हुए। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने दोषियों के प्रति पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ प्रदर्शन करने के अलावा शाहजहां शेख समेत आरोपी तृणमूल नेताओं की संपत्ति में आग लगा दी।

पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निवासियों ने संदेशखालि के झूपखाली क्षेत्र में पुलिस वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए सड़कों पर लट्ठे लगाकर उनमें आग लगा दी। तनाव का यह दूसरा दिन है और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर हमलों तथा उनके घरों में लूटपाट किए जाने की खबरें हैं। लाठी-डंडों से लैस प्रदर्शनकारियों ने संदेशखालि के बेलमाजुर इलाके में मछली पकड़ने के एक यार्ड के पास छप्पर वाले ढांचे को आग लगा दी और फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख एवं उसके भाई सिराज के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया।

इस संबंध में एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'पुलिस ने वर्षों तक कुछ नहीं किया। यही कारण है कि हम अपनी जमीन और सम्मान वापस पाने के लिए सबकुछ कर रहे हैं।' बाद में पुलिस इलाके में दाखिल हुई और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। पुलिस महानिदेशक कुमार दोपहर बाद अशांत क्षेत्र में पहुंचे और स्थानीय लोगों से बात की। पुलिस ने जब आगजनी और संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले ग्रामीणों को पकड़ने के प्रयास शुरू किए तो फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा रहीं महिलाएं सड़कों पर उतर आईं। उन्होंने प्रदर्शन किया और यहां तक कि पकड़े गए लोगों को ले जाने से पुलिस को रोकने के लिए वाहनों के सामने लेट गईं।

संदेशखालि में स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जबरन जमीन हड़पने तथा वर्षों तक उनका यौन उत्पीड़न करते रहने का आरोप लगाया है, जिसके बाद से यह जगह सुर्खियों में है।

### शाहजहां के सहयोगियों के आवासों पर ईडी के छापे

**कोलकाता।** ईडी ने धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के एक पुराने मामले में तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शाहजहां शेख से जुड़े कारोबारियों के आवासों पर शुक्रवार को छापे मारे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईडी ने हावड़ा, विजयगढ़ और बिराती सहित शहर में और उसके आसपास के पांच अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार को सुबह छापेमारी शुरू की। अधिकारी ने कहा, 'यह छापेमारी शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी करके जमीन हड़पने के एक पुराने मामले से संबंधित है। ये लोग शाहजहां के साथ मछली के कारोबार में शामिल थे। हम कुछ विशिष्ट दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं।'

### संदेशखालि पहुंची एनएचआरसी की टीम

**कोलकाता।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की एक टीम शुक्रवार को संदेशखालि पहुंची और महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों में तथ्य जुटाने के लिए ग्रामीणों से बात की। एनएचआरसी ने कहा कि उसने प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर हिंसा के संबंध में चार सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा है।

## महुआ मोइत्रा की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ एक जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से 'गोपनीय' सूचना मीडिया में कथित तौर पर लीक किए जाने के विरुद्ध उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने फैसला सुनाते हुए कहा, '(याचिका) खारिज की जाती है।'

मोइत्रा ने जारी जांच के सिलसिले में 'कोई भी गोपनीय, संवेदनशील, सूचना मीडिया को लीक करने से' ईडी को रोकने के लिए एक निर्देश जारी करने का अदालत से अनुरोध किया था। उन्होंने कई मीडिया संस्थानों को ईडी द्वारा की जा रही जांच/कार्यवाही के सिलसिले में कोई भी सूचना लीक/प्रकाशित करने या प्रसारण करने से रोकने के लिए भी निर्देश देने का अनुरोध किया था।

# भाजपा एजेंसियों के जरिए चंदा वसूल रही: कांग्रेस

- जयराम रमेश ने कहा- 30 कंपनियों से भाजपा को 335 करोड़ रुपये का चंदा मिला



नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि जांच एजेंसियों के माध्यम से 30 कंपनियों को धमकी देकर और 'ब्लैकमेल' करके 335 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिलवाया गया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र पर 'हफ्ता वसूली सरकार' होने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच जरूरी है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सवाल किया कि क्या सरकार इस मामले पर 'श्वेत पत्र' लाने, बिंदुवार स्पष्टीकरण देने और उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच के लिए तैयार है? जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, 'हफ्ता वसूली और ब्लैकमेल की राजनीति हो रही है। ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। निजी कंपनियों से चंदा लेने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया है।' उन्होंने दावा किया, 'वर्ष 2018-19 से 2022-2023 में 30 कंपनियों से 335 करोड़ रुपये वसूले गए।'

रमेश ने आरोप लगाया कि यह 'हफ्ता वसूली सरकार' है। उनके मुताबिक, इन 30 कंपनियों में से 23 कंपनियों ने वर्ष 2018 से पहले भाजपा को कोई चंदा नहीं दिया था।

## एक नजर

### नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में दो की हत्या की

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में दो आम नागरिकों की हत्या कर दी। चिंतागुफा पुलिस सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बस्तर संभाग के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। ग्रामीणों के नाम सोड़ी हूंगा और माड़वी नंदा हैं। दोनों कहेर दुल्लेड़ गांव के निवासी थे। इसके साथ ही दो अन्य ग्रामीणों को भी नक्सलियों ने सजा देने की चेतावनी दी है। सूत्रों ने बताया कि नक्सली वर्चस्व वाले इलाकों के गांवों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित होने से नक्सली बौखला गए हैं और आम नागरिकों को लक्ष्य बना रहे हैं।

### बैंक लूटने आए बदमाशों ने कैशियर को मारी गोली

**जयपुर।** जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में दो बदमाशों ने शुक्रवार सुबह पीएनबी की ब्रांच में लूट की कोशिश की और इस दौरान उन्होंने बैंक के कैशियर को गोली मार दी। कैशियर को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जैसे ही बैंक खुला दो नकाबपोश बदमाश घुस गए और और नकदी लूटने का प्रयास किया। बैंक कैशियर नरेंद्र सिंह वहां आ गए तो एक ने उन पर गोली चला दी।

## बीआरएस विधायक नंदिता की सड़क हादसे में मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना में विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधायक जी. लस्या नंदिता की शुक्रवार सुबह संगारेड्डी जिले के पाटनचेरू में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नंदिता (36) जिस कार में यात्रा कर रही थीं, वह सुबह करीब पांच बजकर 10 मिनट पर आउटर रिंग रोड पर सड़क किनारे लगे धातु के अवरोधक से टकरा गई, जिसके चलते दुर्घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## गुजरात : नौका से 350 करोड़ की हेरोइन जब्त

**गांधीनगर।** गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात पुलिस को ड्रग्स के खिलाफ अभियान में 350 करोड़ का ड्रग्स जब्त करने में एक और बड़ी सफलता मिली है। संघवी ने एक्स पर पोस्ट में शुक्रवार को कहा है कि गुजरात पुलिस ने वेरावल बंदरगाह के नलिया गोली किनारे पर छापा मारकर नौका से 350 करोड़ रुपये के हेरोइन ड्रग्स के 50 किलो सीलबंद पैकेट जब्त किए हैं। ऑपरेशन को एसओजी एवं एनडीपीएस की टीम ने संयुक्त रूप से सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए इस ऑपरेशन के तहत नौ लोगों को पकड़ लिया है और कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा है कि गुजरात पुलिस की सतर्कता से ड्रग्स के खिलाफ का यह बहुत बड़ा अभियान सफलता की नई मंजिल की ओर बढ़ रहा है।

## होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**हावड़ा/कोलकाता।** भाजपा के एक स्थानीय नेता और 10 अन्य लोगों को हावड़ा जिले के एक होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय भाजपा नेता सब्यसाची घोष और उनके 10 सहयोगियों को संकरेल इलाके के एक होटल पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस छापेमारी के दौरान कथित तौर पर भाजपा नेता द्वारा संचालित होटल से कई लड़कियों और महिलाओं को बचाया गया।

## पालम एयरपोर्ट से फर्जी विंग कमांडर अरेस्ट

**नई दिल्ली।** खुद को भारतीय वायुसेना का विंग कमांडर बताकर दिल्ली छावनी क्षेत्र स्थित पालम वायुसेना स्टेशन में प्रवेश करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया विनायक चड्ढा नाम का आरोपी अपने पिता का इलाज वायुसेना स्टेशन के डेंटल अस्पताल में कराना चाहता था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने बताया कि पुलिस को घटना के बारे में सूचना बुधवार को दी गई। उन्होंने बताया कि वह व्यक्ति खुद को विंग कमांडर बताकर थिमैया मार्ग स्थित वायुसेना के डेंटल अस्पताल में दाखिल हुआ। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पहचान के तौर पर उसने जाली दस्तावेज का इस्तेमाल किया और सुरक्षा के पहले घेरे को पार कर लिया, लेकिन बाद में वायुसेना के सुरक्षा कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया।

### किसानों की उच्चतम न्यायालय से गुहार

# दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति के लिए केंद्र को दें निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

किसानों को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति देने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की गुहार लगाते हुए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है। सिख चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रबंध निदेशक एग्नोस्टोस थियोस की ओर से दायर जनहित याचिका में आंदोलनकारी किसानों के दिल्ली में प्रवेश रोकने के लिए सड़कों से की गई बैरिकेडिंग हटाने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की गुहार लगाई गई है।

थियोस ने आंदोलनकारी किसानों के जबरन बंद किए गए सोशल मीडिया खातों को चालू करने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की याचना की है। याचिका में दावा किया गया है कि किसानों को बिना किसी उचित कारण के दिल्ली में प्रवेश करने से रोकना देशभर में स्वतंत्र रूप से यात्रा करने के उनके अधिकारों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता ने केंद्र के अलावा हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और दिल्ली सरकारों को पक्षकार बनाया है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकारों ने शांतिपूर्वक विरोध कर रहे किसानों के खिलाफ आंसू गैस, रबर बुलेट छर्रों आदि के उपयोग जैसे आक्रामक और हिंसक उपायों को अपनाया।

## जदयू नेता नरेंद्र नारायण यादव बिहार विस के उपाध्यक्ष चुने गए

**पटना।** जनता दल यूनाइडेट (जद यू) के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव शुक्रवार को बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यादव को सदन का उपाध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें बधाई दी। इस पद पर अपनी नियुक्ति के बाद विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा, 'मुझे यह अवसर प्रदान करने के लिए मैं मुख्यमंत्री और अन्य राजग नेताओं का आभारी हूं। मैं समझता हूं कि जिस पद के लिए मुझे चुना गया है, उसका महत्व है। मैं सदन के सभी विधायकों को आश्वस्त करता हूं कि मैं अपना संवैधानिक कर्तव्य निभाते हुए निष्पक्ष रहूंगा।'

# विशेष योजनाएं लागू करने के निर्देश नहीं दे सकतीं अदालतें

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सरकार के नीतिगत मामलों में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित



नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार के नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है और अदालतें राज्यों को इस आधार पर किसी विशेष नीति या योजना को लागू करने का निर्देश नहीं दे सकती हैं कि बेहतर, निष्पक्ष या समझदार विकल्प उपलब्ध है। भूख-कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक रसोई स्थापित करने की योजना बनाने की अपील करने वाली एक जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की।

शीर्ष न्यायालय ने यह कहते हुए मामले में कोई भी निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और अन्य कल्याणकारी योजनाएं केंद्र और राज्यों द्वारा लागू की जा रही हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि नीति की विवेकशीलता या सुदृढ़ता के बजाय नीति की वैधता न्यायिक समीक्षा का विषय होगी। पीठ ने कहा, "यह सर्वविदित है कि नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है। अदालतें किसी नीति की शुद्धता, उपयुक्तता या औचित्य की जांच नहीं करती हैं और न ही कर सकती हैं, न ही अदालतें उन नीतिगत मामलों में कार्यपालिका की सलाहकार हैं जिन्हें बनाने का कार्यपालिका को अधिकार है। अदालतें राज्यों को किसी विशेष नीति या योजना को इस आधार पर लागू करने का निर्देश नहीं दे सकतीं कि एक बेहतर, पारदर्शी या तार्किक विकल्प उपलब्ध है।"

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर है कि वह वैकल्पिक कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें। पीठ ने कहा, "जब खाद्य और पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'अधिकार आधारित दृष्टिकोण' के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू है और जब लोगों को गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए किफायती मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण भोजन की पहुंच सुनिश्चित करने के वास्ते उक्त अधिनियम के तहत अन्य कल्याणकारी योजनाएं भी भारत संघ और राज्यों द्वारा बनाई और कार्यान्वित की गई हैं, तो हम उस संबंध में कोई और दिशा देने का प्रस्ताव नहीं करते।"

# कप्तान-बल्लेबाज के तौर पर आत्मविश्वास से भरी स्मृति

## डब्ल्यूपीएल सीजन-2: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कोच ल्यूक विलियम्स का मानना है



बेंगलुरू, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कोच ल्यूक विलियम्स का मानना है कि स्मृति मंधाना कप्तान और प्रमुख बल्लेबाज के तौर पर दोहरी भूमिकाओं में खरी उतर रही है और आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं। डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में मंधाना दोहरी भूमिका का बोझ नहीं सह पाई थी और उनकी बल्लेबाजी खराब हो गई थी। वह पहले सत्र में 8 मैचों में 149 रन ही बना सकी थी। विलियम्स ने कहा कि वह मेहनत कर रही है। आत्मविश्वास से भरी हैं और अपने खेल तथा कप्तानी को लेकर उत्साहित हैं। कप्तानी और पारी की शुरूआत की जिम्मेदारी बड़ी है। उन्होंने यूपी वारियर्स के खिलाफ डब्ल्यूपीएल 2024 के पहले मैच से पूर्व कहा कि उसे टीम से काफी सहयोग मिल रहा है। उसकी मदद के लिए कई सीनियर खिलाड़ी हैं और वह दोनों भूमिकाओं को पृथक रखने की कोशिश कर रही है। पिछले सत्र में आरसीबी पांच टीमों में चौथे स्थान पर थी। विलियम्स ने कहा कि मंधाना की कप्तानी में टीम इस बार स्थिर लग रही है। उन्होंने कहा कि मैंने द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव टीम के साथ सहायक कोच के तौर पर स्मृति के साथ काफी समय बिताया है। पिछले डब्ल्यूपीएल सत्र से काफी सबक लिया है। बतौर टीम और व्यक्तिगत स्तर पर भी। महिला बिग बैश लीग में एडीलेड स्ट्राइकर्स को खिताब दिला चुके ऑस्ट्रेलिया के विलियम्स ने कहा कि इस बार आरसीबी के पास स्पिन और तेज गेंदबाजी में काफी विकल्प हैं।

### यूपी वारियर्स की निगाहें बेहतर प्रदर्शन पर : एलीसा

**मुंबई।** कप्तान एलिसा हीली ने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंकाई सुपरस्टार चामरी अटापट्टू के यूपी वारियर्स में शामिल होने से टीम में चयन को लेकर दुविधा होगी जो टीम के लिए अच्छी बात है। यूपी वारियर्स में काफी विदेशी खिलाड़ी हैं, जिसमें हीली के अलावा ग्रेस हैरिस, सोफी एक्लेस्टोन, तहलिया मैकग्रा, डेनियल वाट और अटापट्टू शामिल हैं। अटापट्टू को इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल की जगह शामिल किया गया। हीली ने कहा कि उनका जुड़ना हमारे लिए अच्छा रहा। निश्चित रूप से बल्ले और गेंद दोनों से टीम में गहराई होना अहम है। चामरी का शामिल होना अच्छा है। उन्होंने कहा कि इससे प्रबंधन और मेरे लिए अंतिम एकादश का चयन करना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड से 3 मैच की शृंखला जीती

आकलैंड (न्यूजीलैंड), एजेंसी

एडम जम्पा के 4 विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड को 17 ओवर में 102 रन पर समेटकर दूसरा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच 72 रन से जीत लिया और 3 मैच की शृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने पहला मैच छह विकेट से जीता था। अब तीसरा टी-20 रविवार को ईडन पार्क में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलियाई टीम पावरप्ले में एक विकेट पर 72 रन बनाने के बावजूद 19.5 ओवर में 174 रन के स्कोर पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 22 गेंद में पांच छक्कों से 45 रन बनाए, जिससे टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम यह स्कोर बना सकी। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 12 रन देकर चार और बेन सीयर्स ने 29 रन देकर दो विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम 9.5 ओवर में 59 रन के अंदर छह विकेट गंवा दिए। न्यूजीलैंड को खेल शुरू होने से पहले ही झटका लगा जब रचिन रविंद्र घुटने की हल्की चोट के कारण बाहर हो गए और डेवोन कॉनवे को भी विकेटकीपिंग करते हुए अंगूठे में चोट लग गई, जिससे उन्हें एक्स-रे कराने के लिए अस्पताल ले जाया गया। जब पता चला कि कोई फ्रेक्चर नहीं है, तब कॉनवे मैदान पर लौटे, लेकिन वह फिर भी बल्लेबाजी नहीं कर पाए। न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी करते हुए 29 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। ग्लेन फिलिप्स (42) और जोश क्लार्कसन ने पांचवें विकेट के लिए 45 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद टीम का स्कोर जल्द ही छह विकेट पर 74 रन हो गया। फिर टीम 17 ओवर में 102 रन पर सिमट गई।



ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में बल्लेबाजी करते ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श।

## खेल डायरी

### भारतीय टीम के सामने हांगकांग की चुनौती



**अलान्या (तुर्की), एजेंसी।** पहले मैच में एस्तोनिया को हराने के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम टर्किश कप के दूसरे मैच में शनिवार को हांगकांग के खिलाफ इस लय को जारी रखने उतरेगी। भारत ने पहले मैच में एस्तोनिया को 4-3 से हराया था जो सीनियर महिला टीम की किसी यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली जीत थी। इससे छाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम का मनोबल बढा होगा। फीफा रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज हांगकांग के खिलाफ भारत का यह पांचवां मैच होगा। भारत ने पिछले चारों मैच जीते हैं, जिनमें 11 गोल दागे और दो गोल गंवाएं। आखिरी बार 2019 में एक दोस्ताना मुकाबले में भारत ने प्यारी शाशा के गोल के दम पर जीत दर्ज की थी। प्यारी ने एस्तोनिया के खिलाफ पहले मैच में भी गोल दागा। भारत इस समय तीन अंक और प्लस एक का गोल औसत लेकर तालिका में शीर्ष पर है जबकि हांगकांग का खाता भी नहीं खुला है और वह आखिरी स्थान पर है।

टर्किश कप

### कपूर, संधू पहले दौर के बाद संयुक्त 26वें स्थान पर

**मस्कट।** भारतीय गोल्फर शिव कपूर और युवराज संधू ने 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि की 'इंटरनेशनल सीरीज ओमान' के पहले दौर में दो अंडर 70 का समान कार्ड खेला, जिससे वे संयुक्त 26वें स्थान पर हैं। स्पेन के डेविड पुईग ने 7 अंडर पार 65 के कार्ड से एकल बढ़त बनाई। अन्य भारतीयों में एस चिक्कारंगप्पा (71) संयुक्त 37वें जबकि करणदीप कोचर, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 59वें स्थान पर हैं। अनिर्बान लाहिड़ी, गगनजीत और अजीतेश संधू एक ओवर के कार्ड खेलकर संयुक्त 71वें स्थान पर हैं। हनी बेसोया (74) संयुक्त 91वें और जीव मिल्खा सिंह (75) संयुक्त 108वें स्थान पर हैं। उन पर कट से चूकने का खतरा है।

### अभय गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह टोरंटो में चैलेंजर टूर के 9000 डॉलर ईनामी राशि के गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त अभय ने फ्रांस के मेशियो लेवी को 13-11, 11-7, 11-3 से हराया। हांगझोउ एशियाई खेलों में टीम वर्ग में स्वर्ण और मिश्रित युगल कांस्य जीतने वाले अभय का सामना अब मिस्र के अब्दुलरहमान अब्दुलखालिक से होगा। पिछले महीने अभय ने मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन पीएसए टूर्नामेंट जीता था। शिकागो में विंडी सिटी ओपन के दूसरे दौर में भारत के रमित टंडन मिस्र के आठवीं वरीयता प्राप्त तारिक मोमिन से 11-5, 4-11, 4-11, 8-11 से हार गए।

### एफआईएच प्रो लीग : आस्ट्रेलिया से बदला लेने पर भारत की नजर



**राउरकेला।** पिछले मैच की नाकामी को भुलाकर भारतीय पुरूष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के अगले मैच में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के अपराजेय अभियान में नकेल डालने की कोशिश करेगी। भारत ने पिछले मैच में दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ अच्छी हॉकी खेली, लेकिन शूटआउट में 2-4 से हार गई। भारत इस समय छह मैचों में 11 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया सारे छह मैच जीतकर अपराजेय है। अपने घरेलू अभियान का अंत जीत के साथ करने के अलावा भारत की नजरें बदला चुकता करने पर भी लगी होंगी। इस महीने की शुरूआत में भुवनेश्वर में भारत को आस्ट्रेलिया ने 6-4 से हराया था। आस्ट्रेलिया को हराने के लिये हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# रूट ने इंग्लैंड को संभाला, आकाश का दमदार आगाज

## चौथे टेस्ट के पहले दिन रूट ने 226 बॉल में बनाए 106 रन, आकाश ने 24 रन देकर इंग्लैंड के लिए 3 विकेट

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

रांची, एजेंसी

भारत को आकाश दीप के रूप में शानदार तेज गेंदबाज मिला लेकिन जो रूट ने शतक जमाकर अकेले इंग्लैंड को संकट से निकालते हुए चौथे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को 7 विकेट पर 302 रन तक पहुंचाया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर रूट 226 गेंद में 106 रन बनाकर खेल रहे थे। उनके साथ ओली रॉबिनसन ने 26 रन बना लिए हैं।

दोनों ने इंग्लैंड को आकाश दीप के दिए झटकों से निकाला। बिहार के आकाश दीप बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने पहले घंटे में ही गेंद को दोनों तरफ से स्विंग कराके इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले सत्र में इंग्लैंड के 5 विकेट 112 रन पर गिर गए थे। पिछले तीन टेस्ट में 29, 2, 5, 16, 18, 7 रन बनाने वाले रूट ने संयम से खेलते हुए पारी को संभाला। उन्होंने 15 पारियों में पहला शतक जड़ा जो उनके कॅरियर का 31वां टेस्ट शतक है। उन्होंने नौ चौके लगाए। 5 मैचों की शृंखला में इंग्लैंड 1-2 से पीछे है, जिसे विशाखापत्तनम और राजकोट में पिछले दोनों टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी।

इससे पहले आकाश ने दस गेंद के भीतर बेन डकेट (11), ओली पोप (0) और जाक क्रॉली (42) के विकेट चटकाए। उन्होंने 24 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स को पगबाधा आउट किया। आकाश दीप ने दूसरे ही ओवर में क्रॉली का ऑफ स्टम्प उखाड़ दिया था लेकिन वह नो बॉल थी। नई गेंद के उनके जोड़ीदार मोहम्मद सिराज लय के लिए जूझते दिखे जिन्हें खेलने में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशानी नहीं हुई। क्रॉली ने उन्हें लगातार 3 चौके और मिडविकेट पर छक्का लगाया। उन्होंने 4 के स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद 32 गेंद में 32 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से स्पिनर जडेजा को गेंद सौंपी। आकाश दीप ने दसवें ओवर में दो विकेट लिए, जिसमें दो बार रिव्यू का इस्तेमाल हुआ और एक भारत के पक्ष में रहा। उनका पहला विकेट डकेट बने जिनका कैच विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल ने लपका। अंपायर के नॉट आउट करार देने पर रोहित ने रिव्यू लिया और अंपायर को फैसला बदलना पड़ा। पोप को आकाश दीप ने पगबाधा आउट किया। अगली गेंद पर जो रूट भी चकमा खा गए लेकिन रिव्यू लेने पर पता लगा कि गेंद आफ स्टम्प से बाहर जा रही थी। अगले ओवर में आकाश दीप ने क्रॉली को आउट किया जो क्लीन बोल्ड हुए। इसके बाद से रूट और बेयरस्टो ने 50 से अधिक रन की साझेदारी की। फॉर्म के लिये जूझ रहे बेयरस्टो ने कुछ अच्छे स्ट्रोक्स खेले लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। उन्हें अश्विन ने पगबाधा आउट किया जब वह स्वीप लगाने की कोशिश में थे। भारत ने एक बार फिर सटीक रिव्यू लिया। इस विकेट के साथ ही अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ सौ विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए। रूट और बेन फोक्स (126 गेंद में 47 रन) ने छठे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की। सिराज ने चाय के बाद फोक्स को रविंद्र जडेजा के हाथों लपकवाकर इस साझेदारी का अंत किया। सिराज ने टॉम हार्टली को पवेलियन भेजा।



टेस्ट मैच के दौरान शतक लगाने पर जो रूट को बधाई देते ओली रॉबिन्सन।



रांची : जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्पलेक्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड के ओली पोप का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | 302/7 (90 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जाक क्रॉली बो आकाश दीप | 42 | 42 | 6/1 |
| बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप | 11 | 21 | 1/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप | 00 | 02 | 0/0 |
| जो रूट नाबाद | 106 | 226 | 9/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन | 38 | 35 | 4/1 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा | 03 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज | 47 | 126 | 4/1 |
| टॉम हार्टली बो सिराज | 13 | 26 | 1/1 |
| ओली रॉबिनसन नाबाद | 31 | 60 | 4/1 |

**अतिरिक्त:** 11, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, **गेंदबाजी:** सिराज 13-3-60-2, आकाश दीप 17-0-70-3, जडेजा 27-7-55-1, अश्विन 22-1-83-1, यादव 10-3-21-0, जायसवाल 1-0-6-0

## मुश्किलों के बाद आकाश को मिली मंजिल



**रांची।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में पदार्पण करने वाले आकाशदीप की मां लाडुमा देवी अपने बेटे को पदार्पण 'कैप' मिलते देखकर भावुक हो गई। उनकी आंखों में आंसू के साथ गर्व भी था। जब गुरुवार को आकाशदीप ने अपनी मां को फोन कर कहा कि मां, मैं कल भारत के लिए टेस्ट में मेरा पदार्पण होगा, तुम्हें आना होगा। तो वह बिहार के रोहतास जिले के बड्डी गांव से रांची के जेएससीए स्टेडियम पहुंचीं। उनके साथ आकाशदीप की दो भतीजी और उनका चचेरा भाई बैभव कुमार भी था।

आकाशदीप ने पहले घंटे में इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाकर मैच को प्रभावित किया, इससे लंच तक मेहमान टीम का स्कोर 5 विकेट पर 112 रन था। उनकी मां ने कहा कि उसके पिता हमेशा उसे सरकारी अधिकारी बनाना चाहते थे लेकिन क्रिकेट उसका जुनून था और मैं उसका हमेशा साथ दिया। मैं उसे छुपकर क्रिकेट खेलने भेज देती थी। उस समय अगर कोई सुनता कि तुम्हारा बेटा क्रिकेट खेल रहा है तो वे कहते, 'ये तो आवारा मवाली बनेगा', लेकिन हमें उस पर भरोसा था और छह महीने में मेरे मालिक (पति) और बेटे के निधन के बावजूद हमने हार नहीं मानी। आकाशदीप के पिता रामजी सिंह सरकारी हाई स्कूल में 'फिजिकल एजुकेशन' शिक्षक थे और वह कभी भी अपने बेटे को क्रिकेटर नहीं बनाना चाहते थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें लकवा मार गया और पांच साल तक बिस्तर पर रहे।

उन्होंने फरवरी 2015 में अंतिम सांस ली। इसी साल अक्टूबर में आकाशदीप के बड़े भाई धीरज का निधन हो गया। इसके बाद अब बड़े भाई की पत्नी और उनकी दो बेटियों की जिम्मेदारी भी उनके ही ऊपर थी। लाडुमा देवी ने कहा कि अगर उसके पिता और भाई जीवित होते तो वे आज खुशी से फूले नहीं समाते। यह जिंदगी का सबसे यादगार दिन है। मुझे बेटे पर फक्र है।

# बॉलीवुड हलचल

## राकेश का गाना जीजा जी 2.0 रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का गाना लहंगा में मारा देब ताला जीजा जी 2.0 रिलीज हो गया है। इस गाने को राकेश मिश्रा के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि यह गाना 2024 में आने वाले रंगों के उत्सव को अभी से सेलिब्रेट करने को हमने बनाया है। हमारे यहां फाल्गुन मास में होली की तैयारी पहले दिन से गीत संगीत में शुरू हो जाती है। इसलिए हमने अभी से ही यह गाना रिलीज कर दिया है और आगे आने वाले दिनों में और भी कई गाने लेकर आएंगे। यह गाना होली गीत है जो की अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में होली से पहले सुनाई देती है और लोग बड़े चाव से इसे गाते और सुनते भी हैं। हमने इस गाने में होली गीत की शैली को जीवंत करने की कोशिश की है उम्मीद करता हूं कि सबों को पसंद आएगी और आप इस होली गीत को खूब अपना प्यार और आशीर्वाद देंगे।

### सिद्धार्थ की फिल्म 'योद्धा' के पहले गाने का टीजर रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम टीजर रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने का टीजर जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'क्या हम कह सकते हैं... योद्धा के पहले गाने जिंदगी तेरे नाम के साथ प्यार 'हवा' में है, जो 24 फरवरी को आ रहा है। गाने के टीजर में सिद्धार्थ के साथ राशि खन्ना दिखाई दे रही हैं। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है।यह एक एक्शन फिल्म है जिसके करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। वहीं इसे सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने निर्देशित किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

## जंगली पोकर के 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन में अनिल



**मुंबई।** स्किल गेम कंपनी, जंगली गेम्स इंडिया प्रा. लिमिटेड ने जंगली पोकर के नए कैम्पेन 'अपने टाइप के लोग' में बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर को शामिल किया है। जंगली पोकर खिलाड़ियों के बीच हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में, 18-30 आयु वर्ग के 26% प्रतिभागियों ने युवा बॉलीवुड सितारों की तुलना में अनिल कपूर को पसंद किया। अनिल कपूर की मुख्य भूमिका वाले 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन का उद्देश्य पोकर को सभी उम्र, जेंडर या पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सुलभ खेल के रूप में स्थापित करना है, साथ ही इससे जुड़ी पुरानी मान्यताओं को भी खत्म करना है। कैम्पेन के बारे में बात करते हुए, जंगली गेम्स के चीफ मार्केटिंग ऑफीसर, भरत भाटिया ने कहा, हम अनिल कपूर के साथ साझेदारी करके और 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन शुरू करके रोमांचित हैं। हमें विश्वास है कि उनकी भागीदारी हमें विश्वसनीयता, जीवंत, करिश्माई ऊर्जा और हमारा संदेश पहुंचाने के लिए उनका ट्रेडमार्क 'झकास' एटिट्यूड प्रदान करेगी। हमारी सोच यह है कि दर्शकों को यह दिखाया जाए कि कैसे जंगली पोकर एक सभी के खेलने के योग्य गेम है, जो एक स्वस्थ वातावरण में जीवन के सभी क्षेत्रों और कौशल वाले लोगों के लिए बनाया गया है। हम गेमिंग उद्योग में बड़ा बदलाव लाने उद्देश्य से विश्वास और जिम्मेदार गेमिंग के अपने मूल्यों को आगे भी विस्तार देना जारी रखेंगे। इस साझेदारी से उत्साहित, अनिल कपूर ने कहा, जंगली पोकर के साथ उनके नए कैम्पेन के लिए साझेदारी करना वास्तव में एक शानदार अनुभव है। मैं इस सफर का हिस्सा बनने और यह दिखाने के लिए उत्सुक हूं कि कैसे यह हर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए एक सर्वव्यापी गेमिंग एडवेंचर है। इसकी टैगलाइन 'अपने टाइप के लोग' मेरे व्यक्तित्व के साथ भी मेल खाती है और यह साझेदारी जबर्दस्त साबित होगी। यह देखना बहुत जरूरी है कि कैसे जंगली पोकर कैसे पोकर की धारणा को नए सिरे से परिभाषित करता है और जिम्मेदार गेमिंग की भावना को बढ़ावा देता है।

## करिश्मा कक्कर और चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज




**मुंबई।** गायिका करिश्मा कक्कर और अभिनेत्री चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में चांदनी कुशवाहा अपने प्रेमी के हरकतों की उलाहना देते हुए उसको समझाते हुए कह रही हैं कि...होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा... सुधर जा सुधर जा, आदमी बन जा... होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा... अइसन काला लागता सीख आइला ह अपना भाभी से, साड़ी सरकइला बुलेटवा के चाभी से, रंग देला अंग पूरा कलर गुलाबी से... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत दीपक दिलकश ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है।

### नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन रिलीज



**मुंबई।** गायक-अभिनेता नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली में मले साबुन रिलीज हो गया है। होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को नीलकमल सिंह ने गाया है और इसके म्यूजिक वीडियो में उनके साथ नीलम गिरी नजर आईं हैं। यह गाना सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। नीलकमल सिंह ने कहा कि होली को हमारे गानों के साथ रंग बिरंगी बना लीजिये। अभी एक से बढ़ कर एक गाना हम लेकर आने वाले हैं।सारेगामा हम भोजपुरी, भोजपुरी म्यूजिक के लिए एक उत्कृष्ट प्लेटफॉर्म है, यहां हमने साथ मिलकर अब तक एक से बढ़ कर एक गाने को रिलीज किया है, जिसे लोगों ने पसंद किया है।आगे भी इसी तरह हम मनोरंजन भरपूर डोज लेकर आते रहे हैं। फ़िलहाल होली के अवसर पर होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को खूब प्यार और आशीर्वाद मिले, यही कामना है। गौरतलब है कि गाना देवरा होली मे मले साबुन के गीतकार आशुतोष तिवारी हैं। संगीतकार शुभम राज (एसबीआर) हैं। प्रोडक्शन आकाश विश्वकर्मा का है। गाने के निर्देशक और कोरियोग्राफर लक्की विश्वकर्मा हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### चीनः बांध के निर्माण को लेकर बौद्ध भिक्षुओं का विरोध प्रदर्शन

**बीजिंग।** चीन अक्सर अपने आक्रामक रुख के लिए सुर्खियों में रहता है। आए दिन चीन अपने पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद को लेकर बवाल खड़ा करता रहा है। अब चीन के सुरक्षा अधिकारी अपने ही देश के भीतर उठ रही विरोध की आवाज को कुचलने का काम कर रहे हैं। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में एक विशाल बांध के निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन को दबाने के लिए चीन के सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक बौद्ध भिक्षुओं और स्थानीय लोगों को गिरफ्तार किया है। तमाम प्रदर्शनकारियों का मानना है कि अगर यहां बांध का निर्माण होता है, तो जल क्षेत्र में छह बौद्ध मठ डूब जाएंगे और दो गांवों को विस्थापित होना पड़ेगा।

### तरनतारन में बीएसएफ ने बरामद की आधा किलो हेरोइन

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के तरनतारन जिले से लगभग 519 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को एक विशेष जानकारी के बाद तरनतारन जिले के गांव डल में बीएसएफ जवानों और पंजाब पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। प्रवक्ता ने कहा कि अभियान के दौरान, सैनिकों ने संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट सफलतापूर्वक बरामद किया। पैकेट को पीले चिपकने वाले टेप से लपेटा गया था और लोहे के तार से बांधा गया था। यह बरामदगी तरनतारन जिले के गांव डल के नजदीक डीसीबी रोड पर लोहे के पुल के पास हुई।

### पाकिस्तान में सेना की आलोचना करने वाला पत्रकार गिरफ्तार


**लाहौर।** पाकिस्तान में सेना की आलोचना करने वाले पत्रकार पर कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। टीवी एंकर और यूट्यूबर इमरान रियाज खान को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रियाज खान का कहना है कि उन्हें झूठे केस में गिरफ्तार किया गया है। वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक हैं। पंजाब की भ्रष्टाचार निरोधक संस्था की ओर से कहा गया है कि इमरान रियाज खान और उनके पिता पर चकवाल में धाराबी झील से संबंधित एक अनुबंध को अधिक कीमत पर हासिल करने का आरोप है।

### अमेरिकी उप विदेश मंत्री भारतीय अधिकारियों से मिले, मुद्दों पर चर्चा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने नई दिल्ली में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इसका उद्देश्य दोनों देशों की वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के साथ ही सुरक्षित हिंद प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करना था। अमेरिकी विदेश विभाग में रिचर्ड वर्मा सर्वोच्च पद पर आसीन भारतीय अमेरिकी हैं। वह भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत भी रह चुके हैं। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को कहा कि रिचर्ड वर्मा ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर, विदेश सचिव विनय मोहन क्वत्रा आदि से मुलाकात की। बैठक के दौरान स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका-भारत सहयोग मजबूत पर चर्चा हुई।

# आदित्य-एल1: पेलोड ने दी सूर्य से आने वाले सौर वायु प्रभाव की जानकारी

**बेंगलुरु, एजेंसी**



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 पर लगे पेलोड के उन्नत सेंसरों ने कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के प्रभाव का सफलतापूर्वक पता लगा लिया है। इसरो के एक बयान में कहा गया है, 15 दिसंबर, 2023 को सीएमई, एक एकल घटना थी। इस अवधि के दौरान पीएपीए अवलोकनों ने कुल इलेक्ट्रॉन और आयन गणना में अचानक वृद्धि देखी गई।"

इसरो के अनुसार, पेलोड के उन्नत सेंसर एक ऊर्जा और द्रव्यमान विश्लेषक है जिसे कम ऊर्जा सीमा में सौर पवन इलेक्ट्रॉनों और आयनों के इन-सीटू माप के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें दो सेंसर हैं: सौर पवन इलेक्ट्रॉन ऊर्जा जांच और सौर पवन आयन संरचना विश्लेषक शामिल है। एकत्र किए गए डेटा से कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) से 15 दिसंबर, 2023 और 10-11 फरवरी, 2024 के दौरान हुई घटनाओं की घटना का पता चला है। बता दें, पेलोड के उन्नत सेंसरों को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/इसरो की अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला और एवियोनिक्स इकाई द्वारा विकसित किया गया है। इसरो के बयान में कहा गया है कि पीएपीए द्वारा की गई जानकारियां अंतरिक्ष मौसम की स्थिति की निगरानी में इसकी प्रभावशीलता और सौर घटनाओं का पता लगाने और विश्लेषण करने की क्षमता पर जोर देते हैं। गौरतलब है कि, पीएसएलवी-सी57 रॉकेट द्वारा आदित्य-एल1 को 2 सितंबर को इसरो द्वारा सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। अंतरिक्ष यान सूर्य का अध्ययन करने के लिए सात पेलोड ले गया है।

# गाजा में 90 फीसदी लोग भुखमरी के शिकार

*राफा/तेल अवीव। मिस्र की सीमा से सटे राफा शहर में 14 लाख से ज्यादा लोग रह रहे हैं। यहां रहने वाले अधिकांश लोग वो हैं, जो उत्तर गाजा में इजराइली सेना के हवाई हमलों और सैन्य कार्रवाई से बचने के लिए बेघर होने के बाद यहां पहुंचे हैं। दुनियाभर से मिलने वाली राहत में कटौती के बाद यहां रहने वाले 90 फीसदी लोग भूखमरी का सामना कर रहे हैं। हर रोज हजारों परिवारों के बच्चों और महिलाओं को पेट भर खाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इजराइली हमलों के बाद यहां गिनी-चुनी बेकरी बच्ची है, जहां खाने के लिए हंगामा सामान्य है। गाजा में चल रही जंग के चलते 23 लाख की आबादी वाले गाजा के 80 फीसदी लोग बेघर हो गए हैं।*

### रमजान से पहले सभी बंधक रिहा करे हमासः इजराइल



इजराइल की युद्ध कैबिनेट में शामिल बेनी गेंज ने चेतावनी दी है कि अगर रमजान से (संभवत: 10 मार्च) से पहले हमास ने सभी बंधकों को रिहा नहीं किया तो राफा में इजराइली सेना कार्रवाई शुरू कर देगी। बेनी गेंज को पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का करीबी माना जाता है। वहीं, अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल प्रशासन ने फैसला किया है कि रमजान के दौरान फिलिस्तीनी लोगों को अल अक्सा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसे लेकर तनाव बढ़ गया है।



### अब तक कितने लोगों की हुई मौत

गाजा में मरने वाले लोगों की संख्या 29 हजार के पार हो गई है। हमास के कब्जे वाले स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि पिछले 24 घंटे में 107 लोगों की मौत हुई है। इसी के साथ 7 अक्टूबर से अब तक मरने वालों का आंकड़ा 29,092 हो गया है। वहीं, 69 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं। मृतकों और घायलों में आधे से ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। वहीं, इजराइल में हमास के हमले में 1200 लोगों की मौत हुई है, जबकि 250 लोगों को बंधक बना लिया गया है। इनमें से 130 से ज्यादा लोग अभी भी हमास के कब्जे में हैं।

# जबरन रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती विदेश मंत्रालय बोला-जंग से दूर रहें युवा

## रणधीर ने कहा- युवाओं को वापस लाने के लिए रूस के संपर्क में भारत सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रूस-यूक्रेन के बीच जारी जंग में जबरन रूसी सेना में भारतीय युवाओं को भर्ती किए जाने पर विदेश मंत्रालय का जवाब आया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीयों से अपील की है जंग से दूर रहें, और सावधान रहें।



रूस में फंसे भारतीयों के मामले में विदेश मंत्रालय ने मदद का भरोसा दिलाया है। सरकार ने कहा है कि रूसी सेना के साथ सपोर्ट स्टाफ के रूप में काम कर रहे लोगों को सुरक्षित भारत लाने का प्रयास किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार रूसी सेना में सहायक कर्मचारियों के रूप में कार्यरत भारतीयों को जल्द मुक्त कराने के लिए मॉस्को से लगातार संपर्क में बनी हुई है। भारत ने अपने नागरिकों से कहा है कि रूस के साथ जारी युद्ध के कारण हिंसाग्रस्त इलाकों में जाने से बचें।

विदेश मंत्रालय का बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई कि कुछ भारतीय युद्धग्रस्त इलाकों में रूसी सेना के सहायक के रूप में काम कर रहे हैं।

जायसवाल ने कहा, सरकार इस बात से अवगत है कि कुछ भारतीय रूसी सेना में सहायक पदों पर नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मॉस्को में भारतीय दूतावास नियमित रूप से इस मामले पर संबंधित रूसी अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीयों की शीघ्र वापसी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### रूसी सेना की तरफ से लड़ रहे 100 से ज्यादा भारतीय



रूस की सेना की तरफ से 100 से ज्यादा भारतीय युद्ध लड़ रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया है कि पिछले एक साल के दौरान सौ से ज्यादा लोगों को मॉस्को स्थित भर्ती केंद्र से भर्ती किया गया था। रिपोर्ट में सामने आया है कि रूसी सेना के साथ लड़ने वाले अधिकांश भारतीय युद्ध शुरू होने के बाद टूरिस्ट वीजा पर रूस गए थे। साथ ही, वास्तव में रूस की सेना में शामिल होने वाले भारतीयों की संख्या और अधिक हो सकती है क्योंकि यह आंकड़ा सिर्फ मॉस्को का है। देश के कई हिस्सों में भी रूसी सेना के रिक्रूटमेंट सेंटर हैं। उन्होंने कहा है कि इन लोगों को रूसी सेना में भर्ती किए जाने से पहले कोई पैसा नहीं लिया गया था। रूसी सेना का कॉन्ट्रेक्ट एक साल का है और किसी भी व्यक्ति को 6 माह से पहले न तो छुट्टी मिलती है और न ही वह सेना छोड़ सकता है। सेना में शामिल होने वाले भारतीय युवाओं को 1.95 लाख रुपये मासिक वेतन और 50 हजार से अतिरिक्त बेनिफीट का प्रावधान है। हेल्पर के रूप में भर्ती होने के बाद कहां तैनात किया जाएगा, यह फैसला कमांड लेती है। उन्हें युद्ध के मोर्चे या फिर पोर्टर का काम करने के लिए कहा जा सकता है।

## शादी को अवैध करार देने के फैसले को इमरान बुशरा ने दी चुनौती

**इस्लामाबाद।** कई मामलों में जेल की सजा काट रहे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने शुक्रवार को पाकिस्तान के अलग-अलग निचली अदालत में गैर इस्लामिक शादी मामले में फैसले को चुनौती दी है।



दरअसल, इस मामले में दोनों को सात साल की जेल की सजा हुई थी और कोर्ट ने उनकी निकाह को भी अवैध घोषित किया था। इस महीने की शुरुआत में, पिछले साल नवंबर में बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर मेनका द्वारा दायर एक मामले में इस महीने की शुरुआत में सुनवाई हुई। इस दौरान एक ट्रायल कोर्ट ने इमरान और पत्नी बुशरा बीबी को 'इद्दत' के दौरान शादी का अनुबंध करने के लिए सात साल की जेल की सजा सुनाई गई और प्रत्येक पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। मीडिया के मुताबिक, जिला एवं सत्र अदालत शुक्रवार को अपील पर सुनवाई करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बुशरा बीबी ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को रद करने की मांग करते हुए अपने वकीलों के माध्यम से अदालत में अपील दायर की।

# सरोगेसी कानून शीर्ष कोर्ट के सवाल के बाद हुआ संशोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- अब पीड़ित दंपती को अंडाणु या शुक्राणु का उपयोग को होगी अनुमति

सुप्रीम कोर्ट के सवाल उठाने के बाद सरोगेसी नियमों में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है, जिसके बाद यदि पति-पत्नी में से कोई चिकित्सीय समस्या से पीड़ित है तो उन्हें दाता के अंडाणु या शुक्राणु का उपयोग करने की अनुमति होगी। बता दें, केंद्र सरकार ने हाल ही में किराए की कोख यानी सरोगेसी से जुड़े कुछ नियमों में बड़ा बदलाव किया है।

इन नियमों के बदलाव से देश के लाखों ऐसे दंपती को भी राहत मिलेगी, जो अपने घर में किलकारी सुनना चाहते हैं। सरोगेसी कानून के तहत, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अब तक बने कानून के अनुसार स्पर्म और एग सेल्स पति-पत्नी का ही होना चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार ने इन नियम में अब संशोधन कर दिया है। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत की एक पीठ ने पिछले साल दिसंबर में दो दर्जन से अधिक याचिकाकर्ताओं को सरोगेसी के जरिए मां बनने के लिए दाता अंडे (एग) का इस्तेमाल करने की अनुमति देते हुए कहा था कि इस तरह के नियमों से सरोगेसी का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले के नियमों में संशोधन किया है, जिसमें कहा गया था कि सरोगेसी से गुजरने वाले जोड़ों के पास इच्छुक जोड़े से दोनों युग्मक होने चाहिए। जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा था कि कई महिलाओं द्वारा शिकायतों के बावजूद निर्णय क्यों नहीं लिया जा रहा है।

### यौन इच्छा नियंत्रण की सलाह वाली टिप्पणी पर शीर्ष कोर्ट करेगा सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह दो मई को कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले से जुड़े मामले में सुनवाई करेगा जिसमें न्यायाधीशों ने लड़कियों को यौन इच्छाओं पर नियंत्रण' करने की सलाह दी थी। शीर्ष अदालत इस संबंध में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर अपील पर भी उसी दिन सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कथित यौन उत्पीड़न के एक मामले में उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों पर संज्ञान लिया था।

### सड़कों पर उतरे हजारों लोग...






**ब्रातिस्लावा :** यूरोपीय देश स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा में हजारों लोग अभिव्यक्ति की आजादी के लिए सड़कों पर उतरे और प्रदर्शन किया। करीब 55 लाख की आबादी वाले स्लोवाकिया में हर साल 21 मार्च को 'फॉर डिसेंट स्लोवाकिया' रैली का आयोजन होता है। सरकार विरोधी प्रदर्शनों की लहर के बीच एक खोजी पत्रकार और उसकी मंगेतर की हत्या की छठी बरसी मनाने के लिए स्लोवाकिया के दर्जनों शहरों और कस्बों में हजारों लोगों ने रैली निकाली। बता दें, 21 फरवरी 2018 को वेल्का मैका शहर में 27 वर्षीय जान कुसियाक और मार्टिना कुशनिरोवा की उनके घर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ● एजेंसी

## भारत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता हैः मुरलीधरन

**रियो दि जेनेरियो (ब्राजील), एजेंसी**



- जी-20 बैठक में विदेश राज्य मंत्री बोले- इजराइल हमास युद्ध का द्वि-राष्ट्र समाधान निकालें

दुनियाभर में संघर्ष के बीच भारत ने ब्राजील में जी-20 मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान भू-राजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक ढंग से संबोधित कर, साझा जमीन तैयार करने की जरूरत पर बल दिया। विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने रूस-यूक्रेन युद्ध को कूटनीति से हल करने और इजराइल-हमास संघर्ष पर द्वि-राष्ट्र समाधान पर भरोसा जताया। भारत का जोर पश्चिम एशिया में युद्ध रोकने के प्रयासों पर रहा।

अंतर्राष्ट्रीय तनाव से निपटने में जी-20 की भूमिका' शीर्षक वाले सत्र में बोलते हुए, मुरलीधरन ने संघर्ष के कई बिंदुओं को छुआ और उन पर भारत के रुख की पैरवी की। उन्होंने कहा, भारत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता है और हमें पश्चिम एशिया में युद्ध को और अधिक फैलने से रोकने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए। लाल सागर में समुद्री जहाजों पर हमलों का जिक्र करते हुए, उन्होंने समुद्रों में सुरक्षा की जरूरत पर जोर दिया और समुद्री मार्गों की सुरक्षा जरूरी बताई। उन्होंने भू-राजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक रूप से संबोधित करने और आम जमीन खोजने की जरूरत पर भी ध्यानाकर्षित किया।

## पश्चिमी देशों की नीतियां रूस चीन को पास ला रहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- रायसीना डायलॉग में विदेश मंत्री ने पश्चिमी देशों को फिर सुनाई खरी-खरी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और उनके दुष्परिणामों का जिक्र किया। इस साथ ही उन्होंने कहा कि रूस शासन कला की एक विशाल परंपरा वाली ताकत है और वह एशिया या दुनिया के गैर-पश्चिम हिस्सों की ओर अधिक रुख कर रहा है। जयशंकर ने रायसीना डायलॉग में मॉस्को और बीजिंग की बढ़ती नजदीकियों के सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

विदेश मंत्री ने कहा कि रूस अन्य देशों, खासतौर पर एशिया के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों की नीतियां रूस और चीन को करीब ला रही हैं। एक तरफ आपके पास ऐसे लोग हैं जो नीतियां बनाते हैं। दोनों को एकसाथ लाते हैं और फिर कहते हैं उनके एक साथ आने से सावधान रहें। दोनों देशों की नजदीकियों को लेकर यह सवाल ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक माइकल फुलिलोव ने पूछा था। इससे पहले जयशंकर ने कहा था कि रूस के साथ भारत के स्थायी और बहुत दोस्ताना संबंध हैं। मॉस्को ने कभी भी नई दिल्ली के हितो को नुकसान नहीं पहुंचाया है। रूस के हमले के बावजूद भारत के संबंध मजबूत है।

## पाकिस्तानः चुनाव में धांधली के आरोप से पलटे पूर्व नौकरशाह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आम चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले पूर्व वरिष्ठ नौकरशाह लियाकत अली चट्ठा अपने बयान से पलट गए। पूर्व नौकरशाह ने आरोप लगाया था कि रावलपिंडी से 13 प्रत्याशियों को जबरन विजेता घोषित किया गया। उन्होंने कहा है कि वह अपने दावों पर अत्यंत शर्मिंदा हैं।

मीडिया के अनुसार रावलपिंडी के पूर्व कमिशनर लियाकत ने कहा, 'मैं अपने काम की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई के लिए स्वयं को अधिकारियों के सामने समर्पित करता हूं। घटनाक्रम पर पीएमएलएन ने इमरान की पार्टी पर चुनाव को विवादास्पद बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

# सरकार के कहने पर एक्स से कुछ अकाउंट ब्लॉक किए गए

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सोशल मीडिया कंपनी एक्स ने भारत सरकार पर लगाया आरोप यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है

अरबपति एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' ने पहली बार दावा किया है कि भारत सरकार के आदेश पर कुछ अकाउंट ब्लॉक किए गए हैं। साथ ही पोस्ट भी हटाई गई हैं। एक्स ने अपने ग्लोबल गवर्नेंस अफेयर्स अकाउंट पर लिखा, 'हम इस कार्रवाई से सहमत नहीं हैं।

यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। भारत सरकार के आदेश के अनुसार यदि कंपनी एक्स कुछ अकाउंट्स और पोस्ट ब्लॉक नहीं करती तो उस पर जुर्माने और जेल की सजा हो सकती है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि ब्लॉक किए अकांउट और पोस्ट भारत में नहीं देखे जा सकेंगे। अन्य देशों में इन्हें देखा जा सकेगा। एक्स ने दावा किया कि कानूनी बाध्यता के कारण वह सरकारी आदेश सार्वजनिक नहीं कर सकती।

हालांकि, उसका मानना है कि पारदर्शिता के लिए इसे सार्वजनिक करना चाहिए। गौरतलब है कि कर्नाटक हाई कोर्ट में एक्स की सरकार के खिलाफ अर्जी लंबित है। इस पर 20 मार्च को सुनवाई होगी। मीडिया के अनुसार, किसान आंदोलन के चलते सरकार ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 177 अकाउंट्स ब्लॉक करने के आदेश दिए हैं।

**विज्ञान** अंतरिक्ष के विशाल तारों में सोने चांदी की तलाश, वैज्ञानिकों ने नए शोध में लगाया पता

# न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार:** पृथ्वी पर बहुमूल्य धातु सोना व चांदी कहां से आया होगा। यह ऐसा प्रश्न है जिसका हल ढूंढने के लिए वैज्ञानिक अध्ययनरत हैं। अब नए शोध से पता लगा है कि दो न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से सोना चांदी जैसे बहूमूल्य धातुओं की उत्पत्ति संभव है।

पृथ्वी पर घटते प्राकृतिक संसाधन दिन पर दिन घटते जा रहे हैं, जबकि आबादी का लगातार विस्तार हो रहा है। इस परिस्थिति में स्वाभाविक है कि वस्तुओं की मांग बढ़नी है। मगर प्राकृतिक संसाधनो की आपूर्ति कैसे हो। जिसके चलते वैज्ञानिको की नजरें ब्रह्मांड में जा टिकी है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी हमारे नजदीकी ग्रहों व पिंडो पर लगातार अध्ययन कर रहे हैं और अंतरिक्ष यान भेजकर धातुओं को धरती पर लाने के प्रयास कर रहे हैं। हमारी धरती पर बहुमूल्य धातु सोना व चांदी के भंडार लगातार कम होते जा रहे हैं। इनकी आपूर्ति को लेकर अध्ययन जारी हैं। अब एक नया शोध किया गया है। नेचुरल साइंस विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रो ब्रैडली शेरिल की टीम ने पांच आधार पर यह शोध किया है। जिसमे उनका कहना है कि दो न्यूट्रॉन तारे की टक्कर ब्रह्मांड के सबसे भारी तत्वों का संश्लेषण करती है यानी निर्माण होता है। शोधकर्ताओं ने पांच नए आइसोटोप संश्लेषित किए हैं जो मृत तारों के तत्वों को पृथ्वी पर लाने में मदद कर सकते हैं। इस शोध से वैज्ञानिकों यह समझने के लिए एक कदम आगे बढ़ सकते हैं कि कैसे अति-घने, मृत तारों के बीच टकराव से सोने और चांदी जैसे भारी तत्व बन सकते हैं। बहरहाल यह शोध ब्रह्मांड से बहूमूल्य धातुओं की तलाश में पहला कदम है। इस दिशा में प्रयास जारी रखे जाएंगे तो निश्चित ही भविष्य में सफलता अवश्य मिलेगी।




न्यूट्रॉन स्टार की टक्कर का चित्र।

### तारों की टक्कर से ही तत्वों की उत्पत्ति संभव

अब तक के शोध बताते हैं कि भारी तत्वों की उपत्ति तारों से ही होती है। पृथ्वी मे सोना व चांदी भी इन्ही से आया होगा। मगर एक सामान्य तारे से यह उपलब्ध नही हो सकते। इनकी उत्पत्ति तभी संभव है, जब दो विशाल तारों की अंतिम अवस्था में टक्कर हो। तभी उच्च स्तर पर बने ताप से इन तत्वों की उपत्ति संभव है। एक सामान्य तारे से सिर्फ लोहे जैसे धातु ही बन सकती है। नए शोध से इसकी पुष्टि हुई है।

# अमेरिका के निजी स्पेसक्राफ्ट की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका की निजी कंपनी इंट्यूटिव मशीन्स का रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग हो गई है। लगभग 50 साल बाद रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस चांद की सतह पर उतरा है। 1972 में आखिरी अपोलो मिशन के बाद अमेरिका में बना कोई अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह पर उतरा है।

चांद पर उतरने वाले इस अंतरिक्ष यान का नाम ओडीसियस या ऑडी है। यह छह पैरों वाला एक रोबोट लैंडर है जो भारतीय समय के मुताबिक शुक्रवार सुबह 4:30 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास मालापर्ट ए नाम के क्रेटर में उतरा। संयुक्त राज्य अमेरिका का ओडीसियस अंतरिक्ष यान गुरुवार (स्थानीय समय) को सफलतापूर्वक चंद्रमा पर उतरा, जो 50 से अधिक वर्षों में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान बन गया। इसके साथ, इंटुएटिव मशीन्स (आईएम) नोवा के पीछे का वाणिज्यिक उद्यम -सी लैंडर - चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग करने वाला पहला निजी उद्यम बन गया है। चांद का दक्षिणी ध्रुव वही हिस्सा है, जिसके करीब भारत के चंद्रयान 3 का विक्रम लैंडर उतरा था। लैंडिंग से पहले ओडिसियस के नेविगेशन सिस्टम में कुछ खराबी आई थी। इसके बावजूद लैंडिंग कराई गई। यह स्पेसक्राफ्ट मून के साउथ पोल पर उतरा है।